सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500.47 |
| निफ्टी | 25,149.85 |
| सोना | 97,511 |
| चांदी | 1,10,290 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं: लारा

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 12 जुलाई 2025 | 28 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 194, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### चंबा जिले में लगे भूकंप के झटके



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में शुक्रवार को सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, जमीन के भीतर इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। यह झटके सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि चंबा में 3 बार धरती कांपी है। इससे किसी भी प्रकार के जान व माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिन लोगों ने झटके महसूस किए, वह घरों से बाहर निकल आए। हालांकि झटकों की तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए।

### शुभांशु शुक्ला अब 14 को लौटेंगे धरती पर

**एजेंसी, टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट

शुभांशु शुक्ला अब 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। पहले 10 जुलाई को लौटने का समय निर्धारित था। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसकी जानकारी दी है। एक्सियम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे हैं। एक्सियम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था, लेकिन अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। (अनंत ज्ञान)

### बलूचिस्तान में बस पर हमला, 9 लोगों की मौत

**एजेंसी, क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में वीरवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को गोलियों से भून दिया। यह घटना नॉर्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई। झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी। सभी यात्री पंजाब के अलग-अलग शहरों के रहने वाले थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- मुख्यमंत्री के प्रयासों से हिमाचल ने शिक्षा में लगाई ऊंची छलांग -पेज 2
- उच्च न्यायालय ने 95 करोड़ का मध्यस्थता पुरस्कार किया रद्द -पेज 3
- नम्होल क्षेत्र में बस खाई में गिरी, 35 श्रद्धालु घायल -पेज 6
- जंगलों से कसमल की जड़ें निकालने से आई आपदा! -पेज 9
- सैलानियों के बिना वीरान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली -पेज 11


# हिमाचल में जमीन की रजिस्ट्री अब ऑनलाइन

## नई ऑनलाइन प्रणाली 'माई डीड' शुरू, दफ्तरों के बार-बार चक्कर काटने से मिलेगी मुक्ति

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने आम जनता की सहूलियत के लिए संपत्ति पंजीकरण की एक नई और पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली 'माई डीड' राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) शुरू कर दी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति दिलाना है, ताकि उन्हें जमीन की रजिस्ट्री के लिए केवल एक बार ही दफ्तर आना पड़े। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस महत्वपूर्ण 'माई डीड' पायलट परियोजना के साथ-साथ जमाबंदी, ई-रोजनामचा वकीती और कारगुजारी जैसी नई सुविधाओं के नए प्रारूपों को भी लॉन्च किया है।

इस मौके पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और राजस्व विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि लोगों को बेहतर सेवाएं देने, उनकी मदद करने और राजस्व सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने के लिए हमें तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए। इस बड़ी पहल में सहयोग के लिए उत्तर प्रदेश के तीन अनुभवी शिक्षक भी हिमाचल प्रदेश के राजस्व विभाग से जुड़े हैं। इनमें लखनऊ के डिजिटल साक्षरता विशेषज्ञ अतुल कुमार, कानपुर से भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण में काम कर चुकीं आरती देवी, और वाराणसी से ई-गवर्नेंस परियोजनाओं से जुड़े रहे रमेश चंद्र शामिल हैं। ये शिक्षक 'माई डीड' परियोजना को लागू करने, विशेषकर जमाबंदी के नए और सरल हिंदी प्रारूप को तैयार करने और पटवारियों व तहसीलदारों को ई-रोजनामचा वकीती और कारगुजारी जैसी नई प्रणालियों को इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण देने में मदद करेंगे।

शिमला में राजस्व विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**जमीन से जुड़े कामों के लिए केवल एक बार ही जाना होगा दफ्तर**

### अभी इन तहसीलों में शुरुआत

**यह** योजना फिलहाल राज्य की दस तहसीलों बिलासपुर सदर, डलहौजी, जालोर, जयसिंहपुर, भुंतर, पधर, कुमारसैन, राजगढ़, कंडाघाट और बंगाणा में शुरू की गई है। इसके जरिए नागरिक अब किसी भी समय और कहीं से भी अपनी जमीन के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका काफी समय और मेहनत बचेगी।

### खांगी तकसीम को मिशन मोड में अपनाने पर जोर

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने खांगी तकसीम (संयुक्त स्वामित्व वाली जमीनों का बंटवारा) को भी मिशन मोड में अपनाने पर जोर दिया, ताकि 'एकल खाता, एक मालिक' की अवधारणा की ओर बढ़ा जा सके और भूमि अभिलेखों को और सरल बनाया जा सके। बता दें कि भूमि अभिलेखों को और आसान बनाने के लिए जमाबंदी के नए प्रारूप से उर्दू, अरबी और फारसी जैसी पुरानी भाषाओं को हटा दिया गया है और अब जानकारी सरल हिंदी में दी जाएगी, जिससे इसे समझना आसान होगा। ई-रोजामचा वकीती से पटवारी अपनी दैनिक गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड रख सकेंगे, जबकि कारगुजारी से तहसीलदार अपने काम की प्रगति की निगरानी के लिए ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति को ट्रैक कर सकेंगे।

### 10 दिन में एक डिजिटल जमाबंदी मॉड्यूल बनाने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** ने आगे के डिजिटल एकीकरण के लिए सख्त समयसीमा तय की है। उन्होंने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग को 10 दिनों के भीतर एक डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित जमाबंदी मॉड्यूल बनाने का निर्देश दिया है, जिससे लोगों को भूमि अभिलेखों की प्रतियां लेने के लिए पटवारखानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एक ऑनलाइन, कागजरहित राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली, जो ऑनलाइन याचिका, सम्मन और डिजिटल अपडेट की अनुमति देगी, को भी 15 दिनों के भीतर पूरा करना जरूरी है।

### 15 दिन में ऑनलाइन म्यूटेशन मॉड्यूल भी होगा विकसित

**इसके** अलावा, म्यूटेशन पंजीकरण में तेजी लाने और इसे सीधे जमाबंदी अभिलेखों से जोड़ने के लिए 15 दिनों के भीतर एक ऑनलाइन म्यूटेशन मॉड्यूल भी विकसित किया जाना है। उपायुक्तों से कहा गया है कि वे इन पहलों को जमीनी स्तर पर तेजी से लागू करें, ताकि जनता को इसका पूरा लाभ मिल सके।

## आपदा प्रभावितों के पुनर्वास में नहीं होगी पैसों की कमी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के तीन दिवसीय दौरे के दौरान सराज तथा नाचन विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया तथा भारी वर्षा और बादल फटने के कारण हुई क्षति का मौके पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चैलचौक, बगस्याड़, थुनाग, जंजैहली और छतरी तक सड़क को सीआरआईएफ में लाया जाएगा ताकि यह एक कंपोजिट रोड बन सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास में पैसों की कोई कमी आड़े नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में कई स्थानों पर लोगों की अपनी भूमि रहने योग्य नहीं है। वह केंद्र सरकार से प्रभावित लोगों को वन भूमि देने के लिए अनुमति मांगेंगे, ताकि प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर बसाया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इन राहत एवं बचाव कार्यों के लिए अब तक सात करोड़ जारी किए हैं, ताकि बहाली कार्यों में और तेजी लाई जा सके। छोटे कारोबारी, दुकानदार आदि के तीन लाख तक के लोन के ब्याज का आधा हिस्सा सरकार देगी, ताकि आर्थिक मदद मिल पाए।

# 14 होटल निजी हाथों में सौंपने पर बाली नाराज

## एचपीटीडीसी अध्यक्ष ने जताई आपत्ति, सीएम से पुनर्विचार की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने निगम की 14 इकाइयों (होटलों) को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस आधार पर निजी हाथों में सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बाली ने स्पष्ट किया कि एचपीटीडीसी की ओर से इस संबंध में कोई भी औपचारिक प्रस्ताव सरकार को नहीं सौंपा गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

घाटे में चल रहे होटलों की स्थिति पर बात करते हुए आरएस बाली ने कहा कि यदि सरकार इन होटलों की मरम्मत के लिए आर्थिक मदद देती है, तो वे इन्हें फिर से फायदे में लाकर दिखाएंगे। उनका तर्क है कि निजीकरण की बजाय, सरकार को निगम को सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वह अपनी इकाइयों का बेहतर प्रबंधन कर सके। आरएस बाली का यह कदम सरकार पर इस फैसले पर पुनर्विचार करने का दबाव डालेगा, खासकर जब यह निगम के भीतर से ही उठाई गई आपत्ति है।

शिमला में पत्रकार वार्ता करते एचपीटीडीसी के अध्यक्ष आरएस बाली।

**होटलों की मरम्मत को मांगी मदद, फायदे में लाने का किया वादा**

### पहले भी हो चुका है विरोध

**यह** पहली बार नहीं है जब होटलों को निजी हाथों में सौंपने के फैसले पर सवाल उठे हों। इससे पहले भी धर्मशाला के हेरिटेज होटल कश्मीर हाउस को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी को लेकर विरोध देखने को मिला था। वहीं, सीतापुर और चंबा जैसे स्थानों पर पर्यटन विभाग के कार्यों में सुस्ती और रेस्ट रूम की मरम्मत न होने जैसे मामले भी सामने आए हैं, जो पर्यटन क्षेत्र में उचित प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हैं।

## म्यांमार में बौद्ध मठ पर हवाई हमले में 23 लोगों की मौत

**एजेंसी, सागाइंग।** म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र में एक बौद्ध मठ पर वीरवार देर रात हुए हवाई हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। यह हमला लिन ता लु गांव के मठ में हुआ, जहां 150 से ज्यादा लोग आसपास के गांवों से शरण लेने आए थे। हमले में 30 लोग घायल हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक जेट लड़ाकू विमान ने रात लगभग 1 बज गांव के मठ पर बम गिराए। हालांकि, यह हमला किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सेना ने घटना को लेकर अब तक कुछ नही कहा है। म्यांमार के स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ऑनलाइन मीडिया के मुताबिक मृतकों की संख्या 30 तक हो सकती है। म्यांमार में 2021 से गृहयुद्ध चल रहा है, जो सेना द्वारा तख्तापलट के बाद शुरू हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# रिजर्वेशन रोस्टर 15 जुलाई तक करें तय

## राज्य चुनाव आयोग ने सभी उपायुक्तों को दिया अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर तय करने को लेकर राज्य चुनाव आयोग और शहरी विकास विभाग के बीच खींचतान सामने आई है। राज्य चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एक पत्र जारी कर सभी उपायुक्तों को 15 जुलाई तक आरक्षण रोस्टर तय करने का कड़ा निर्देश दिया है, अन्यथा सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। पहले यह समय सीमा 11 जुलाई निर्धारित की गई थी, लेकिन शहरी विकास विभाग द्वारा इसे स्थगित करने के आदेश जारी कर दिए गए थे, जिस पर चुनाव आयोग ने कड़ी आपत्ति जताई और विभाग को आदेश वापस लेने पड़े। अब इस पत्र के बाद सभी उपायुक्तों को हर हाल में 15 जुलाई तक नगर निकाय चुनावों के लिए आरक्षण रोस्टर तय करना होगा। इस घटनाक्रम ने प्रदेश

में आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों में गहमागहमी बढ़ा दी है और अधिकारियों पर तय समय सीमा में काम पूरा करने का दबाव बढ़ गया है।

चुनाव आयोग के सचिव द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि चुनावों के संबंध में उपायुक्तों का पर्यवेक्षण और नियंत्रण (सुपरविजन एंड कंट्रोल) पूरी तरह से राज्य चुनाव आयोग के पास है। आयोग ने हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल एक्ट 1994 की धारा 281, हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल इलेक्शन रूल्स 2015 की धारा 9, 9(ई) और हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल इलेक्शन रूल्स 2012 की धारा 32 का हवाला देते हुए कहा है कि वह किसी सख्त एक्शन के लिए मजबूर न किया जाए। इलेक्शन कमीशन के अनुसार, यह अर्बन डवलपमेंट के सेक्रेटरी के क्षेत्राधिकार से बाहर है और उनके पास संवैधानिक प्राधिकरण के प्रोग्राम को स्थगित करने की कोई शक्तियां नहीं हैं।

### विवाद की वजह

**दरअसल,** शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों के मतदाताओं की वास्तविक संख्या का डाटा उपलब्ध न होने का हवाला देते हुए वीरवार को आरक्षण रोस्टर स्थगित करने के आदेश जारी किए थे, जिससे यह विवाद उत्पन्न हुआ। राज्य चुनाव आयोग की नाराजगी और सख्त चेतावनी के बाद शहरी विकास विभाग को अपने आदेश वापस लेने पड़े।

## हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर

# बादल फटने-भूस्खलन से अब तक 91 लोगों की मौत, करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में जारी मानसून के विकराल रूप ने भारी तबाही मचाई है। 20 जून से अब तक बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की घटनाओं के चलते 91 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 131 लोग घायल हुए हैं। 34 से अधिक व्यक्ति अभी भी लापता हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जानकारी के अनुसार राज्य भर में हुई इन आपदाओं ने व्यापक स्तर पर जनजीवन और बुनियादी ढांचे को प्रभावित किया है। शुक्रवार देर शाम तक के आंकड़ों के अनुसार, 223 सड़कें बाधित हैं, जिससे परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है। इसके अतिरिक्त, 151 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़े हैं, और 812 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिसके कारण कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, इस मानसून सीजन में अब तक 1584 मकान और दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। 880 गोशालाएं पूरी तरह तबाह हो गई हैं, और 885 मवेशियों की मौत हुई है। राज्य को हुआ कुल आर्थिक नुकसान 74,997.19 लाख रुपए के पार चला गया है, जो एक बड़ी आर्थिक क्षति है।

**34 से अधिक लोग अभी भी लापता**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में अगले सात दिनों तक बारिश जारी रहने का अनुमान जताया है।

# विदेशी मीडिया एक फोटो दिखाए, जिसमें भारत का नुकसान नजर आए : डोभाल

## हमने पाकिस्तान में घुसकर नौ ठिकानों को उड़ाया, सबूत दिए

**एजेंसी, चेन्नई**

आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की हैं। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके सबूत भी दिए थे। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो... उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। (अनंत ज्ञान)

### सैटेलाइट तस्वीरों में दिखे पाकिस्तान के तबाह एयरबेस

**डोभाल** ने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## 28 से शुरू होगा भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन का सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय रेलवे की पर्यटन शाखा आईआरसीटीसी ने दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए एक विशेष टूर पैकेज की घोषणा की है। भारत गौरव स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन 28 जुलाई को पठानकोट कैंट स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेगी। यह 13 दिन और 12 रातों की यात्रा होगी, जिसमें श्रद्धालु तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन के दर्शन कर सकेंगे। इकोनॉमी क्लास स्लीपर 30,135 प्रति व्यक्ति स्टैंडर्ड क्लास, 3एसी 43,370 प्रति व्यक्ति कम्फर्ट क्लास, 2एसी 57,470 प्रति व्यक्ति शामिल है। इस टूर पैकेज में ट्रेन का टिकट, तीनों समय का भोजन, एसी, नॉन-एसी बसों से स्थानीय यात्रा, ठहरने की व्यवस्था, ऑनबोर्ड सुरक्षा, पैरामेडिकल सहायता और टूर एस्कॉर्ट स्टाफ की सुविधाएं शामिल हैं। यात्रियों को जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर जैसे प्रमुख स्टेशनों से ट्रेन में चढ़ने और उतरने की सुविधा मिलेगी।

**नामांकन** पेरिस में कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर होगा मंथन

# मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स विश्व धरोहर के लिए नामित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रस्ताव का मूल्यांकन 6 से 16 जुलाई के बीच पेरिस में चल रहे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 47वें सत्र में किया जा रहा है। इस सत्र में दुनिया भर से कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर चर्चा की जा रही है। इनमें 24 सांस्कृतिक स्थल, 5 प्राकृतिक स्थल, 1 मिश्रित स्थल और 2 ऐसे स्थल शामिल हैं, जिनकी सीमाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। इनमें भारत का यह ऐतिहासिक सैन्य तंत्र भी शामिल है। भारत की ओर से यह नामांकन 2024-25 चक्र के लिए प्रस्तुत किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र में होगा मूल्यांकन**

### आखिर क्या है मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स?

**मराठा** मिलिट्री लैंडस्केप्स में 12 किले और किलेबंद क्षेत्र शामिल हैं, जो 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे। यह किले मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति और निर्माण कला का अद्भुत उदाहरण माने जाते हैं, जिसने 17वीं से 19वीं शताब्दी तक भारतीय उपमहाद्वीप के एक बड़े हिस्से पर शासन किया था। ये किले न केवल सुरक्षा के लिए, बल्कि रणनीतिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण थे।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 13 जुलाई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते वार्ड नंबर-7, 8, 9 और 10, ठाकुर नर्सिंग होम, पेट्रोल पंप, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नाल्टी बाईपास, दुलेहड़ा, गरथेड़ी, उसयाना, लोहारडा, ऐम पब्लिक स्कूल, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, लोअर गौड़ा, मिडल गौड़ा, अप्पर गौड़ा, भोटा चैक, हथली, घनाल और आसपास के इलाको में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नगरोटा गाजियां स्कूल के मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय हाई स्कूल नगरोटा गाजियां में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दीन हित प्रयास मंडल भरेड़ी द्वारा मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान पढ़ाई में सहयोग देने के उद्देश्य से छात्रों को कॉपियों भी वितरित की गईं। कार्यक्रम का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू पौधरोपण अभियान रहा। दीन हित प्रयास मंडल, भरेड़ी के सभी सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण सभा भरेड़ी, वन विभाग के अधिकारीगण तथा डीएफओ हमीरपुर के सहयोग से लज्याणी के जंगल में पौधरोपण किया। संस्था के प्रधान विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल छात्रों को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देना है।

### छात्रों ने आपदा पीड़ितों के लिए एकत्रित किए एक लाख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी के छात्रों, एसएमसी, स्टाफ एवं नाल्टी बाजार व्यापार मंडल द्वारा विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ देवेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में मंडी जिले में बाढ़ एवं आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक अभियान चलाया गया। इस कड़ी में विद्यार्थियों ने नाल्टी एवं आसपास के गांवों कुसवाड़, रोपा, बकारटी, हार, पलासन, टिक्कर, डुढाना, नारा एवं ब्राह्लड़ी आदि विभिन्न गांवों तथा नाल्टी बाजार से सहायता सामग्री को एकत्र किया। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने पैसे के साथ-साथ अनाज, कपड़े एवं बर्तनों का भी दान किया। सहायता सामग्री के अतिरिक्त पीड़ितों की सहायता हेतु लगभग एक लाख रुपए की धनराशि एकत्रित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह बन्याल ने इस सहायता सामग्री एवं धनराशि को पीड़ितों के सहायतार्थ समर्पित किए जाने के लिए सभी दानवीरों का इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देने पर धन्यवाद व्यक्त किया।

### व्याड़ स्कूल में लगाए 125 औषधीय पौधे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला व्याड़ में एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत विभिन्न किस्मों के औषधीय पौधे हर्ड, बेहेड़ा, आंवला, अर्जुन, नीम, जामुन, केला, डोडीनिया, कचनार आदि के 125 पौधों का रोपण विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के कर्मचारियों सेवादार, शिक्षकों से लेकर प्रधानाचार्य तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों ने बच्चों के पीने के पानी की पाइपों की व्यवस्था के लिए 51000 रुपए दान किए ताकि स्कूल में बच्चों को पीने के पानी की कमी न हो। प्रधानाचार्य सुनील शर्मा, स्थानीय पंचायत के प्रधान रत्न चंद शर्मा एवं एसएमसी के प्रधान वनीता कुमारी और बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के इस कार्य को खूब सराहा।

### जनसंख्या वृद्धि को लेकर जागरूकता जरूरी : डॉ. अत्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला हमीरपुर के कार्यकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लंबलू में मनाया गया। इस मौके पर जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने प्रतिभागियों को बताया कि दुनिया की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है और भारत इस रेस में सबसे आगे हैं। इस बढ़ती आबादी के साथ हमारे सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। संसाधनों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन के कुछ स्थायी व अस्थायी तरीके उपलब्ध करवाए जाते हैं, जिनको बढ़ावा देने से भी जनसंख्या बढ़ोतरी में कमी लाई जा सकती है, लेकिन इसके लिए लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। अंत में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल पठानिया ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सहायक लैपरोसी ऑफिसर कृष्ण, स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशीष, आशा मोनिका, सुनीता, माया, वर्ग अनुदेशिका अर्चना, अनुदेशक प्रवीण, अनुदेशक संजीव सहित 150 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया।

# जिले में 25000 फलदार पौधों से लहलहाएंगे किसानों के बाग-बगीचे

## हमीरपुर जिले के 6 ब्लॉकों में 15 हजार पौधों की खेप पहुंची

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** बागवानी विभाग द्वारा हर साल किसानों, बागवानों को फलदार पौधे उपलब्ध करवा रहा है। इस वर्ष भी उद्यान विभाग ने 25000 फलदार पौधों को बेचने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अभी 15000 हजार पौधे उद्यान विभाग के विक्रय केंद्रों पर उपलब्ध करवा दिए हुए हैं। इन विक्रय केंद्रों में पौधे खरीदने वाले किसान बागवानों की भीड़ लगी हुई। किसान बागवानों को ये पौधे सरकार द्वारा निर्धारित कीमत पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उद्यान विभाग द्वारा पहली जुलाई से पौधों का वितरण शुरू कर दिया था, लेकिन विक्रय केंद्रों में आम की चार किस्में कटहल और नींबू की चार किस्में ही उपलब्ध करवाई जा रही थी।

सोमवार यानी 14 जुलाई से फलदार पौधों की अन्य किस्में भी विक्रय केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। इसके बाद किसान बागवान अपनी पसंद का पौधा खरीद सकते हैं। जब से उद्यान विभाग के विक्रय केंद्रों में पौधे खरीदने वालों की भीड़ लगी हुई है। बरसात के मौसम में फलदार पौधे आसानी लग जाते हैं जिसके कारण लोग अपनी पसंद के पौधे बगीचों में लगाते हैं।

इस बारे में उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि किसान और बागवानों की डिमांड पर अभी तक 15000 पौधे छह ब्लॉकों के विक्रय केंद्रों में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया सोमवार से नए पौधे भी विक्रय केंद्रों से किसान बागवान खरीद सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 25000 फलदार पौधों का टारगेट रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार डिमांड आएगी उसी प्रकार पौधे मंगवाए जाएंगे।

विक्रय केंद्रों में पौधे खरीदने वाले किसान-बागवानों की भीड़ लगी हुई है।

### कौन सा पौधा कितनी कीमत में मिलेगा

उद्यान विभाग के विक्रय केंद्रों में सरकार द्वारा निर्धारित कीमतों पर फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इनमें मुख्यतः आम की चार किस्मों में एक पौधा 75 से 90 रुपए तक बेचा जा रहा है। इसके अलावा मौसमी, नींबू, किन्नू, अंगूर का पौधा 70 से 100 रुपए में मिलेगा। 12 मासी नींबू 60 रुपए, अमरूद का पौधा 60 रुपए, लीची का पौधा 75 रुपए, करौंदा का पौधा 45 रुपए में मिलेगा। इसके अलावा चीकू, पपीता, काला अंगूर, आंवला, कटहल का पौधा सोमवार से मिलना शुरू हो जाएगा।

# भोरंज के 17 सरकारी स्कूलों में नीट व जेईई मेन के लिए 386 छात्रों ने दी मॉक टेस्ट की परीक्षा

सुनील कुमार, अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए नीट और जेईई मेन की परीक्षा की तैयारी वरदान साबित होने लगी है। छात्र कड़ी मेहनत करके मॉक टेस्ट की परीक्षा उत्साहपूर्वक दे रहे हैं। शुक्रवार को 17 स्कूलों के 386 बच्चों ने सुबह 9:25 से 12:25 बजे तीन घंटे की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की सफल आयोजन भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार व समस्या आयोजन समिति की देखरेख में किया गया।

समग्र शिक्षा अभियान के खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज अनिल डोगरा ने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए विधायक सुरेश कुमार के मार्गदर्शन व प्रेरणादायक विचारों यह परीक्षा शुरू की गई है। बच्चों को विषय से निपुण बनाने के लिए हर रोज प्रातः 8:30 से 9:30 एक घंटे की ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जा रही है। इससे नीट और जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को विशेष लाभ मिल रहा है।

मॉक टेस्ट के आयोजन से इस तैयारी के स्कूलों में साकारात्मक परिणाम देखने को मिलने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवा कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के प्रति जागरूक करने की अनूठी पहल है।

### डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने बढ़ती जनसंख्या पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य जनसंख्या मुद्दों और समाज पर उनके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने का है, ऐसा अनुमान है कि आने वाले समय में दुनिया की जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ सकती है। रिपोर्ट की मानें तो साल 2050 तक जनसंख्या 9.7 बिलियन तक पहुंच सकती है। यह जानकारी हमीरपुर मेडिकल एसोशिएसन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने दी। विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने बताया कि 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसिल ने की थी। साल 1987 में इस दिन को मनाए जाने की शुरुआत हुई थी, जब दुनिया की आबादी केवल पांच अरब थी। भारत की जनसंख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। साल 2025 में भारत की जनसंख्या 1.46 बिलियन से ज्यादा होने का अनुमान है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर चीन है, जहां की जनसंख्या 1.41 बिलियन से ज्यादा है।

# सीएम ने डिपो धारकों की मांगें शीघ्र पूरी करने के विभाग को दिए निर्देश

**डिपो धारकों ने निगम के गोदामों से राशन उठाना किया शुरू**

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीएम ने लंबे अरसे लंबित डिपो धारकों की मांगों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश खाद्य आपूर्ति विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों को जारी करके सीएम कार्यालय को शीघ्र रिपोर्ट करने को कहा है। यह जानकारी प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने दी।

इसके चलते प्रदेश डिपो संचालक समिति प्रदेश की सभी सरकारों से अपने हक की मांग करती रही। कांग्रेस पार्टी ने विस चुनावों से पूर्व प्रदेश के डिपो धारकों को सरकार बनने के उपरांत 20 हजार रुपए मासिक वेतन देने का वादा किया था। प्रदेश डिपो संचालक समिति ने सीएम से मासिक वेतन के अलावा डिपुओं पर स्थापित की गई मशीनों में नेट की सुविधा देने और नेट पर आज तक जो खर्च डिपो धारकों द्वारा अपनी जेब से अदा किया गया, उसकी अदायगी करने व उपभोक्ताओं को यदि फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन वितरित करना है तो डिपो धारकों को भी मोबाइल उपलब्ध करवाने की मांग की है।

समिति ने मांगों को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दिया था और मांगें पूरी न होने पर निगम के गोदामों से राशन न उठाने का निर्णय लिया था। मांगों के संबंध में सीएम द्वारा विभाग को कड़े निर्देश जारी करने के उपरांत डिपो संचालक समिति ने निगम के गोदामों से राशन उठाने का निर्णय लिया है। अशोक ने उम्मीद जताई कि सरकार व विभाग हमारी मांगें शीघ्र पूरी करेंगे।

# सुजानपुर टीहरा कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि एमए अर्थशास्त्र तथा अंग्रेजी विषय के लिए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

18 जुलाई को प्रथम सत्र के विद्यार्थियों का परामर्श प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी 19 से 21 जुलाई तक फीस जमा करवा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाएं 21 जुलाई से निरंतर क्रम से शुरू हो जाएंगी।

# बनाल पंचायत में आए 274 श्रण आवेदन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पीएनबी के सर्किल कार्यालय ने बनाल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व अन्य।

कृषि एवं इससे संबंधित अन्य गतिविधियों के लिए अधिक से अधिक ऋण आवंटन के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक के हमीरपुर मंडल कार्यालय ने विकास खंड सुजानपुर की बनाल पंचायत में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्र के किसानों, बागवानों, पशु पालकों और मत्स्य पालकों ने इस कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाया।

इसमें ऋण के कुल 274 आवेदन प्राप्त हुए, जिनकी व्यावसायिक संभावना लगभग 13 करोड़ रुपए दर्ज की गई। इन सभी आवेदनों को मौके पर ही सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई, जबकि, अन्य सभी औपचारिकताएं शीघ्र ही पूर्ण की जाएंगी। इस अवसर पर पीएनबी के प्रधान कार्यालय के डीजीएम प्रवीण गुप्ता ने लोगों को कृषि एवं इससे संबंधित अन्य क्षेत्रों की योजनाओं जैसे-प्रधानमंत्री कुसुम योजना, ग्रीन हाउस योजना, पोल्ट्री विकास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, लाइव स्टॉक योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), पीएनबी किसान हरित योजना और पीएनबी किसान समृद्धि योजना के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील भी की। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों के महत्व और उनके वित्तीय सशक्तिकरण पर भी फोकस किया गया। पीएनबी के डिप्टी सर्किल प्रमुख परमिंदर ठाकुर, खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जसवाल और अन्य अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। मुख्य प्रबंधक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान एम-स्वास्थ्य सॉल्यूल्स की टीम ने लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की तथा दवाइयां भी बांटी।

इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल, आरएएम सैगमेंट के प्रमुख राहुल कुमार, मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल, पंजाब नेशनल बैंक के अन्य अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रधान कांता देवी, अन्य पंचायत जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के प्रयासों से हिमाचल ने शिक्षा में लगाई ऊंची छलांग : बिट्टू

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण हिमाचल प्रदेश अब शिक्षा के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाते हुए पांचवें नंबर पर पहुंच गया है, जबकि, तीन वर्ष पहले हिमाचल की रैंकिंग 21वीं पायदान तक गिर चुकी थी।

गर्ल्स स्कूल में 10 किलोवॉट के सोलर प्लांट का उद्घाटन करते सुनील कुमार बिट्टू, साथ हैं अन्य।

शुक्रवार को गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोलर प्लांट का उद्घाटन करने के बाद छात्राओं को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, इंगलिश मीडियम और कई अन्य योजनाओं के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रदेश के बच्चों के लिए आधुनिक शैक्षणिक ढांचा विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्ल्स स्कूल में 10 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट के चालू होने से जहां स्कूल का बिजली बिल शून्य होगा, वहीं इससे मुख्यमंत्री के ग्रीन एनर्जी के संकल्प को भी बल मिलेगा।

हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज में कैंसर केयर संस्थान, मातृ-शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और अन्य सुविधाओं के लिए भी मुख्यमंत्री ने विशेष प्रावधान किए हैं। बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर को अब नगर निगम के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा करके स्वयं त्वरित राहत प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर सुनील ने कैनरा रोबेको म्युचल फंड कंपनी की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत 50 छात्राओं को साइकिलें भी प्रदान कीं। उन्होंने इसके लिए कंपनी के बिजनेस प्रमुख एवं हमीरपुरवासी अरुण सरीन का धन्यवाद किया। इससे पहले प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

**ये रहे उपस्थित :** समारोह में एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, अरुण सरीन के पिता दीनानाथ सरीन, माता श्रेष्ठा सरीन, उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोहीराम चौहान, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, विभिन्न बोर्डों-निगमों के बीओडी मैंबर, पूर्व नगर पार्षद, पूर्व मनोनीत पार्षद और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### 20 तक आधार से लिंक करें बिजली का मीटर

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बिजली मीटर को आधार कार्ड से अनिवार्य रूप से लिंक करवा लें। इसके लिए उपभोक्ताओं को आधार कार्ड और हालिया बिजली बिल के साथ किसी भी कार्य दिवस में 20 जुलाई तक विद्युत उपमंडल कार्यालय भरेड़ी में उपस्थित होकर KYC प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विद्युत उपमण्डल भरेडी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आधार लिंक नहीं करवाया जाएगा, उन्हें भविष्य में बिजली बिलों में दी जाने वाली सुविधाओं और लाभों से वंचित होना पड़ सकता है।

# बीएलओ को मतदाता विवरण में संशोधन करने का दिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, भोरंज

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूची के सत्यापन की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत उपमंडल भोरंज में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी उपमंडल अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि पाल शर्मा ने की।

कार्यशाला में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शशि पाल शर्मा ने बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता विवरण का सत्यापन, नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन एवं मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान मौजूद गणमान्य।

शशि पाल शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा सटीक, नवीनतम और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है। इसकी जिम्मेदारी बीएलओ के कंधों पर होती है, जिन्हें निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा और दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए सभी कार्यों को गंभीरता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न किया जाए। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपमंडल निर्वाचन कार्यालय भोरंज की इलेक्शन कानूनगो ट्विंकल ठाकुर ने बीएलओ को विभिन्न फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग तथा नवीनतम डिजिटल प्रक्रियाओं से अवगत करवाया।

कार्यशाला के समापन पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा निष्पक्ष व त्रुटिरहित पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निर्वाचन कार्यालय भोरंज के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

**एसडीएम संजीत सिंह ने दिए निर्देश, 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान**

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

मतदाता सूचियों के अद्यतन अर्थात नवीनीकरण के लिए 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलाए जाने वाले विशेष अभियान के संबंध में विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सभी बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हो गई।

अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र की फोटो युक्त मतदाता सूचियों में नए पात्र लोगों के नाम शामिल करने, मृत या किन्हीं कारणों से स्थान छोड़ चुके लोगों के नाम हटाने और इन सूचियों में व्याप्त अशुद्धियों को दुरुस्त करने के लिए 21 जुलाई से 21 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं के विवरण की जांच एवं सत्यापन करेंगे। वे परिवार के मुखिया की सहायता से यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं तथा इनके विवरण भी पूरी तरह सही हैं। अगर इस सूची में किसी दिव्यांग मतदाता की फ्लैगिंग यानि अलग से पहचान दर्ज नहीं है, तो उसकी जानकारी बूथ लेवल अधिकारी प्रपत्र-8 पर एकत्रित करेंगे।

इस वर्ष एक अक्तूबर को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण करने वाले भावी पात्र मतदाताओं और किन्हीं कारणों से छूटे अन्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करने के लिए फॉर्म-6 पर विवरण और आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे। मृत या किन्हीं कारणों से स्थान छोड़ चुके मतदाताओं या अन्य स्थान पर पंजीकृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म-7 भरा जाएगा।

कार्यशाला के दौरान निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार राजेश कौंडल और किशोर कुमार तथा विभाग के अन्य अधिकारियों ने बूथ लेवल अधिकारियों की नियुक्ति और फॉर्म-6,7,8 को भरने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की। एसडीएम ने इस अभियान दौरान लोगों से बूथ लेवल अधिकारियों का सहयोग करने की अपील की, ताकि सूचियां त्रुटिरहित बनें।

**अभियान** नशे की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ साझा प्रयास

# हैप्स में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में 'जागरूक बनो, सतर्क रहो' का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर द्वारा नशा एक सामाजिक बुराई विषय पर एक प्रभावशाली एवं जागरूकता से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को नशे के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक करना एवं समाज में एकजुट होकर इस बुराई से लड़ने का संदेश देना था।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, आईपीएस, उप पुलिस महानिरीक्षक केंद्रीय रेंज, मंडी सौम्या सम्बशिवन रहीं, जिनका विद्यालय प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों में उपपुलिस अधीक्षक हमीरपुर हरीश गुलेरिया, कपिल देव शर्मा (जिला अटॉर्नी, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह, डॉ. रजीत एमडी. मनोरोग डॉ. आरकेजीएमसी, हमीरपुर तथा भागीश शर्मा (कानूनी सलाहकार एवं नोटरी पब्लिक) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने संबोधन में नशे की पहचान, समय पर हस्तक्षेप, अभिभावकों की सतर्क भूमिका तथा स्कूल-परिवार-प्रशासन के सामूहिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

10 किलोवॉट के सोलर प्लांट का उद्घाटन करते सुनील कुमार बिट्टू, साथ हैं अन्य।

उन्होंने प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में उनके नेतृत्व में आरंभ किए गए ड्रग डिटेक्शन किट्स की जानकारी साझा की, जो अब प्रदेश भर के स्कूलों, कॉलेजों और पंचायतों में जागरूकता और स्क्रीनिंग के लिए उपयोग हो रही हैं। ये किट नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एटीएफ, कुल्लू से प्राप्त होती हैं और हेरोइन, कोकीन जैसे खतरनाक पदार्थों की त्वरित पहचान कर सकती हैं।

इस पहल को हरियाणा उच्च न्यायालय ने भूपेंद्र सिंह बनाम राज्य हरियाणा मामले में समर्थन देते हुए सराहा है। न्यायालय के निर्देशानुसार पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के 1776 पुलिस अधिकारियों को डरोह में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें इन किट्स का लाइव प्रदर्शन भी शामिल था। अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने समझाया कि बच्चों में सम्मान की भावना जगाना, समय पर उचित कदम उठाना तथा किसी भी संदेह को नजरअंदाज न करना, अभिभावकों की अहम जिम्मेदारी है।

छात्रों को उन्होंने प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि जागरूक बनो, सतर्क रहो और जिम्मेदार नागरिक बनो। उन्होंने छात्रों को समूह दबाव से बचने, सही जानकारी रखने और समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने व छात्रों को जागरूक नागरिक बनाने के संकल्प को दोहराया। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के मन में गहरी छाप छोड़ गया और समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े होने का संदेश देकर संपन्न हुआ।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं विशेषज्ञों का आभार प्रकट किया तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने व छात्रों को जागरूक नागरिक बनाने के संकल्प को दोहराया। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए नशे के विरुद्ध जागरूक, सतर्क और सशक्त बनने का संदेश दिया।

### अभिभावकों ने सराहा 'सेवा कार्यक्रम'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा का आयोजन किया गया। मंत्रणा में 679 अभिभावकों ने भाग लिया। अध्यापकों व अभिभावकों ने शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के उत्थान हेतु गहनता से विचार-विमर्श किया। 'सेवा कार्यक्रम' के द्वारा संस्कृति और संस्कारों के प्रति सकारात्मक सोच वाली पहल को अभिभावकों ने खूब सराहा। अभिभावक विद्यालय वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक ई. पंकज लखनपाल, अकादमिक प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा व प्राचार्य शशि बाला से भी रू-ब-रू हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मगुरु दलाईलामा आज जाएंगे लद्दाख

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** तिब्बतियों के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाईलामा शनिवार को लद्दाख के लिए रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार धर्मगुरु शनिवार सुबह साढ़े सात बजे अपने निवास स्थान से प्रस्थान करेंगे और कांगड़ा एयरपोर्ट से विमान द्वारा लेह लद्दाख के लिए रवाना होंगे। जानकारी के अनुसार धर्मगुरु का करीब एक माह उपरांत वापस लौटने का कार्यक्रम है। गौरतलब है कि दलाईलामा की मौजूदगी के दौरान देश-विदेश के बौद्ध अनुयायियों का मैक्लोडगंज में आगमन लगा रहता है, लेकिन जब धर्मगुरु यहां नहीं होते तो अनुयायियों की आमद में कमी आती है।

### शिमला में पिता ने बेटी से किया दुष्कर्म

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल के शिमला जिले के रामपुर में एक पिता पर अपनी ही 12 साल बेटी के साथ रेप करने का आरोप लगा है। लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 8 जुलाई को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुराचार किया था। पीड़िता ने यह बात अपनी मां को बताई। इसके बाद पीड़िता की मां रामपुर पुलिस थाने पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) और पॉस्को एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर लिया और उसे गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा।

### नेशनल आइकन अवार्ड से प्रधानाचार्या अंजु बाला सम्मानित

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के भरमौर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर की प्रधानाचार्या अंजु बाला को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए 'नेशनल आइकन अवार्ड 2025' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जिसे भारती युवा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय का विशेष सहयोग प्राप्त था। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने विचार साझा करते हुए अंजु बाला ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की असली रीढ़ है और यदि हम बेटियों को शिक्षित करते हैं, तो हम पूरे समाज को सशक्त करते हैं। आज भी बहुत सी बेटियां ऐसी हैं जिन्हें पढ़ने का, सोचने का और आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिलता। हमें यह स्थिति बदलनी होगी। अंजु बाला का कार्य खास तौर पर लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम से समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जाना जाता है। अंजु बाला की इस उपलब्धि से न केवल भरमौर क्षेत्र, बल्कि पूरा हिमाचल प्रदेश गौरवान्वित है। प्रधानाचार्या ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और यह साबित किया कि समर्पण, नेतृत्व और दूरदृष्टि के साथ शिक्षा के माध्यम से सामाजिक क्रांति लाई जा सकती है। अंजु बाला पारंपरिक गद्दी भेषभूषा में अवॉर्ड लेने पहुंची।

# हिमाचल में भांग की खेती को वैध करने की दिशा में काम जोरों पर

## औद्योगिक और औषधीय संभावनाओं पर मंथन, राजस्व मंत्री नेगी ने किया सेमिनार का उद्घाटन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त, समृद्ध और खुशहाल बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत प्रदेश सरकार अब भांग की खेती के औद्योगिक और औषधीय उपयोग की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसी कड़ी में राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने शुक्रवार को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर में भांग की खेती को वैध करने और उसके औषधीय उपयोग पर केंद्रित एक विशेष सेमिनार और प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह सेमिनार और प्रदर्शनी भांग के विविध उपयोगों पर जागरूकता बढ़ाने और हितधारकों को एक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया और भांग से बनने वाले विभिन्न उत्पादों और उनसे जुड़ी बारीकियों तथा चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

सेमिनार में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को सम्मानित करते विशेषज्ञ।

### विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव और नवाचार

**इस** सेमिनार में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने भांग के औद्योगिक नवाचार और औषधीय उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। इनमें युगांडा कल्टीवेशन प्रोजेक्ट, मेडिकल हेम्प बिजनेस और हेम्प पारिस्थितिकीय नियोजन जैसे विषय शामिल थे।

### कई विशेषज्ञों ने दी विशेष उपस्थिति

**इन** केयर लैब और कन्नरमा से रोहित चौहान, अयूर्रिस्टिंक्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. पीयूष जुनेजा, हिमालयन हेम्प इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से हनीश कतनावर, थिंक द हिमालयन हेम्प इनकारपोरेशन से भाविक विपुल शाह, इंडिया हेम्प एंड कैनाबिस नेटवर्क से कनिका सूद, पाई हेम्प प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. रश्मि पुन्हानि एवं अनिल कुमार, इंडियन हेम्प स्टोर से सिद्धार्थ गुप्ता, बॉम्बे हेम्प कंपनी से देलजाद डोलॉलीवाला और सरकारी सलाहकार अधिवक्ता देवेन खन्ना ने अपनी विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विशेष सचिव राज्य कर और उत्पाद शुल्क हरबंस ब्रासकोन, अतिरिक्त आयुक्त राजीव डोगरा, विवेक चौहान सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल उच्च न्यायालय ने 95 करोड़ का मध्यस्थता पुरस्कार किया रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मेसर्स मेडिपोल फार्मास्युटिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड खरीदार के खिलाफ जारी 95 करोड़ (लगभग 95,71,00,208) से अधिक के मध्यस्थता पुरस्कार को रद्द कर दिया है।

इस फैसले के साथ ही, न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद को निर्देश दिया है कि वह दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चले आ रहे इस विवाद को सुलझाने के लिए अपने पैनल से एक नए और निष्पक्ष मध्यस्थ को नियुक्त करे। यह ऐतिहासिक आदेश मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा ने शुक्रवार यानी 11 जुलाई को सुनाया।

**एकतरफा कार्यवाही पर सवाल, प्राकृतिक न्याय की जीत**




यह पूरा मामला परिषद द्वारा नियुक्त मध्यस्थ द्वारा पारित एक पक्षीय मध्यस्थता पुरस्कार पर केंद्रित था। खरीदार, बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस पुरस्कार को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि कोविड-19 महामारी के दौरान की गई एकतरफा कार्यवाही में अनुचित जल्दबाजी बरती गई, जिससे उन्हें अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर नहीं मिला। उनका यह भी आरोप था कि दावा राशि को कई बार, और वह भी बिना उचित सूचना या अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिए, 14.50 करोड़ से बढ़ाकर 95 करोड़ से अधिक कर दिया गया।

खरीदार ने 4 अक्तूबर, 2013 के एक समझौते का हवाला देते हुए मध्यस्थ के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाए थे, जिसमें यह स्पष्ट रूप से निर्धारित था कि विवाद पटना में बिहार उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे। इसके विपरीत, आपूर्तिकर्ता ने तर्क दिया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006, एक विशेष कानून है और इसका प्रभाव अन्य कानूनों पर अधिभावी है। उन्होंने यह भी कहा कि परिषद को मध्यस्थ के रूप में कार्य करने का अधिकार है, चाहे खरीदार भारत में कहीं भी स्थित हो। आपूर्तिकर्ता ने मध्यस्थता पुरस्कार को चुनौती देने के लिए 75 फीसदी पूर्व-जमा की वैधानिक आवश्यकता पर भी बल दिया।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी लाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। अब 5 लाख रुपए तक के टेंडर ऑफलाइन किए जा सकेंगे, जिससे सड़कों की मरम्मत जैसे आवश्यक कार्य बिना किसी देरी के पूरे किए जा सकें। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी दौरे से लौटने के बाद राजस्व विभाग की बैठक में यह जानकारी दी।

- ऑफलाइन होंगे 5 लाख तक के टेंडर
- वन भूमि पर पुनर्वास और केंद्र से मदद की अपील

उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रदेश सरकार एक व्यापक आपदा राहत पैकेज जारी करेगी, जिसके लिए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को कैबिनेट में प्रस्ताव लाने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय राज्य में भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से हुए व्यापक नुकसान को देखते हुए लिया गया है। आपदा से बेघर हुए लोगों के पुनर्वास के लिए भी सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि जिन लोगों के मकान पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, उन्हें दोबारा बसाने के लिए वन भूमि पर भवन बनाए जा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए केंद्र सरकार की मंजूरी अनिवार्य है।

### केंद्र से सहायता की मांग करें सांसद

**मुख्यमंत्री** ने याद दिलाया कि 2023 में इस मांग का एक प्रस्ताव विधानसभा द्वारा पारित भी किया गया है। उन्होंने भाजपा नेताओं और प्रदेश के सांसदों से अपील की कि वे केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल का मामला उठाएं और राज्य को पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि यदि भाजपा सांसद उनके साथ नहीं चलना चाहते हैं, तो वह उनकी अगुवाई में दिल्ली जाने को तैयार हैं और केंद्र से मिली मदद का श्रेय भी भाजपा को ही मिलेगा।

### 800 से ज्यादा का नुकसान

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को अब तक 800 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। उन्होंने जिला उपायुक्तों से लापता हुए लोगों के संदर्भ में रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि लापता लोगों के मिलने की उम्मीद अब बहुत कम लग रही है।

# करसोग में शरारती तत्वों ने शराब के ठेके को लगाई आग

**अनंत ज्ञान, करसोग**

गत रात करसोग पुलिस थाना के नजदीक स्थित एक देसी शराब के ठेके पर कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। घटना तकरीबन रात 2.30 बजे की बताई जा रही है। हालांकि, ठेके के भीतर रखा लाखों रुपए का सामान फिलहाल सुरक्षित बताया जा रहा है।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना का दृश्य।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम शुक्रवार सुबह मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, वीरवार रात करीब कुछ युवक देसी शराब खरीदने के लिए ठेके पर पहुंचे थे। वहां तैनात सेल्समैन ने रात अधिक होने के कारण शराब देने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर उन अज्ञात युवकों ने ठेके के बाहर आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। इस घटना की तस्वीरें ठेके में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई हैं। पुलिस अब उन फुटेज की जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी सहायता ले रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अनुराग ने भेजे बर्तन और गृह उपयोगी सामान

लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल में बाढ़ व बारिश की मार झेल रहे थुनाग व धर्मपुर के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बर्तन, गृह उपयोगी सामान, दवाएं व सेनेटरी पैड भेज कर मदद पहुंचाने का काम करे हैं।

प्राकृतिक आपदा के चलते लोगों की घर-गृहस्थी बिखर जाने से हुए नुकसान को देखते हुए अनुराग ने जरूरतमंद लोगों के घरों पर बर्तन भिजवाने का निर्णय लिया है, ताकि उन्हें भोजन बनाने में किसी तरह की कोई समस्या न आए। अनुराग द्वारा भेजी गई सहायता को दुर्गम क्षेत्रों में अस्पताल सेवा की टीमें पैदल कई किलोमीटर दूर चल कर घर-घर जाकर मदद पहुंचा रही हैं। आपदा की इस घड़ी में मातृशक्तियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा माताओं-बहनों के सम्मान व सुरक्षा को बनाए रहने के लिए दवाओं के साथ-साथ सेनेटरी पैड का वितरण कर रही है। अनुराग का यह प्रयास की आपदा की इस घड़ी में कोई भी जरूरतमंद मदद से वंचित न रहने पाए।

# तारादेवी रेलवे स्टेशन तक ही पहुंचीं ट्रेनें यात्रियों को बसों में पहुंचना पड़ा शिमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जतोग से समरहिल रेलवे सेक्शन के बीच ब्रिज नंबर 800 पर मरम्मत कार्य चलने के कारण रेलवे ने इस रूट पर पांच दिनों के लिए ट्रेनों की आवाजाही बंद कर दी है। अब कालका-शिमला रेलमार्ग पर चलने वाली सभी ट्रेनें तारादेवी तक ही पहुंच रही हैं।

यात्रियों को शिमला शहर तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ओल्ड बस स्टैंड के लिए मांग के अनुसार बसों का संचालन करेगा। शुक्रवार, 11 जुलाई को बड़ी संख्या में यात्रियों ने इस परिवर्तित व्यवस्था के तहत यात्रा की। रेलवे के अधिकारी भी स्थिति का जायजा लेने शिमला पहुंचे हैं।

### तारा देवी से किया जाएगा बसों का संचालन

**एचआरटीसी** के डीएम देवासेन नेगी ने यह भी कहा कि यात्रियों की मांग के अनुसार तारादेवी से बसों का संचालन किया जाएगा और इस संबंध में सभी आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एचआरटीसी के डिप्टी डिविजनल मैनेजर तारादेवी, विनोद शर्मा ने बताया कि विशेष बस सेवाओं के संचालन और निगरानी के लिए इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### पांचों ट्रेनों के समय में किया बदलाव

**उत्तरी** रेलवे के अंबाला मंडल ने 11 से कालका से 52457 ट्रेन रात 3.30 बजे चलेगी, यह सुबह 8.04 पर बजे तारादेवी पहुंचेगी। 52458 नंबर ट्रेन सुबह 11.33 बजे तारादेवी से चलेगी और शाम 4.15 बजे कालका पहुंचेगी। 52451 नंबर ट्रेन सुबह 5.45 बजे कालका से चलेगी और सुबह 10.10 बजे तारादेवी पहुंचेगी, 52452 शाम 5.57 बजे तारादेवी से चलेगी और रात 10.15 बजे कालका पहुंचेगी, 52459 सुबह 7 बजे कालका से चलेगी और 11.20 बजे तारादेवी पहुंचेगी। 52460 नंबर ट्रेन शाम 4.34 बजे तारादेवी से चलेगी और रात 8.50 बजे कालका पहुंचेगी। 52455 नंवर ट्रेन सुबह 11.55 बजे कालका से चलेगी और शाम 4.25 बजे शिमला पहुंचेगी। इसके अलावा 52456 नंबर ट्रेन रात 7.12 बजे चलेगी और रात 11.30 बजे कालका पहुंचेगी।

# विधायक कालिया को धमकी भरा फोन आने पर पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** खालिस्तान समर्थक एवं स्वयंभू संगठन सिख फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा विधायक राकेश कालिया को धमकी भरी फोन काल करने पर गगरेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले भी कालिया को पन्नू की धमकी भरी काल आ चुकी है, जिस पर पुलिस थाना अंब में मामला दर्ज है। यही नहीं सोशल मीडिया पर भी असामाजिक तत्व कालिया को जानी नुकसान पहुंचाने की धमकियां दे चुके हैं। पन्नू की धमकी के बाद विधायक राकेश कालिया की सुरक्षा को लेकर पुलिस भी समीक्षा करने में जुट गई है।

वीरवार देर सायं विधायक कालिया जब अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे, तो सायं करीब 7.48 बजे उन्हें एक फोन काल आई। जब उन्होंने उसे उठाया तो दूसरी तरफ से एक रिकॉर्डिंड संदेश चला। जिसे भेजने वाले ने खुद को सिख फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू बताया। उसने विधायक को धमकाया कि इस बार अगर हिमाचल में तिरंगा झंडा फहराया तो उन्हें व मुख्यमंत्री सुक्खू को खत्म कर दिया जाएगा और हिमाचल को खालिस्तान बना दिया जाएगा।

यही नहीं कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर भी विधायक राकेश कालिया व उपमुख्यमंत्री को धमकी दी गई थी। इस प्रकरण में भी हरोली पुलिस थाना में मामला दर्ज है। कालिया चौथी बार विधायक बने हैं, लेकिन यह पहली मर्तबा है कि उन्हें गैंगस्टर या फिर आतंकवादियों द्वारा धमकियां मिल रही हैं। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी गहनता से जांच की जा रही है।

# ओडिशा के किसानों ने सीखी आलू की उन्नत खेती

## केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आलू की क्रॉसिंग देख अभिभूत हुए ओडिशा के किसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला में 9 से 11 जुलाई तक आलू की उन्नत खेती विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। ओडिशा से आए किसानों ने इस दौरान शिमला स्थित संस्थान की कुफरी फागू इकाई का भ्रमण किया, जहां उन्होंने देश के ऐतिहासिक कुफरी फागू इकाई में आलू की क्रॉसिंग देखकर गहन जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का आयोजन डीपी गौतम ने किया, वहीं कुफरी फागू इकाई के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. अश्विनी शर्मा ने किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज आलू उत्पादन की पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत व्याख्यान दिया, जिससे किसान अत्यधिक प्रभावित हुए।

उधर, फसल उत्पादन से लेकर सरकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. आलोक कुमार ने ओडिशा के किसानों को आलू फसल उत्पादन, फसल सुरक्षा, विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों के लिए खाद्य एवं बीज आलू की किस्में, बीज उत्पादन, कटाई के बाद की तकनीक और कृषि सरकारी योजनाओं सहित आलू की खेती के विभिन्न पहलुओं पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। यह प्रशिक्षण किसानों को आलू की खेती में नवीनतम तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे अपनी उपज और आय में वृद्धि कर सकें।

किसानों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

### प्रशिक्षणार्थियों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम** के समापन समारोह में संस्थान के निदेशक एवं मुख्य अतिथि डॉ. ब्रजेश सिंह ने आलू मूल्य श्रृंखला आलू का दायरा, अवसर और कटाई के बाद का प्रबंधन, आलू प्रसंस्करण और आलू का मूल्यवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 235 पेटी अवैध शराब व 250 सीमेंट बैग के साथ ट्रक पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति पुलिस ने सर्चू चेक पोस्ट पर अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद की है। यह कार्रवाई नियमित गश्त और ट्रैफिक चेकिंग के दौरान की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक (नं. एचपी24ई-2740), जो मंडी से लेह की ओर जा रहा है, उसमें अवैध रूप से शराब छिपाकर ले जाई जा रही है।

प्रभारी थाना केलांग के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रक को रात लगभग 7.30 बजे रोका। चालक की पहचान देवेंद्र पुत्र कृपाल सिंह, निवासी बगा, डॉ. सियांज, जिला मंडी के रूप में हुई है। ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें से 235 पेटियां विदेशी शराब (मार्का XXX रम) बरामद की गई। इसके साथ ही ट्रक से 250 बैग सीमेंट (एसीसी सुरक्षा ब्रांड) भी पाए गए। चालक द्वारा शराब के परिवहन संबंधी कोई वैध परमिट/लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है और ट्रक को शराब व सीमेंट समेत जब्त कर लिया है।

पकड़ा गया व्यक्ति पुलिस टीम के साथ।

**आक्रोश** देवभूमि संघर्ष समिति ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

# युवती से छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक के खिलाफ कुसुम्पटी में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक विशेष समुदाय के युवक पर हिंदू युवती से छेड़खानी और जबरदस्ती का प्रयास करने का आरोप लगा है। यह मामला 6 जुलाई का बताया जा रहा है जब कुसुम्पटी बाजार में कपड़े सिलाई का काम करने वाले शहदाब नामक युवक ने कथित तौर पर अपने साथ काम करने वाली एक हिंदू युवती के घर जाकर इस घृणित कृत्य को अंजाम देने की कोशिश की। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और देवभूमि संघर्ष समिति में भारी रोष व्याप्त है, जिससे शहर में तनाव का माहौल बन गया है।

इस गंभीर आरोप के विरोध में देवभूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कुसुम्पटी बाजार में एक विशाल रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने आरोपित युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विशेष समुदाय के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

समिति के सहसंयोजक विजय शर्मा ने घटना का विस्तृत ब्यौरा देते हुए पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर तय समय-सीमा के भीतर आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो समिति एक बड़ा और व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

देवभूमि संघर्ष समिति ने इस संवेदनशील मुद्दे पर स्थानीय निवासियों से भी सहयोग की अपील की है। विजय शर्मा ने लोगों से आग्रह किया है कि वे ऐसे व्यक्तियों को किराए पर दुकान या जगह न दें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और समाज में सौहार्द बना रहे। अब सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में कितनी तेजी और गंभीरता से कार्रवाई करता है।

देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### योल के परमिंदर ने किया 101वीं बार रक्तदान

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** योल निवासी और एलआईसी धर्मशाला में बतौर डेवलपमेंट ऑफिसर कार्यरत सरदार परमिंदर सिंह ने अपने जीवन में 101वीं बार रक्तदान कर एक मिसाल कायम की है। सोमवार को उन्होंने टांडा मेडिकल कॉलेज में रक्तदान करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर ब्लड बैंक टांडा की एचओडी डॉ. अंजलि की उपस्थिति थी। रक्तदान के इस विशेष क्षण में कांगड़ा सेवियर्स की टीम भी मौजूद रही, जिन्होंने परमिंदर सिंह के जज्बे को सलाम किया। परमिंदर सिंह ने बताया कि यह उनका सामाजिक कर्तव्य है और वह युवाओं से भी नियमित रक्तदान करने की अपील करते हैं। परमिंदर सिंह को कुछ दिन पहले टांडा मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से से सम्मानित किया गया था। डॉ. अंजलि ने कहा कि नियमित रक्तदान शरीर के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ कई जिंदगियों को बचाने का माध्यम भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि परमिंदर सिंह जैसे लोगों से प्रेरणा लें और इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें।

### सांबा पंचायत में लगाया वित्तीय साक्षरता कैंप

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की सांबा पंचायत में वित्तीय साक्षरता केंद्र की ओर से एक वित्तीय साक्षरता कैंप लगाया गया। इसमें सांबा के निवासियों को सुषमा व अनिता ने बैंक के खाते को कैसे मेंटेन किया जाए, उसके बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि अगर आपका किसी भी बैंक में खाता है तो उसे समय रहते मेंटेन करवाएं। महीने में एक बार एटीएम जरूर चलाएं। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, और अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी।

### 14 पंचायतों को जवाली से जोड़ने पर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, कोटला।** बीडीओ कार्यालय जवाली में खोलने व बीडीओ कार्यालय फतेहपुर से जुड़ी विधानसभा जवाली की 14 पंचायतों को बीडीओ कार्यालय जवाली में मिलाने पर पंचायत प्रधानों सहित लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कृषि मंत्री चंद्र कुमार व पूर्व मुख्य संसदीय सचिव (शिक्षा विभाग) नीरज भारती का आभार जताया है। वहीं, पंचायत प्रधानों व जनता ने राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनमोहन सिंह व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष चैन सिंह की अध्यक्षता में विश्रामगृह जवाली में बैठक की। मनमोहन सिंह व चैन सिंह ने कहा कि बीडीओ कार्यालय नगरोटा सूरियां को जवाली में शिफ्ट करने पर नगरोटा सूरियां के कुछेक लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं।

### एनएसएस वालिंटियर्स ने डिब्बा गांव में रोपे पौधे

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरिणी के एनएसएस वालिंटियर्स ने शुक्रवार को स्कूल प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत गांव डिब्बा रिरकमार में लगभग 30 पौधे देवदार के रोपित किए। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पंकज जम्वाल, ओम राज प्रवक्ता अर्थशास्त्र, फॉरेस्ट गार्ड सनी कुमार, मनीष कुमार केएफडब्ल्यू समिति प्रधान तथा बनमित्र पायल व प्रियंका भी मौजूद रहे। इस पौधरोपण कार्यक्रम में एनएसएस वॉलिंटियर्स आनंदित, नताशा, अक्षिता, सुलेखा, सुनैना, प्रियंका, पायल, अक्षय आदि ने भाग लिया।

# कैंपिंग साइट, धार्मिक स्थलों के साथ कांगड़ा कला संग्रहालय भी पर्यटकों की पसंद

## देश-विदेश के पर्यटक करते हैं ऐतिहासिक कृतियों के दीदार

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान खास खबर

**धर्मशाला।** कांगड़ा घाटी घूमने आने वाले पर्यटकों की वैसे तो कैंपिंग साइट व धार्मिक स्थल पहली पसंद रहते हैं, लेकिन जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कांगड़ा कला संग्रहालय भी पर्यटकों की पसंद बनता जा रहा है।

धर्मशाला घूमने आने वाले पर्यटक कांगड़ा कला संग्रहालय में जाकर ऐतिहासिक कृतियों का दीदार करना नहीं भूलते। हर साल लाखों की संख्या में कांगड़ा घाटी भ्रमण पर आने वाले पर्यटक अब संग्रहालय का भी रुख करने लगे हैं। यहां यह कहना गलत न होगा कि पर्यटकों की पसंदीदा डेस्टीनेशन में संग्रहालय भी शुमार हो गया है। काबिलेगौर है कि कांगड़ा कला संग्रहालय यहां की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को अपने अंदर संजोकर बैठा है, जहां आने वाला हर पर्यटक जब यहां रखी गईं क्लेक्शन को देखता है तो फिर देखता ही रह जाता है। संग्रहालय में प्राचीन सदी की कला संस्कृति और पेंटिंग्स को भी बड़े नायाब ढंग से सहेज कर रखा गया है, जिन्हें देखकर लगता है अभी बनाई हों।

धर्मशाला घूमने आने वाले पर्यटक नहीं भूलते संग्रहालय जाना।

### अब तक 13 हजार ने किया भ्रमण

आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो बीते साल संग्रहालय में 29 हजार 919 पर्यटकों की आमद रही थी, जिनमें से 5 हजार के करीब विदेशी पर्यटक थे, जिन्होंने इस संग्रहालय का भ्रमण कर यहां प्रदर्शित ऐतिहासिक कृतियों को करीब से निहारा। इस वर्ष अब तक 13 हजार के करीब ही पर्यटक संग्रहालय में कदम धर चुके हैं।

> प्रदेश भारी बरसात से हुए नुकासन का असर पर्यटकों की आवाजाही पर भी पड़ा है। पिछले वर्ष जून माह की अपेक्षा इस वर्ष जून में संग्रहालय आने वाले आगुंतकों की संख्या में कमी आई है।
> **-रीतू मलकोटिया, क्यूरेटर, कांगड़ा कला संग्रहालय धर्मशाला**

### पिछले वर्ष के मुकाबले जून में घटे आगुंतक

**पिछले** वर्ष जून माह में कांगड़ा कला संग्रहालय में 6800 के लगभग आगुंतकों ने भ्रमण किया था, जबकि इस वर्ष बरसात के चलते इस वर्ष करीब 3600 आंगुतक ही संग्रहालय के दीदार हो पहुंचे। संग्रहालय प्रशासन की ओर से अधिक से अधिक आगुंतक यहां ऐतिहासिक कृतियों के दीदार को आएं, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# अंशिता ने उत्तीर्ण की जेईई मेन्स, जेईई एडवांस परीक्षा

कॉस्मिक विजन अकादमी की छात्रा अंशिता का मिठाई खिलाकर दी बधाई।

अनंत ज्ञान, जवाली

कॉस्मिक विजन अकादमी कैहरियां जवाली की छात्रा अंशिता पुत्री जोगिंद्र पाल ने कॉस्मिक विजन अकादमी कैहरियां से कोचिंग लेकर प्रथम प्रयास में ही जेईई मेन्स और जेईई एडवांस की परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी हमीरपुर में प्रवेश पाया है। अंशिता ने कॉस्मिक विजन इंस्टीट्यूट का नाम चमकाया है।

कॉस्मिक विजन इंस्टीट्यूट के प्रबंधक बीरेंद्र नरियाल और इंस्टीट्यूट हेड अनूप सिंह बताया कि अंशिता बहुत ही मेहनती और होनहार छात्रा है, जिसने अपने पहले ही प्रयास में जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर एनआईटी हमीरपुर में प्रवेश पाया है। इस उपलब्धि के लिए इंस्टीट्यूट प्रबंधक और स्टाफ ने अंशिता और उसके परिवार को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

**कॉस्मिक विजन अकादमी का चमकाया नाम, एनआईटी हमीरपुर में पाया प्रवेश**

### श्री साई कॉलेज का ईटीटी का रिजल्ट रहा सराहनीय

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी पठानकोट कैंपस ईटीटी 2022-2024 दूसरा वर्ष का रिजल्ट सराहनीय रहा है। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि सिंपल देवी (86.5 %) अंक लेकर पहला, रितिका (86.3 %) अंक लेकर दूसरा और कशिश ने (85 %) अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी स्टूडेंट्स ने 70 फीसदी अंक लेकर कॉलेज व माता-पिता का नाम रोशन किया।

**सिंपल देवी 86.5 % अंक लेकर फर्स्ट**

चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी और स्टूडेंट्स के आने वाले उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. केवल कृष्ण और हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर, स्टाफ ने भी बधाई दी है।

### देहरा सहकारी कर्मचारी संघ ने विधायक कमलेश से मुलाकात कर जताया आभार

#### कहा- सरकार संशोधित वेतनमान व महंगाई भत्ता देने के फैसले से खुश

सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान

**गरली।** प्रदेश सरकार की ओर से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान और महंगाई भत्ता देने के फैसले ने प्रदेशभर के सहकारी कर्मचारियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और कार्य प्रेरणा का संचार किया है। वर्षों से लंबित यह मांग अब पूरी होने पर देहरा सहकारी कर्मचारी संघ ने इसे ऐतिहासिक और संवेदनशील निर्णय करार दिया है।

विधायक कमलेश का आभार जताता प्रतिनिधिमंडल।

इसी कड़ी में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कमलेश ठाकुर से भेंटकर आभार जताया। संघ के अध्यक्ष विजय शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री रजनीश गुलेरिया और संगठन मंत्री धीरेज शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह फैसला केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं, बल्कि यह सरकार की कर्मचारी हितैषी दृष्टिकोण, प्रगतिशील सोच और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की प्रभावशाली पैरवी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के सहकारी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कमलेश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह भविष्य में भी सहकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की आवाज को सरकार तक पहुंचाती रहेंगी और सहकारिता को जनसेवा की असली भावना से जोड़ने का कार्य जारी रखेंगी।

### लंबित भुगतान का जल्द किया जाए भुगतान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा जिला पेंशनर संघ खंड परागपुर की बैठक रमेश भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंडी जिले में आई आपदा में काल का ग्रास बने लोगों और पेंशनर्स संघ के सदस्य जिनका निधन हो चुका है, उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में लगभग 100 पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। 65, 70, 75, 80 वर्ष की आयु पर मिलने वाले लाभ के बारे में सचेत किया गया।

पेंशनरों ने प्रदेश सरकार से मांग की कि पेंशनरों के जो बकाया लंबित भुगतान हैं, उनका जल्द भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि भुगतान न होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### चरस के साथ पकड़े युवकों के दो साथी पति-पत्नी गिरफ्तार

पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए गए पति-पत्नी।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** जिला पुलिस नूरपुर की ओर से 9 जुलाई 32 मील में नाकाबंदी के दौरान चरस के साथ गिरफ्तार दो युवकों के दो साथियों को भी दबोच लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों से सख्ती से पूछताछ की तो अन्य दो आरोपियों विद्या देवी पत्नी चमन लाल व चमन लाल पुत्र खुशी राम निवासी सुतराहड़ नूरपुर का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को सुतराहड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गौर रहे कि पुलिस ने नौ जुलाई को विनय कुमार पुत्र सागर निवासी नूरपुर तथा किशोरी लाल पुत्र तीर्थ राम निवासी गांव सियोली बंजार के कब्जे से 2 किलो 84 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने मामले की पुष्टि की है।

# किसानों को टमाटर की बर्बाद फसल का भी मिलेगा बीमा

**पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू**

**सोलन** जिले में फसलों का बीमा करवाने के लिए पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की जा रही है। किसानों को मक्की, धान के साथ टमाटर की फसल का बीमा मिलेगा। मक्की,धान के लिए 15 व टमाटर की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

इच्छुक किसान फसलों का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। कृषि उप निदेशक सोलन देवराज कश्यप ने बताया कि किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बिजाई प्रमाणपत्र आदि लेकर लोकमित्र केंद्रों में जाकर बीमा करवा सकते हैं। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी बीमा के लिए आवेदन किया जा सकता है। मक्की व धान की फसल के लिए 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। मक्की और

धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। टमाटर की फसल के लिए 2 लाख रुए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को टमाटर की फसल के लिए 800 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कम वर्षा, सूखा, बाढ़, भूमि कटाव, ओलावृष्टि और फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदा को कवर किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऋणी किसानों के लिए यह योजना ऐच्छिक की गई है।

उपनिदेशक ने आग्रह किया कि किसान अपनी मक्की, धान व टमाटर की फसल का बीमा करवाएं, ताकि फसलों का नुकसान होने की स्थिति में उन्हें कृषि बीमा कंपनियों से मुआवजा मिल सके।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन।**

# मक्की की फसल में सुंडी रोग लगा, तो कोराजिन का करें छिड़काव



**सोलन** जिले के बीबीएन क्षेत्र में टिड्डी दल के बाद मक्की पर सुंडी रोग का प्रकोप बढ़ गया है। सुंडी मक्की के पत्ते व तने का रस चूस रही है। इससे मक्की के पौधे पीले पड़ने शुरू हो गए हैं। कृषि विभाग ने किसानों को इसके लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी है। इसमें किसानों को कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने की सलाह दी है।

बारिश आने पर यह बीमारी 70 फीसदी समाप्त हो जाती है। अभी कुछ दिन से बारिश न होने से इसका असर ज्यादा दिख रहा है। नालागढ़ क्षेत्र में 6 हजार हेक्टेयर जमीन पर मक्की की फसल लगाई जाती है। मक्की तैयार करके किसान अपनी आर्थिकी सुधारते हैं। 135 दिन में तैयार होने वाली यह फसल किसानों को कम समय में पैसा दे देती है। यहां की मक्की का रंग व गुणवत्ता में पंजाब की मक्की से काफी बेहतर है। पंजाब की मंडियों में बीबीएन की मक्की की काफी मांग है। अब उद्योगों में भी मक्की की मांग बढ़ रही है। खेड़ा से किसान अवतार सिंह, ढांग निहली से सदा राम, मझोली से सुच्चा सिंह, राजपुरा से सर्वजीत सिंह, दभोटा से सुरमुख सिंह, नंगल से टेकचंद, पंजेहरा से राजेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले साल की तरह इस बार भी सुंडी रोग ने उनकी मक्की की फसल को तबाह करना शुरू कर दिया है, अगर किसानों ने इस पर कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं किया तो यह फैलती जाएगी और पूरे के पूरे खेत साफ कर देगी। उधर, कृषि विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. संदीप गौतम ने बताया कि किसान कोराजिन दवा का छिड़काव करें। 8 एमएल दवा को पानी में मिला कर एक बीघा में छिड़काव करें। एक पंप में दो एमएल दवाई डालें। उन्होंने बताया कि बारिश आने के बाद यह सुंडी मर जाती है, जितने दिन तक सूखा रहेगा। इसका प्रकोप बढ़ता जाएगा।

**कृषि विभाग ने किसानों के लिए जारी की एडवाइजरी**

# धरती का नव सृजनः हिमाचल की कृषि में एक नए युग का होगा सूत्रपात

हिमाचल की भूमि, जहां पहाड़ों की चुप्पी में भी जीवन का स्पंदन है, सदियों से अपनी उर्वरता के लिए विख्यात रही है। यहां की हवाओं में खेतों की खुशबू घुली है और मिट्टी में किसानों के सपनों का सार। अब इसी धरती को और भी उपजाऊ बनाने और यहां के अन्नदाताओं के जीवन में समृद्धि का एक नया अध्याय लिखने की तैयारी हो रही है। ग्रामीण अंचल में कृषि को एक सशक्त आर्थिक आधार बनाने की दिशा में, प्रदेश में एक महत्वपूर्ण कृषि परियोजना का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। यह पहल केखे तों में बीज बोना नहीं, बल्कि भविष्य के लिए आशा के अंकुर सींचना है। प्रदेश के 12 जिलों को इस बार इस महाअभियान में शामिल किया जाएगा। इसका अर्थ है कि विकास की यह धारा अब और भी अधिक गांवों और किसान परिवारों तक पहुंचेगी। यह एक समावेशी दृष्टिकोण है, जहाँ उन नए क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो अभी तक इस योजना के लाभ से वंचित थे। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

### किसानों के लिए प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण

इस महत्वाकांक्षी चरण में, किसानों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि ज्ञान और तकनीक से भी सशक्त किया जाएगा। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए जल स्रोतों का विकास किया जाएगा, जिससे सिंचाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके। सूक्ष्म-स्तरीय सिंचाई प्रणालियां लागू की जाएंगी, जो पानी के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करेंगी और फसल की पैदावार बढ़ाएंगी। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए किसानों को विभिन्न कृषि फार्मों और विश्वविद्यालयों के शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। यह अनुभव उन्हें नवीनतम पद्धतियों, उन्नत किस्मों और बाजार की मांगों को समझने में मदद करेगा, जिससे वे अपने खेतों में उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें। यह योजना केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का भी लक्ष्य रखती है। यह हिमाचल की कृषि संरचना में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**विस्तार के नए क्षितिज में 12 जिलों में कृषि उत्थान की यात्रा**

### जायका के वैश्विक सहयोग से स्थानीय विकास

यह पूरी परियोजना जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के सहयोग से संचालित हो रही है। जायका, एक जापानी सरकारी एजेंसी है जो विकासशील देशों में आर्थिक और सामाजिक विकास में सहायता करती है। यह संस्था क्षेत्र-उन्मुख दृष्टिकोण, मानव सुरक्षा और दक्षता पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। इस प्रकार, यह वैश्विक साझेदारी हिमाचल के किसानों के लिए एक उज्जवल भविष्य की राह खोल रही है।

**प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

### फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा

**किसानों** को पारंपरिक खेती से हटकर अधिक लाभदायक फसलों की ओर आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त, नई नर्सरियां स्थापित की गईं और सिंचाई के पारंपरिक साधनों जैसे कूल्हों में सुधार किया गया। इन प्रयासों की लगातार निगरानी भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा की गई, जिसने इसकी प्रगति का आकलन भी किया। इन अनुभवों और सफलताओं को समेटे हुए, यह नया चरण पूरे हिमाचल प्रदेश में कृषि विकास की एक नई लहर लाने के लिए तैयार है।

### सफलता की नींव में पहले चरण की उपलब्धियां

**इस** नई पहल की नींव पहले चरण की सफलताओं पर आधारित है। बीते चरण में 325 करोड़ रुपए का निवेश किया गया, जिससे कई महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुईं। शुरुआती चरण में राज्य के पांच जिलों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चला, जहां किसानों को मजबूत किसान संघों और कमेटियों के साथ जोड़ा गया। इन संगठनों को कृषि उत्पादन बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए गहन प्रशिक्षण दिया गया।

### आवास योजना के तहत गलत आवंटन का मामला

# पूर्व प्रधान सहित दो महिलाएं दोषी करार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विशेष** न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कांगड़ा राजेश चौहान ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में बंदला पंचायत से संबंधित 2 महिलाओं इच्छया देवी और पूर्व प्रधान बंदला पंचायत सुदर्शना देवी को विभिन्न आपराधिक धाराओं में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है।

बंदला निवासी इच्छया देवी को आईपीसी की धारा 420 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 467 के तहत 1 साल कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माना, आईपीसी की धारा 468 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार जुर्माना, आईपीसी की धारा 471 के तहत 3 महीने की सजा व 5 हजार जुर्माना, धारा 120 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार जुर्माना तथा पूर्व प्रधान बंदला सुदर्शना देवी को आईपीसी की धारा 420 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी के धारा 467 के तहत एक साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 468 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार रुपए, आईपीसी की धारा 471 के तहत 3 महीने की सजा व 5 हजार रुपए जुर्माना, आईपीसी की धारा 120 के तहत 6 महीने की सजा व 5 हजार रुपए जुर्माना, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत एक साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। यह सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। स्टेट विजिलेंस थाना धर्मशाला के जिला अभियोजन अधिकारी देवेंद्र चौधरी ने बताया कि वर्ष 2005 में एक मामला सामने आया था, जिसमें शिकायतकर्ता बंदला निवासी त्रिलोक चंद ने पुलिस अधीक्षक, विजिलेंस धर्मशाला को शिकायत दी थी कि वह एक आईआरडीपी परिवार से है, और उसका आईआरडीपी नंबर धोखे से पंचायत की तत्कालीन प्रधान सुदर्शना देवी व सचिव धर्म चंद ने मिलकर अपने लाभ के लिए उपयोग किया। इन लोगों ने मिलकर एक फर्जी पंचायत प्रस्ताव बनवाया, जिसके आधार पर इच्छया देवी को राजीव आवास योजना के तहत 27,500 रुपए की राशि जारी की गई, जबकि वह योजना के तहत पात्र नहीं थीं। जांच के दौरान एसई बीपीओ रत्तन चंद और बाद में सह आरोपी धर्म चंद की मृत्यु हो गई। विजिलेंस की जांच के बाद मामले में आरोप पत्र दाखिल किया गया था और लंबी सुनवाई के बाद शुक्रवार को यह निर्णय आया।

# पालमपुर सब्जी मंडी में खोला जाएगा पार्किंग स्पेस : मोंगरा

## एपीएमसी चेयरमैन ने किया पालमपुर मंडी का निरीक्षण

**कांगड़ा मंडी को कछियारी व धर्मशाला मंडी को पास्सू किया जा रहा शिफ्ट, नहीं बन रही नई मंडी**

पालमपुर सब्जी मंडी का निरीक्षण करते एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एपीएमसी** के जिला और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने वीरवार को पालमपुर सब्जी मंडी का दौरा किया।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले के तहत पालमपुर की सब्जी मंडी में पार्किंग के स्पेस को खोला जा रहा है। इसमें बाधा बन रहे ढांचे को गिराया जा रहा है। इसके दो फायदे होंगे, एक तो किसानों को मंडी में जगह मिलेगी व दूसरा मार्केट के बाहर सुबह आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम से भी छुटकारा मिलेगा। मोंगरा ने बताया कि पालमपुर सब्जी मंडी में कुल 39 दुकानें हैं। सुबह मंडी में जगह न होने के कारण किसानों को दिक्कत होती है। साथ ही मंडी के बाहर अकसर जाम लग जाता है। इसमें खासकर स्कूली छात्रों को कठिनाई होती है। इससे निजात पाने के लिए एपीएमसी बाधा बन रहे मंडी के एक ढांचे को गिरा रही है। मोंगरा ने बताया कि इससे सैकड़ों किसानों को राहत मिलेगी। मोंगरा ने कहा कि आने वाले दिनों में पालमपुर मंडी में स्टोर रूम व रिपेयर आदि पर 22 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस पर जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। मोंगरा ने कहा कि इच्छी, सहौड़ा, जमानाबाद, नंदेहड़, कछियारी, खोली आदि इलाकों में सबसे ज्यादा सब्जी होती है।

### किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के दिए निर्देश

**निरीक्षण** के दौरान मोंगरा ने निर्देश दिए कि किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। मोंगरा ने स्पष्ट किया कि कछियारी और पास्सू में नई मंडियां नहीं बन रही हैं। उन्होने कहा कि कांगड़ा के गुप्त गंगा की मंडी को कछियारी शिफ्ट किया जा रहा है। इसी तरह चरान में बनी मंडी को पास्सू शिफ्ट किया जा रहा है।

किसान लगातार नए और छोटे मार्केट यार्ड की मांग कर रहे हैं। कांगड़ा और चरान में किसानों का पहुंचना कठिन होता है। उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

## जयसिंहपुर तहसील में 'माई डीड' पायलट प्रोजेक्ट शुरू : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिले की जयसिंहपुर तहसील के लिए 'माई डीड' एनजीडीआरएस (नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम) पायलट प्रोजेक्ट का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। अब इस क्षेत्र के नागरिकों को अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए केवल एक बार कार्यालय जाना होगा। वे किसी भी समय और कहीं से भी भूमि पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिससे उनका समय और श्रम बचेगा। उन्होंने कहा कि सरकार राजस्व विभाग के कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ई-रोजनामचा वाक्याती से पटवारियों को प्रतिदिन की गतिविधियों का डिजिटल रिकॉर्ड रखने में सुविधा मिलेगी, जबकि कारगुजारी प्रणाली से वे अपनी दैनिक हाजिरी ऑनलाइन लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से अब तहसीलदार भी अपने कार्यों की निगरानी अधिक प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।

### हैप्पी बर्थडे

अर्की (भूमती) के विनय शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## दो बस यात्री 3.5 किलो चूरापोस्त के साथ काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब पुलिस ने माधोपुर नाके के दौरान एक बस में सवार दो यात्रियों से साढ़े तीन किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। एसएचओ मोहित टाक ने बताया कि एएसआई बलजीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ माधोपुर में नाका लगाया हुआ था।

जम्मू-कश्मीर से आ रही हरियाणा नंबर की एक बस को रोककर तलाशी ली गई तो दो यात्रियों से साढ़े तीन किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान जसवीर सिंह उर्फ बीरू निवासी अखाड़ा, थाना फगवाड़ा, जिला जालंधर और अजीत कुमार उर्फ अमरजीत निवासी गांव न्योली, थाना फगवाड़ा, जिला जालंधर के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ सुजानपुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड लिया जाएगा और आगे की जांच जारी है।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर देश की बना सकते हैं संपत्ति : सीएमओ

विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** स्वास्थ्य विभाग कांगड़ा एवं मेरा युवा कांगड़ा द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की ओर से मेरा युवा भारत कांगड़ा द्वारा भेंट किए गए पौधों का रोपण कर किया गया, जिसे पर्यावरण एवं जनसंख्या संतुलन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। सीएमओ ने कहा कि यदि देश की युवा आबादी को सही दिशा, शिक्षा और कौशल उपलब्ध कराया जाए, तो यही बढ़ती जनसंख्या हमारे लिए एक जनसांख्यिकीय लाभांश बन सकती है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर हम उन्हें देश की संपत्ति बना सकते हैं, न कि बोझ। उन्होंने कहा कि युवाओं में शादी का सही समय, बच्चे व बच्चों के बीच सही अंतर के बारे जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, जिससे मां व बच्चे का बेहतर स्वास्थ्य व सशक्त समाज का उद्देश्य पूर्ण होगा।

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में वंशिका प्रथम

**पोस्टर** मेकिंग और विवाद प्रतियोगिता भी करवाई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वंशिका, हिमांशी व वंशिका, वाद-विवाद प्रतियोगिता में तनिशा, अभिषेक, प्रियंका ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। समापन पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# प्रदेश की घरोहरों को बेचने पर तुली सुक्खू सरकार : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कहा- एचपीटीडीसी का राजस्व 100 करोड़ पार, तो होटल घाटे में कैसे**

**पूर्व** विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह विस क्षेत्र के भाजपा विधायक विपिन परमार ने प्रदेश को एक लाख करोड़ का कर्ज में डुबोने के बाद सुक्खू सरकार द्वारा अब हिमाचल पर्यटन निगम के 14 होटलों को निजी हाथों में सौंपने पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आर्थिक बदहाली का झूठा रोना रोकर सरकारी संपत्तियों को बेचने पर तुली हुई है। सरकार ने इससे पहले प्रदेश हाईकोर्ट से 18 होटलों को घाटे से उभारने के लिए समय मांगा था, लेकिन सरकार अपने प्रयासों में असफल रही। अब सरकार पुनः 14 होटलों को निजी हाथों में देने की तैयारी में हैं। इन 14 होटलों में ऐसे कई होटल हैं, जिन्हें प्रदेश की धरोहर के रूप में भी पर्यटक देखते हैं, जिन्हें बेचना तर्कसंगत नहीं है। प्रदेश सरकार ने जनता के साथ उच्च न्यायालय को भी गुमराह किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सीएम सुक्खू सरकार को चलाने में पूरी तरह से नाकाम हुए हैं। इससे पहले भी सुक्खू सरकार ने झूठी रिपोर्ट तैयार कर 18 होटलों को घाटे में दिखाया था, ताकि होटलों को निजी हाथों में देकर अपचे चेहतों को खुश किया जा सके। उन्होंने कहा कि होटलों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को फिर से रोजगार जाने का डर पैदा हो चुका है। नियमित व अनियमित कर्मचारी पूरी तरह से बेरोजगारी की दलदल में जा गिरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### द्रंग स्कूल के प्रवक्ता सुरिंद्र सेवानिवृत्त

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल द्रंग के प्रवक्ता सुरेंद्र जरियाल को उनकी सेवानिवृत्ति पर प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं प्रधानाचार्य अजय कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सुशील कुमार तथा अन्य प्रवक्ता साथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया। संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत अटवाल, मुख्य संरक्षक राकेश भडवाल, वित्त सचिव तिलक राणा आदि ने सुरिंदर जरियाल को सेवानिवृत्ति की बधाई दी।

### भवारना में किसान समृद्धि योजना की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय धर्मशाला द्वारा विशेष मेगा एग्रीकल्चर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन भवारना के कम्युनिटी हॉल में किया गया। प्रधान कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक सुनील अग्रवाल उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय धर्मशाला से मंडल प्रमुख संजय धर, उपमंडल प्रमुख भरत ठाकुर और बैंक के कृषि अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, स्वयं सहायता समूह, किसान समृद्धि योजना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं, ऋण सुविधाओं एवं लाभकारी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसी कार्यक्रम में एम स्वस्थ द्वारा स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया।

### धानग पंचायत में लगाए चार और वाटर कूलर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की धानग पंचायत में ठंडे पानी के चार और वाटर कूलर लगाए गए हैं। पंचायत प्रधान रोहित कपूर ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर यह कूलर स्थापित किए गए। अब ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद भी पूरी पंचायत में वाटर कूलर की संख्या 13 हो गई है। रोहित कपूर ने कहा कि यदि और कहीं वाटर कूलर की आवश्यकता है तो वहां पर भी वाटर कूलर लगाया जा सकेगा, उसके लिए बिजली की व्यवस्था होना अनिवार्य है।

### आईटीआई बैजनाथ में कैंपस इंटरव्यू 15 को

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ की प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने जानकारी दी कि आईटीआई बैजनाथ में औद्योगिक क्षेत्र बद्दी से वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड कंपनी द्वारा 15 जुलाई को 10वीं, 12वीं, आईटीआई तथा स्नातक उत्तीर्ण युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को पहले आठ माह के लिए 12750 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड तथा उसके पश्चात 13064 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा।

### सफलताओं का उत्सव पर पॉडकास्ट का प्रसारण

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में शुक्रवार को असफलताओं का उत्सव पर पॉडकास्ट का सजीव प्रसारण किया गया। इसमें शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल द्वारा आरंभ की गई नई पॉडकास्ट श्रृंखला का एक एपिसोड प्रसारित किया गया। इस श्रृंखला का उद्देश्य नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में असफलताओं से मिली सीख, संघर्षों और पुनः प्रयासों की प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाना है। इस एपिसोड में कू ऐप के सह संस्थापक मयंक बिदावतका ने एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जरे के साथ संवाद किया। उन्होंने अपने उद्यमिता के सफर, आई चुनौतियों, असफलताओं और उनसे मिली सीखों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया।

## बरसात की छुटिटयों में न खोले जाएं बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी स्कूल

**स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने निजी स्कूलों को जारी किए निर्देश**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से प्रदेश के शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सभी निजी स्कूलों को मानसून अवकाश के दौरान स्कूल न खोलने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि यह निर्देश निदेशक उच्च शिक्षा शिमला की ओर से 8 अप्रैल को जारी पत्र संख्या के आधार पर दिए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार ग्रीष्मकालीन स्कूलों में 12 जुलाई से 12 अगस्त तक, कुल्लू जिले में 20 जुलाई से 12 अगस्त तक, शीतकालीन स्कूलों में 7 अगस्त से 12 अगस्त तक तथा अत्यधिक गर्मी वाले क्षेत्रों जैसे नालागढ़, फतेहपुर, नूरपुर, नगरोटा सूरियां, इंदौरा, पांवटा साहिब व अंब (ऊना) में 3 अगस्त से 12 अगस्त तक मानसून अवकाश घोषित किया गया है। सचिव ने सभी निजी स्कूलों को निर्देशित किया है कि इस अवधि में किसी भी स्थिति में स्कूल नहीं खोले जाएं। यदि किसी स्कूल द्वारा इस आदेश की अवहेलना की जाती है या भारी बारिश के कारण कोई घटना घटती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित स्कूल की होगी और बोर्ड की संबद्धता नियमावली के तहत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बोर्ड ने इसे अत्यंत आवश्यक व अनुकरणीय निर्देश बताया है।

### बीएड कॉलेज धर्मशाला में प्रशिक्षुओं को दिया आगे बढ़ने का संदेश

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय अध्यापक शिक्षा कॉलेज धर्मशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित।

**राजकीय** अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में सत्र 2024-25 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गा। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. आरती वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रो. प्रीति प्रभा ने सालभर की उपलब्धियों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। वहीं, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रशिक्षुओं को लगभग 190 से भी अधिक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न सत्रों की परीक्षा में प्रथम सत्र में प्रथम आंचल, प्रिया एवं तनीशा व द्वितीय रीतिका धीमान रहे। दूसरे सत्र में द्वितीय मानसी व यामिनी व तृतीय लवीना व रंजना रहे। तीसरे सत्र में प्रथम कृतिश, द्वितीय प्रिया व तृतीय मानसी एवं अंकित नाटियाल रहे। चौथे सत्र में प्रथम अनुप्रिया, द्वितीय आरती चौहना व कृष्णा गुप्ता तृतीय शिवानी और नेहा रहे। इसके बाद तृतीय सत्र के छयाल सिंह और शिखा को उत्कृष्ट धावक पुरस्कार से सम्मानित किया।

### साहिल और हिमानी को उत्कृष्ट कलाकार सम्मान

सांस्कृतिक गतिविधियों में शानदार प्रस्तुती करने पर द्वितीय सत्र के साहिल और हिमानी को उत्कृष्ट कलाकार सम्मान से नवाजा गया। साथ ही सड़क सुरक्षा क्लब, रोबर-रेंजर्स यूनिट और रेड रिब्बन क्लब में पारस, रुचिका, स्मृति, संदीप, राजेश्वरी और आयुष को उत्कृष्ट स्वयं सेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चतुर्थ सत्र की समृति शर्मा को उत्कृष्ट छात्रावास छात्रा सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के दौरान प्रशिक्षुओं ने देश भक्ति गीत एवं हिमाचली नाटी प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर प्रो. युगराज सिंह, डॉ. अतुल आचार्य व डॉ. मनोज कुमार सहित सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी समारोह में उपस्थित रहे।

## कांग्रेसराज में भारी मात्रा में हुआ अवैध कटान : पठानिया

**बोले- जल्द हो जांच, अभी तक नहीं दिया कोई जवाब**

**पौंग बांध में पहुंची हजारों टन लकड़ी पर साधा निशाना**

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मंडी जिले के पंडोह बांध के बाद अब कांगड़ा का पौंग बांध भी भारी मात्रा में लकड़ी आई है। पौंग बांध के मुख्य गेट के आसपास अब लकड़ी से झील लबालब भर रही है। सरकार व संबंधित विभाग ने अगर समय रहते लकड़ी को काबू में नहीं किया और झील के गेट खोले तो लकड़ी ब्यास नदी में समा जाएगी। अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाया था। अब पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने भी इस मामले पर सवाल उठा हैं। उन्होंने कहा कि यह जो बेशकीमती लकड़ी पंडोह बांध से पौंग बांध में पहुंची है, यह अवैध कटान की लकड़ी है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार थी और मैं वन मंत्री था, तो निगम कभी घाटे में नहीं गया, लेकिन कांग्रेस कार्यकाल में निगम कैसे घाटे में चला गया। उन्होंने कहा कि इस बेशकीमती लकड़ी को लेकर अभी तक सरकार का कोई जवाब नहीं आया है। सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान भी नहीं दिया है जिससे साबित हो रहा है कि कहीं न कहीं गड़बड़ जरूर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सता में आई तो इसकी जांच करवाई जाएगी।

# 700 हेक्टेयर नई प्लांटेशन और रोपित पौधों की देखरेख का टारगेट

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**पिछले वर्ष 1300 हेक्टेयर एरिया में रोपित किए गए थे साढ़े दस लाख पौधे**

**धर्मशाला।** बरसात में वन विभाग द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जाता है, जिसकी तैयारी में विभाग जुट गया है। वन वृत्त धर्मशाला जिसके अधीन वन मंडल धर्मशाला, पालमपुर व नूरपुर आते हैं, उनको नई प्लांटेशन व पूर्व में की गई प्लांटेशन की देखरेख का टारगेट मिल चुका है।

जानकारी के अनुसार वन वृत्त द्वारा पौधरोपण के लिए प्लान तैयार कर स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा जाता है। इसके तहत अभी तक वन वृत्त के अंतर्गत 700 हेक्टेयर में नए पौधरोपण और 820 हेक्टेयर एरिया जिसमें पिछले वर्षों में पौधरोपण किया गया है, उसकी देखरेख का टारगेट मिला है। इसके लिए फील्ड में प्री प्लांटेशन गतिविधियां व पौधरोपण का कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। टारगेट पूरा होने के बाद ही कुल पौधरोपण का सही आंकड़ा सामने आएगा। पिछले वर्ष 1300 हेक्टेयर एरिया में नए पौधे रोपित किए गए थे, जिसके तहत करीब साढ़े दस लाख पौधे रोपित किए गए थे। गौरतलब है कि हर वर्ष वन विभाग की ओर से बरसात में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया जाता है, जिसमें विभिन्न संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाता है। वन विभाग द्वारा किए जाने वाले पौधारोपण के लिए पौधे भी विभाग की नर्सरीज में तैयार किए जाते हैं।

> वन वृत्त के अंतर्गत अभी तक 700 हेक्टेयर में नए पौधरोपण और 820 हेक्टेयर एरिया जिसमें पिछले वर्षों में पौधरोपण किया गया है, उसकी देखरेख का टारगेट मिला है। पिछले वर्ष 1300 हेक्टेयर एरिया में साढ़े दस लाख पौधे रोपित किए गए थे।
>
> **-बासु कौशल, चीफ कंजरवेटर ऑफ फारेस्ट, फारेस्ट सर्किल धर्मशाला।**

# प्रतिबिंब: एक साहित्यिक आईना

समीक्षक : राजेन्द्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार

**हिमाचल** प्रदेश अपने चांदी से चमकते खूबसूरत ललाट और हरियाली के लिए तो जाना ही जाता है, बल्कि साहित्यिक गतिविधियों के लिए भी हमेशा सुर्खियों में रहता है। इसी क्रम में ऊना स्थित साहित्यिक संस्था 'दर्पण' द्वारा प्रकाशित प्रथम स्मारिका 'प्रतिबिंब' न केवल एक भव्य साहित्यिक दस्तावेज है, बल्कि हिमाचली साहित्य का प्रतिबिंब भी बनकर उभरती है।

संस्था की प्रथम वर्षगांठ पर विमोचित यह स्मारिका 100 पृष्ठों में फैली विविध विधाओं की लगभग 40 रचनाकारों की रचनाओं का अद्भुत संगम है। इसमें वरिष्ठ साहित्यकारों से लेकर युवा कवियों-कवयित्रियों की कविताएं, गजलें, गीत और छंद संकलित हैं। मुख्य संपादक अशोक कालिया और सहयोगी संपादकों रामपाल शर्मा, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार और अलका चावला ने रचनात्मक संतुलन को बखूबी साधा है। राकेश भारतीय की 'मरहम रिश्तों के' हो या अंकुश शर्मा की 'सूर्यास्त', डॉ. राजकुमार की 'कारगिल शहीदों को प्रणाम' से लेकर डेजी एस. शर्मा की मार्मिक 'मेरा तीसरा खत'-सभी रचनाएं दिल को छूने वाली हैं। ललिता कश्यप, मोनिका शर्मा सारथी, प्रतिभा शर्मा और अलका चावला की कविताएं स्त्री भावनाओं और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करती हैं। कवि सुभाष पारस की रचनाएं विशेष रूप से आकर्षित करती हैं, वहीं वीरेंद्र दत्त शर्मा, संतोष शर्मा, रचना रानी जैसे रचनाकारों की उपस्थिति स्मारिका को और सशक्त बनाती है।

युवा प्रतिभाओं जैसे मधुसूदन गौतम, दीपक शर्मा, राजीव शर्मन को स्थान देकर संपादक मंडल ने भविष्य की साहित्यिक विरासत को सम्मान दिया है। 'प्रतिबिंब' की अंतिम पंक्तियों में अशोक कालिया के शायराना गुंचे इसे एक पूर्णता प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर कहें तो 'प्रतिबिंब' न केवल एक स्मारिका है, बल्कि हिमाचल की साहित्यिक आत्मा की जीवंत अभिव्यक्ति है, जो आने वाले वर्षों तक एक प्रेरक दस्तावेज के रूप में जीवित रहेगी। 'दर्पण' की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कुटलैहड़ कि विधायक विवेक शर्मा, जिला भाषा अधिकारी निकू राम, उपायुक्त जिला ऊना जनाब जतिन लाल और निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग डॉक्टर पंकज ललित के शुभकामना संदेश भी प्रकाशित किए गए हैं जो स्मारिका में चार चांद लगाते नजर आते हैं।

# कुलपति प्रो. नवीन ने प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

बागवानी फसलों की संरक्षित खेती और मूल्य संवर्धन पर आयोजित प्रशिक्षण का समापन हो गया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के विस्तार शिक्षा निदेशालय की ओर से आयोजित सब्जियों और बागवानी फसलों की संरक्षित खेती और मूल्य संवर्धन विषय पर 16 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

इस प्रशिक्षण में भारतीय वायुसेना के 15 जेसीओ और समकक्ष रैंक के कर्मियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने प्रशिक्षुओं को सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्राप्त करने के उनके प्रयासों की सराहना की, जो उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियोजन और स्वरोजगार के अवसर तलाशने में सक्षम बनाएगा। वहीं, मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षुओं को कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र भी वितरित किए। भारतीय सेना की ओर से विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत सिंह जस्वाल ने प्रशिक्षुओं को कृषि और बागवानी में उद्यमशीलता के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। पुनर्वास महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 16 सप्ताह के इस पाठ्यक्रम में बेमौसमी सब्जी उत्पादन, संरक्षित खेती, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन, और जूस, अचार तथा बाजरा आधारित खाद्य पदार्थों जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षुओं ने पॉलीहाउस, प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालय के खेतों में व्यापक व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### थाची में विद्यालय पत्रिका ज्ञानज्योति का विमोचन

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलाल थाची में विद्यालय पत्रिका ज्ञानज्योति के दूसरे अंक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य फूलावती वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति कौठन वर्मा और सदस्य गण भी मौजूद रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय को पत्रिका प्रकाशन के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पत्रिका के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और लेखन कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय पत्रिका ज्ञानज्योति का विमोचन विद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पत्रिका विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और लेखन कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

### सुदामा राम मेहता को मिली प्रधान पद की कमान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पेंशनर्स कल्याण संघ खंड रामपुर की त्रैमासिक बैठक आज पंचायत समिति सभागार में संपन्न हुई। बैठक बहादुर सिंह भलूनी की अध्यक्षता में की गई। इस मौके पर पेंशनर्स कल्याण खंड रामपुर के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार द्वारा पिछले तीन वर्षों के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में कुछ विघटनकारी एवं अनुशासन की अनुपालना करने वाले कुछ सदस्यों को 6 वर्ष तक निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर आगामी 3 साल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। स्क्रीनिंग समिति सदस्य गोपाल पलसरा तथा प्रभु लाल नेगी की मौजूदगी में यह चयन किया गया। बहादुर सिंह भलुनी ने पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाई। नई कार्यकारिणी में सुदामा राम मेहता को प्रधान पद की कमान सौंप गई। जबकि वीर सिंह कपूर को वरिष्ठ उप प्रधान, कृष्ण कुमार शर्मा को महासचिव, राजेंद्र पालसरा को कोषाध्यक्ष, मोहनलाल को वरिष्ठ प्रधान तथा तुलसी राम, राम सिंह चौहान, शशि बाला नेगी, प्रेमलता गुप्ता को उप प्रधान चुना गया। जबकि बालक राम भंडारी लेखा परीक्षक के रूप में कार्य करेंगे। प्रधान सुदामा राम मेहता ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सौंप गई है उसे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

# बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का किया विरोध

## जेएसी ने संवैधानिक अधिकारों का हवाला देते हुए तुरंत आदेश वापस लेने की मांग की

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के कर्मचारियों, इंजीनियरों व पेंशनभोगियों की संयुक्त कार्रवाई समिति ने एचपीएसईबीएल द्वारा 10 जुलाई को जारी उस आदेश की कड़ी निंदा की है, जिसमें एचपीएसईबीएल कार्यालय परिसर के सामने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

जेएसी ने इस प्रतिबंध को भारत के संविधान के तहत गारंटीकृत शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति के कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकार का उल्लंघन बताया है, विशेष रूप से अनुच्छेद 19(1) का हवाला देते हुए, जो प्रत्येक कर्मचारी को शांतिपूर्ण विरोध और सभा का अधिकार देता है। समिति का कहना है कि ये मौलिक अधिकार हैं और इन्हें किसी प्रशासनिक आदेश से छीना नहीं जा सकता।

जेएसी ने निदेशक (कार्मिक) को संबोधित अपने पत्र में बातचीत और वार्ता के माध्यम से मुद्दों को हल करने में अपना विश्वास व्यक्त किया, लेकिन इस बात पर निराशा जताई कि प्रबंधन पिछले पांच महीनों से उनके साथ बैठक करने में विफल रहा है। इस संवादहीनता के कारण ही उन्हें अपनी मांगों के समर्थन में पूरे राज्य में 'बिजली पंचायतें' आयोजित करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

जेएसी ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के माध्यम से असहमति व्यक्त करना एक पुराना और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त तरीका है, जो शिकायतों को सीधे निर्णय लेने वालों के ध्यान में लाता है। उन्होंने एचपीएसईबीएल के उन दावों को भी खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि कर्मचारियों को विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए काम के घंटों के दौरान अपनी सीट छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है, यह स्पष्ट करते हुए कि उनकी भागीदारी सेवा-संबंधी मुद्दों और नीतियों पर वास्तविक चिंता से उपजी है।

### जेएसी के साथ बैठक बुलाने का किया अनुरोध

**संयुक्त** कार्रवाई समिति ने प्रबंधन से इस मनमाने आदेश को तुरंत वापस लेने और पूर्व में सौंपे गए मुद्दों पर जेएसी के साथ एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। जेएसी का मानना है कि यह प्रतिबंध एचपीएसईबीएल में युक्तिकरण और संरचनात्मक परिवर्तनों के मामले में कर्मचारियों के प्रतिरोध को कम करने के लिए जारी किया गया है।

### कर्मियों संग बेहतर संबंध बनाने की होगी पहल

**जेएसी** ने चेतावनी दी है कि प्रबंधन के ऐसे कृत्यों का कड़ा विरोध किया जाएगा। जेएसी को उम्मीद है कि एचपीएसईबीएल प्रबंधन जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगा और प्रबंधन-कर्मचारी के बीच स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए बातचीत के माध्यम से मुद्दों का समाधान करेगा।

# सेब बागान के वायरस का सरकार जल्द करे समाधान: चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** के सेब बागान एक अज्ञात और तेजी से फैल रहे वायरस के गंभीर खतरे का सामना कर रहे हैं, जिसने राज्य की 5,000 करोड़ रुपए की बागवानी अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप और प्रभावी समाधान की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है कि इस बीमारी की जड़ तक पहुंचा जाए और इसके लिए नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को हर संभव संसाधन और प्रोत्साहन दिया जाए।

बरागटा ने बताया कि नौणी विवि के वैज्ञानिक इन दिनों सेब बागानों का दौरा कर रहे हैं और पत्तों के नमूने इकट्ठा कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह बीमारी 'अल्टरनेरिया' है या कोई नया, अधिक खतरनाक वायरस। उन्होंने सवाल उठाया, जब तक बीमारी का सही कारण नहीं पता चलेगा, तब तक उसका समाधान कैसे होगा? बरागटा ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले दो वर्षों से यह बीमारी सेब बागानों को भारी नुकसान पहुंचा रही है, जिससे बागवानों की आजीविका सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। भाजपा प्रवक्ता ने बागवानी विभाग के मौजूदा स्प्रे शेड्यूल पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बागवान इसी शेड्यूल का पालन कर रहे हैं, फिर भी बीमारी खत्म नहीं हो रही। उन्होंने पूछा, 'क्या अब इस शेड्यूल में बदलाव और इनोवेशन की जरूरत नहीं है? क्योंकि अब सेब बागानों में नए वायरस तेजी से फैल रहे हैं।' बरागटा ने गंभीर आशंका व्यक्त की कि कहीं यह वायरस उन पौधों के माध्यम से तो नहीं आ रहे, जो विदेशों से आयात किए जा रहे हैं। उन्होंने अपनी पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस का हवाला देते हुए दोहराया कि विदेशों से आने वाले पौधों को कम से कम डेढ़ साल तक क्वारंटीन किया जाना चाहिए।

## सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड, एमएड संस्थान नोगली में विदाई समारोह

# हर्षिता डोगरा मिस व अमित चुने मिस्टर सर्वपल्ली

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

मिस व मिस्टर सर्वपल्ली चुनने के बाद हर्षिता डोगरा और अमित के साथ अन्य।

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड, एमएड संस्थान नोगली (बलना) में विदाई समारोह शीर्षक रुखसत की दहलीज पर का आयोजन प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इसमें स्नातक (बीएड) अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को विदाई दी गई।

प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज, शिक्षक व गैर-शिक्षक वर्ग तथा द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को तिलक लगा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का आगाज डॉ. मुकेश शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलित कर किया। उन्होंने कहा कि संस्थान में अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को विदाई देना, प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए एक महत्वपूर्ण और भावुक अवसर होता है। यह न केवल अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है, बल्कि एक-दूसरे के साथ बिताए गए सुनहरे पलों को याद करने का भी एक अवसर है।

संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने कहा कि विदाई समारोह, प्रथम वर्ष के छात्रों को द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। प्रधानाचार्या ने वर्ष भर की गतिविधियों की सराहना करते हुए अंतिम वर्ष के प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी प्रशिक्षुओं ने मिलकर नृत्य एवं नाटी का आनंद लिया। द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्रा हर्षिता डोगरा मिस सर्वपल्ली और प्रशिक्षु छात्र अमित ठाकुर मिस्टर सर्वपल्ली, मिस टैलेंटेड छात्रा सिमरन चौहान मिस्टर टैलेंटेड छात्र दीपक ठाकुर, मिस ग्रेसफुल छात्रा हर्षिता शर्मा, मिस्टर ग्रेसफुल छात्र दीपक नेगी व मिस्टर वर्सेटाइल रोहित सुधाकर को चुने गए। इस अवसर पर सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग एवं अभिभावक वर्ग उपस्थित रहे।

# चेबड़ी में शराब ठेके के विरोध में महिलाओं का धरना जारी

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

**सुन्नी।** उपमंडल सुन्नी की ग्राम पंचायत चेबड़ी में शराब ठेके के विरोध में महिलाओं का धरना जारी है। पिछले लगभग 12 दिन से धरने पर बैठी महिलाओं के पक्ष में पूरी पंचायत आ गई है और पंचायत के सभी पदाधिकारियों ने बीते बुधवार को आयोजित ग्राम सभा में सामूहिक इस्तीफे का ऐलान कर दिया है।

पंचायत के प्रधान छविंद्र पाल ने बताया कि प्रशासन अगर तीन दिनों के अंदर ठेका बंद या इसे चेवड़ी से अन्य जगह के लिए स्थानांतरित करने का फैसला नहीं लेता और महिलाओं के ऊपर दर्ज एफआईआर वापस नहीं होती है तो समस्त पंचायत प्रतिनिधि सामूहिक इस्तीफा जिला पंचायत अधिकारी को सौंपा जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र के छह महिला मंडलों के पदाधिकारी भी अपने इस्तीफे संबंधित अधिकारी को सौंप देंगे।

### पंचायत का आबकारी एवं कराधान विभाग के खिलाफ विरोध

**पंचायत** ने यह निर्णय आबकारी एवं कराधान विभाग के मनमाने रवैये के खिलाफ लिया है। मई माह में चेबड़ी पंचायत के खेरा में खुले ठेके का महिलाओं सहित क्षेत्र के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया था। प्रशासन भी इस दिशा में मध्यस्ता कर चुका है, परंतु महिलाएं ठेका बंद करने पर अड़ी हैं।

### ग्रामीणों का समर्थन

**बीते** बुधवार को चेवड़ी पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने एकमत से ठेका बंद करने हेतु आवाज बुलंद की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और ठेका बंद करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# महिला मंडलों की अवैध शराब के कारोबार की शिकायत पर आबकारी विभाग ने की छापामारी

अनंत ज्ञान, जुन्गा

पीरन पंचायत में आबकारी विभाग के अधिकारी महिला मंडल के सदस्यों के साथ।

**सरकार** द्वारा चलाए जा रहे नशा निवारण अभियान के तहत आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने बीते रोज मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की पंचायत पीरन में विभिन्न दुकानों व ढाबों का औचक निरीक्षण किया। जिसकी पुष्टि उपायुक्त आबकारी एवं कराधान हिप्र प्रदीप शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि पीरन पंचायत के महिला मंडलों ने गांव में अवैध रूप से शराब बारे शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए पीरन पंचायत के अंतर्गत आने वाली सभी दुकानों व ढाबों का औचक निरीक्षण किया, परंतु किसी भी दुकान में अवैध रूप से स्टॉक की गई शराब बरामद नहीं हुई।

गौर रहे कि पंचायत प्रधान किरण शर्मा और ग्राम संगठन की प्रधान बिमला वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने बीते एक सप्ताह से पंचायत में अवैध रूप से बेची जा रही शराब का कारोबार बंद करने के लिए अपने स्तर पर रात्रि को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। जिसमें लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बारे भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत में काफी युवा शराब के आदी बन चुके हैं, जिसका कुप्रभाव समाज के अन्य युवाओं पर भी पड़ रहा है जोकि चिंता का विषय है।

इसके बाद विभाग के सहायक राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी ठियोग वृत राजेश नेगी और सहायक कर एवं आबकारी अधिकारी (आबकारी) शिमला कमल चंद ने महिला मंडल के साथ पीरन पंचायत घर में एक बैठक की गई। विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं द्वारा नशा निवारण के उठाए गए पग की सराहना करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से पंचायत में शराब का कारोबार करता है उसकी सूचना तुरंत विभाग को दी जाए। उन्होंने लोगों से यह भी आग्रह किया कि अवैध रूप से बेची जा रही शराब का सेवन न करें क्योंकि इनमें मिलावट होने की अधिक संभावना रहती है जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है।

# मिनर्वा स्टडी सर्किल ने टेलेंट हंट एग्जाम हिम क्वेस्ट किया लांच

हिम-क्ववेस्ट के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने का मिलेगा अवसर।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

मिनर्वा शिक्षण संस्थान ने स्टूडेंट्स को नया मंच प्रदान करने के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है। संस्थान हिम-क्वेस्ट 2025 के माध्यम से हर छात्र को आगे बढ़ने और अपनी योग्यता दिखाने के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इसी मध्यनजर वीरवार को हिमाचल के ऐसे टेलेंट्स को खोजने के लिए टेलेंट हंट एग्जाम हिम क्वेस्ट 2025 लांच किया गया। मुख्यातिथि उपायुक्त राहुल कुमार ने हिम क्वेस्ट 2025 की लांचिंग की। संस्थान के प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल व राकेश चंदेल ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

मुख्यातिथि ने कहा कि मिनर्वा संस्थान का यह सराहनीय कदम है। हिम क्वेस्ट के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। मिनर्वा स्टडी सर्किल के सीएमडी राकेश चंदेल ने बताया कि मिनर्वा संस्थान द्वारा 21 सितंबर 2025 को आयोजित की जाने इस परीक्षा में हिमाचल का दसवीं, जमा एक व जमा दो कक्षा का कोई भी स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकता है। इस परीक्षा में जमा दो कक्षा से प्रथम स्थान हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को इनाम स्वरूप स्कूटी प्रदान की जाएगी। अन्य बच्चों को भी इनाम दिए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से संस्थान द्वारा 1.5 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार और छात्रवृत्ति पुरुस्कार छात्रों को प्रदान करेगा। इस परीक्षा में बिलासपुर ही नहीं अपितु हिमाचल के सभी जिलों से होनहार भाग ले सकेंगे। प्रतिभा खोज परीक्षा का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के सबसे होनहार और उज्जवल बच्चों को पहचानना और तराशना है।

### प्रथम स्थान हासिल करने पर मिलेगी स्कूटी

प्रथम स्थान हासिल करने वाले जमा दो कक्षा के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के साथ एक स्कूटी इनाम स्वरूप दी जाएगी। वहीं, कक्षा 10वीं और जमा एक के छात्रों के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ एप्पल मैकबुक एयर इनाम स्वरूप रखा गया है। हिम खोज में दूसरा पुरस्कार 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ लेपटॉप इनाम से दिया जाएगा। तीसरे स्थान पर रहने वाले बच्चों को भी 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ लैपटॉप दिया जाएगा। चौथे व पांचवें स्थान वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट के साथ 80 प्रतिशत स्कॉलरशिप, छठे से दसवें स्थान वाले स्टूडेंट्स को स्मार्ट वॉच व 80 प्रतिशत स्कॉलरशिप, रैंक 11 से 20 वाले स्टूडेंट्स को डिजिटल पैड व 70 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। रैंक 21 से 120 तक के लिए गिफ्ट हैम्पर्स इनाम के तौर पर दिए जाएंगे व 60 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। मिनर्वा संस्थान जिला स्तर पर भी इनाम देगा। जिला स्तरीय उपलब्धि हासिल करने वालों को 5100 रुपए, 3100 रुपए, 2100 रुपए और 1100 रुपए नकद पुरस्कार मिलेगा। परीक्षा के माध्यम से जमा दो कक्षा के शिखर 60 बच्चों को निःशुल्क कोचिंग संस्थान द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

# जबरन खोले शराब ठेकों को बंद करे सरकार: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार द्वारा घुमारवीं क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर जबरन खोले गए शराब के ठेकों को लेकर विरोध लगातार तेज हो रहा है। पिछले पंद्रह दिनों से महिलाएं, ग्रामीण, युवा और समाजसेवी संगठन लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता के विरोध के बावजूद शराब के ठेके खोलना सरकार की जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

**पिछले 15 दिन से लोग कर रहे विरोध**

उन्होंने सवाल किया कि आखिर कब तक लोग विरोध करते रहेंगे और सरकार कब इन शराब के ठेकों को बंद करेगी? उन्होंने कहा कि पंचायतें भी शराब के ठेके खोलने के विरोध में प्रस्ताव पारित कर चुकी हैं, लेकिन सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करने के बजाए तानाशाही रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत इन शराब के ठेकों को बंद करना चाहिए।

# बजट की कमी से लटका री रडोह डबललेन पुल का काम

स्थानीय लोगों ने जल्द काम को पूरा करने की उठाई मांग।

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में बन रहे री रडोह अमरोआ डबललेन पुल बजट की कमी के कारण अधर में लटक गया है। 2021 में निर्माण कार्य अक्तूबर 2023 तक पूरा होने का लक्ष्य था, लेकिन 95 फीसदी कार्य पूर्ण होने के बावजूद री गांव की ओर 120 मीटर लंबी और 11 मीटर ऊंचे अप्रोच का निर्माण शेष रहने से परियोजना रुकी हुई है। स्थानीय लोगों ने जल्द पुल का निर्माण पूरा करने की मांग की है।

लोक निर्माण विभाग ने इस पुल पर छह करोड़ रुपए खर्च किए हैं। अमरोआ की ओर अप्रोच कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन बड़ागांव की ओर निर्माण कार्य अटका हुआ है। यह पुल झंडूता, घुमारवीं और बड़सर विधानसभा क्षेत्रों की करीब 70 हजार आबादी को लाभ पहुंचाएगा। इसके बनने से झंडूता-बरठीं के बीच की दूरी 12 किलोमीटर से घटकर आधी हो जाएगी और बरठीं से पंजाब की सीमा 60 किलोमीटर से घटकर 35 किलोमीटर रह जाएगी। बरठीं से झंडूता तहसील पहुंचने के लिए 15 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है, जो पुल बनने के बाद मात्र 4 किलोमीटर रह जाएगा। लोगों ने कहा कि इतने बड़े खर्च के बाद मामूली राशि की कमी के कारण परियोजना का लटकना जनता के साथ अन्याय है।

# झंडूता में सीएम के समक्ष रखीं क्षेत्र की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** धराड़सानी में झंडूता कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार की अगुवाई में क्षेत्र की समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गईं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कुछ समस्याओं का समाधान किया और सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने एचआरटीसी को शाहतलाई से बुहाड़ होते हुए एम्स कोठीपुरा के लिए बस सेवा शुरू करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी आदि उपस्थित रहे।

# सूर्यांश का सैनिक स्कूल सुजानपुर में चयन

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल से सूर्यांश गर्ग (कक्षा 6) का अब फाइनल सिलेक्शन सैनिक स्कूल सुजानपुर टीरा के लिए हो गया है। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र, विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। सूर्यांश ने 300 में से 274 अंक प्राप्त कर मेडिकल फिटनेस इत्यादि सभी प्रक्रियाओं को पार करते हुए सैनिक स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश भारद्वाज ने सूर्यांश को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# नम्होल क्षेत्र में बस खाई में गिरी, 35 श्रद्धालु घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**गुरु** पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस नम्होल क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना तड़के करीब 2 बजे बिलासपुर-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुई जब बस सामने से आ रही एक गाड़ी को पास देने के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में बस में सवार सभी 35 यात्री घायल हो गए हैं। बस पंजाब से किसी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेकर श्रद्धालुओं को लेकर दाड़लाघाट की ओर वापस ला रही थी। स्थानीय लोगों ने 34 घायलों को एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया है। गंभीर रूप से घायल बस चालक को प्राथमिक उपचार के लिए मार्कंड अस्पताल भेजा गया। एम्स प्रशासन के अनुसार, 34 में से तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि 31 यात्री अभी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। जिला प्रशासन ने राहत के रूप में 40 हजार रुपए की फौरी सहायता राशि जारी की है।

**धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे वापस**

### मुख्यमंत्री ने पूछा घायलों का कुशलक्षेम

एम्स में घायलों से मिलते सीएम सुक्खू।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घायल यात्रियों का कुशलक्षेम जानने के लिए एम्स बिलासपुर का दौरा किया। उन्होंने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी घायलों को प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के साथ तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# मंत्री धर्माणी ने राहत सामग्री की दो गाड़ियां की रवाना

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं में आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की दो गाड़ियों को रवाना करते मंत्री धर्माणी।

**प्रदेश** सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने विश्रामगृह घुमारवीं से मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए राहत सामग्री से भरी दो गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राहत सामग्री संवेदना चैरिटेबल सोसायटी, घुमारवीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा शंकर सेवा व लंगर कमेटी भराड़ी के सहयोग से एकत्रित की गई है। राहत सामग्री में सौ सोलर लाइटें, मोबाइल चार्जर, डाटा केबल, रेडिमेड कपड़े, जूते-चप्पल के जोड़े, बाल्टी, मग, कड़ाही, कुक्कर, थालियां, गिलास, चम्मच, कटोरी, स्टील के जग, बाथरूम किट, ट्रंक, सेनेटरी पैड सहित अन्य आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल थीं।

### व्यापार मंडल ने भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी के सराज वैली तथा धर्मपुर क्षेत्र में आई आपदा से बेघर हुए परिवारों के पुनर्वास के लिए बिलासपुर व्यापार मंडल ने तीन वाहनों में राहत सामग्री भेजी है। वाहनों को सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बिलासपुर व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र पंडित व पूरी कार्यकारिणी ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक जम्वाल, महासचिव व्यापार मंडल तरुण टाडू जॉन, बिलासपुर व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान सुनील गुप्ता आदि मौजूद थे।

### फार्मेसी ऑफिसर संघ ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 51 हजार रुपए का चेक

**बिलासपुर** फार्मेसी ऑफिसर संघ की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 51,000 रुपए का चेक भी प्रदान किया गया, जो आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए एक सराहनीय योगदान है। धर्माणी ने कहा कि इस प्रकार की मानवीय पहलें समाज की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं और आपदा के समय एकजुट होकर जरूरतमंदों की सहायता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सहयोग देने वाली सभी संस्थाओं और व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

### ट्रक ऑपरेटर सोसायटी ने मुख्यमंत्री को सौंपा 15 लाख का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर ट्रक ऑपरेटर सोसायटी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत कोष के लिए 15 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। यह योगदान आपदा प्रभावितों की मदद के लिए समाज की संवेदनशीलता और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री को यह चेक सोसायटी के अध्यक्ष नीलम चंदेल ने भेंट किया। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी लेख राम वर्मा, सुरेश चौधरी, ध्यान सिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए ट्रक ऑपरेटर सोसायटी का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### 30 छात्र- छात्राओं को वितरित की वर्दी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन जिला बिलासपुर द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला गेहडवीं में 30 छात्र व छात्राओं को स्कूल वर्दी वितरित की गई। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला बिलासपुर के एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर सेवानिवृत्त प्राचार्य सोहनलाल सहगल ने श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।

### वरिष्ठ साहित्यकार रवींद्र को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के प्रतिष्ठित साहित्यकार रवींद्र कुमार शर्मा को भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा साहित्यकार से मिलिए कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने उन्हें टोपी, मफलर व डायरी-पेन भेंट कर सम्मानित किया। रवींद्र शर्मा बैंकिंग सेवा से सेवानिवृत्त हैं और लेखन, चित्रकला, गायन व फोटोग्राफी में रुचि रखते हैं। उन्होंने 1990 से लेखन शुरू किया और अब तक 14 साझा संकलन, 2 काव्य संग्रह प्रकाशित कर चुके हैं।

### बच्चों ने राहत कोष में दान किए 5100 रुपए

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला गेहडवीं के विद्यार्थियों व अध्यापकों ने मिलकर मुख्यमंत्री राहत कोष में 5100 रुपए की राशि दान में दी। पाठशाला के मुख्य अध्यापिका लता चंदेल ने बताया कि विद्यार्थियों ने पाठशाला में अपनी गुल्लक से यह राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दी है। इससे पहले भी जब 2023 में प्रदेश मे आपदा आई थी उस समय भी इस पाठशाला के बच्चों ने 5100 रुपए की राशि आपदा के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की थी। इस राहत कोष में मुख्याध्यापिका लता कुमारी, अंजना कुमारी, निशा व नंदपाल सिंह ने भी अपना अपना सहयोग दिया।

# चंबा चप्पल की उपेक्षा पर भड़की संस्थाएं

## अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** हिमाचल की गौरवशाली विरासत चंबा चप्पल, जिसे जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, को अब तक वह पहचान और मंच नहीं मिल पाया जिसकी वह हकदार है। इसी विषय को लेकर अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से भेंट की और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इस प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता अम्बेडकर मिशन सोसायटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर आहिर ने की। उनके साथ गुरु रविदास सभा चंबा के अध्यक्ष जितेंद्र सूर्य, गुरु रविदास महासभा हिमाचल प्रदेश के महासचिव जितेश्वर सूर्य, प्रेस सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप लोहड़ी, कार्यकारी सदस्य अरुण डलिया भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। इसके अतिरिक्त राकेश मनमोहन, अनूप तथा सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति भी मौके पर उपस्थित रहे।

**जीआई टैग के बावजूद नहीं मिल रहा उचित मंच, शिल्पियों के हक में उठी आवाज**

ज्ञापन में बताया कि चंबा चप्पल को जीआई टैग मिलने के बावजूद न तो स्थानीय प्रशासनिक परिसरों जैसे बस अड्डा, एसडीएम कार्यालय व परिधि गृह की दीवारों पर स्थान मिला है और न ही राज्य स्तरीय आयोजनों या प्रदर्शनियों में इसके लिए कोई मंच सुनिश्चित किया गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा देशभर में आयोजित प्रदर्शनियों में चंबा के कारीगरों को कोई सूचना या अवसर नहीं दिया जाता, जिससे यह पारंपरिक कला राष्ट्रीय स्तर पर पहचान से वंचित रह जाती है। अध्यक्ष योगेश्वर आहिर ने कहा कि इस उपेक्षा से न केवल चम्बा की सांस्कृतिक पहचान को ठेस पहुंची है, बल्कि इससे जुड़े चर्म शिल्पकारों के जीवन स्तर में भी कोई सुधार नहीं हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि चम्बा चप्पल को उचित प्रचार-प्रसार, मंच और सरकारी सहयोग दिया जाए ताकि यह कला प्रदेश और देश की पहचान बन सके।

डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। यह मांग ऐसे समय में आई है जब प्रदेश में पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि सरकार चंबा की इस ऐतिहासिक हस्तकला को कितना महत्व देती है।

# न्यूज ब्रीफ

## विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय तेलका में शुक्रवार को नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-सहशैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर प्रो. केहर सिंह ने विद्यार्थियों को सभी अध्यापकों को छात्रों से अवगत कराया। इसके बाद विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। इको क्लब से संबंधित जानकारी नए छात्रों के साथ साझा की। डॉ. वीरेंद्र ने रेड रिबन क्लब और एनएसएस की गतिविधियों से छात्रों को अवगत कराया एवं युवाओं में सामाजिक चेतना और सेवा भावना जागृत करने की अपील की।

## पांगी घाटी कल्याण संघ की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पांगी घाटी कल्याण संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को ईको टूरिज्म हट, किलाड़ में संघ के अध्यक्ष पीएल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में संघ की कार्यकारिणी के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पांगी घाटी की सांस्कृतिक विरासत, विकास परियोजनाएं और क्षेत्रीय सहभागिता से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई तथा प्रमुख प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। यह बैठक पांगवाल समाज की एकजुटता, जागरूकता और दूरदर्शी सोच का परिचायक रही। संघ के प्रतीक चिन्ह (लोगो) को स्वीकृति, पांगी की सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक विविधता को दर्शाता नया लोगो अनुमोदित किया गया। घाटी के सभी क्षेत्रों की प्रतिनिधिता के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। पठानकोट-चंबा-तीसा-किलाड़-लेह एनएच डीपीआर को स्वीकृति दिलाने के लिए जेपी नड्डा, कुलदीप सिंह पठानिया व संबंधित अधिकारियों का आभार जताया।

## राख में दो लाख की बीमा राशि की प्रदान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा राख में एक वित्तीय साक्षरता एवं सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर सरनो पुत्र बेली राम, निवासी ग्राम डल्पा, डाकघर बकानी, जिला चंबा को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत 2,00,000 (दो लाख रुपए) की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि उनकी पत्नी, स्वर्गीय पिंकी देवी के नाम पर प्राप्त की गई, जिनका 13 सितंबर 2024 को एक भालू के हमले में दुखद निधन हो गया था। घटना के समय वे घर के समीप खेतों में कार्य कर रही थीं, जब अचानक भालू ने हमला कर दिया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, परंतु दुर्भाग्यवश उन्हें बचाया नहीं जा सका। पिंकी देवी ने 29 दिसंबर 2016 को प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा राख में जनधन बचत खाता खुलवाया था और 15 फरवरी 2017 को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में अपना नामांकन करवाया था, जिसमें उन्होंने पति सरनो को नामित किया था। नियमित रूप से प्रीमियम जमा किए जाने के कारण ही उन्हें यह बीमा लाभ प्राप्त हुआ।

## जितेंद्र पठानिया को मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा कंप्यूटर और आईटी एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य राहुल बड़याल ने की, जिसमें सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में जितेंद्र पठानिया को एसोसिएशन का अध्यक्ष, सतपाल जायसवाल को सचिव, नितिन प्लाह को कोषाध्यक्ष, संजीव महाजन और जितेंद्र व्याल को सलाहकार पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कई गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें नरेंद्र सिंह सांबयाल, अजीम मिर्जा और कपिल भारद्वाज प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और चंबा में आईटी क्षेत्र को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई। एसोसिएशन ने आगामी समय में तकनीकी जागरूकता, युवाओं को प्रशिक्षण देने और डिजिटल सेवाओं के विस्तार हेतु विशेष योजनाएं शुरू करने का संकल्प लिया।

## ब्राउन ट्राउट फिश के फिंगर लिंग्स नदी में छोड़े

**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग ने शुक्रवार को पब्बर बेसिन की पब्बर नदी में 12 हजार ब्राउन ट्राउट फिंगर लिंग्स बहाए। इस पहल का उद्देश्य इस क्षेत्र में एंगलिंग पर्यटन और मछली संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह कार्य मत्स्य विभाग द्वारा संचालित किया गया। जिसका मार्गदर्शन निदेशक सहित वार्डन मत्स्य विभाग विवेक चंदेल (आईएएस) ने किया। इस मौके पर उनके साथ मत्स्य अधिकारी ट्राउट फार्मिंग धमवाड़ी नितिन महंत, धर्मेंद्र बुगवान प्रधान ग्राम पंचायत डीस्वाणी, राजदेव चौहान अध्यक्ष पब्बर वैली ब्राउन ट्राउट फिश कोऑपरेटिव सोसायटी एवं संगठन अध्यक्ष यशवंत चौहान व संगठन सलाहकार मौजूद रहे।

# कूंर स्कूल के भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ की राशि का प्रावधान: पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया कूंर विद्यालय भवन निर्माण एवं संपर्क मार्ग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कूंर के भवन निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करने को लेकर शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष शिमला में शिक्षा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

केवल सिंह पठानिया ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य शुरू करने के लिए भवन का प्रारूप (डिजाइन) एवं विभिन्न विभागीय औपचारिकताओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन निर्माण के लिए लगभग 2 करोड़ की धनराशि का प्रावधान भी कर दिया गया है। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों की सुविधा को लेकर जल्द स्कूल भवन के निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा। उप मुख्य सचेतक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कूंर संपर्क मार्ग के उन्नयन कार्यों के दृष्टिगत भी आवश्यक दिशा-निर्देश बैठक में दिए। बैठक में अतिरिक्त निदेशक शिक्षा जीवन कुमार, मुख्य अभियंता लोक निर्माण अनुज नाग सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिंजर की स्टार नाइट रद्द कर मंडी आपदा राहत कोष में दी जाए राशि

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** के मंडी जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। इस त्रासदी से व्यथित होकर चंबा के बुद्धिजीवी वर्ग की ओर से एक मार्मिक अपील सामने आई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि इस वर्ष चंबा मिंजर मेले की स्टार नाइट और अन्य भव्य रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रद्द कर, उस पर होने वाले खर्च को मंडी आपदा राहत कोष में दान किया जाए।

इस सुझाव को सुरेश कुमार ठाकुर, गांव सराहन साहू, जिला चंबा निवासी ने जनहित में सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा है कि जब हमारे अपने प्रदेशवासी इस भीषण आपदा में अपने घर, परिजन और आजीविका गंवा चुके हैं, तब चंबा जैसे जिम्मेदार जिला को यह शोभा नहीं देता कि हम मिंजर के रात्रिकालीन कार्यक्रमों में उत्सव और संगीत की धुनों पर झूमते रहें। आज ज़रूरत है साथ खड़े होने की, न कि जश्न मनाने की। उन्होंने अपील की है कि चंबा मिंजर की स्टार नाइट पर होने वाला खर्च मंडी के पीड़ितों की सहायता के लिए समर्पित किया जाए, ताकि चंबा भी इस मानवीय प्रयास में योगदान दे सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चंबा मिंजर में आने वाले मंत्रीगण इस बार अपनी उपस्थिति मंडी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में दर्ज करवाएं और वहां राहत व पुनर्वास कार्यों की निगरानी करें।

**सुरेश ने कार्यक्रम में खर्च होने वाली राशि को प्रभावितों को देने की उठाई मांग**

सुरेश ठाकुर ने आशा जताई है कि जिला प्रशासन, विशेषकर उपायुक्त चंबा इस जनहित प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करेंगे और संबंधित विभागों के साथ आपसी चर्चा कर सकारात्मक निर्णय लेंगे।

# लोग खाली सिलेंडर लेकर करते रहे इंतजार नहीं पहुंची गाड़ी

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र राडी में इंडेन गैस की गाड़ी महीने के दूसरे शुक्रवार को पहुंचती है, लेकिन पिछले कुछ समय से कभी शाम 6:00 बजे पहुंचती है तो कभी 6:30 आज भी लोग सुबह 10:00 बजे से इस गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन शाम 5:00 बजे तक यह गाड़ी राड़ी गांव में नहीं पहुंची थी जिससे स्थानीय लोगों शब्बू शर्मा सोनू राम अमिया राम अशोक कुमार सुरेश कुमार झुनको देवी चंपा देवी इंदिरा देवी इत्यादि लोगों का कहना है कि हम लोग सुबह 10:00 बजे से इस चिल चिल्लाती धूप में इंडेन गैस की गाड़ी का इंतजार करते रहे, लेकिन हर बार की भांति इस बार भी शाम 5:00 बजे तक इंडेन गैस की गाड़ी राडी बस स्टैंड में नहीं पहुंची है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गाड़ी का एक सही समय सारणी निर्धारित किया जाए ताकि लोगों को अपना समय बर्बाद ना करना पड़े व अपने गंतव्य स्थान तक समय से पहुंच सके राडी पंचायत का अति दुर्गम गांव जहां कम से कम 5 किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है।

# पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम का राष्ट्रभक्ति साहित्य व स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान: मुकेश रेपसवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पहाड़ी** गांधी बाबा कांशीराम जयंती के उपलक्ष्य पर हिमाचल कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी के तत्वावधान में चंबा के प्रसिद्ध विरासत केंद्र भूरी सिंह संग्रहालय के सभागार में राज्य स्तरीय साहित्य समारोह का आयोजन किया गया।

चंबा के भूरी सिंह संग्रहालय के सभागार में राज्य स्तरीय साहित्य समारोह का आयोजन किया।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल साहित्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम के पौत्र रवि शर्मा, विनोद शर्मा और विजय शर्मा तथा प्रपौत्र विशाल शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा व प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में प्रथम सत्र की अध्यक्षता पद्मश्री विजय चम्बयाल ने की, जबकि द्वितीय सत्र का आयोजन साहित्यकार डॉ. मस्तराम शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्यातिथि मुकेश रेपसवाल ने अपने संबोधन में पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम के राष्ट्रभक्ति साहित्य और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि ऐसे नायकों की विचारधारा को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री विजय चम्बयाल ने अपने सम्बोधन में पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम की प्रतिभा एवं राष्ट्र भक्ति-पहाड़ी साहित्य में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए उनके व्यक्तित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं का ज़िक्र किया।

द्वितीय सत्र में पूर्व सहायक आयुक्त चंबा एवं साहित्यकार पीपी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साहित्यकार डॉ. मस्तराम शर्मा ने द्वितीय सत्र में निर्धारित बहुभाषी कवि सम्मेलन में सामाजिक सरोकार, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम एवं साहित्य में विशेष योगदान के लिए पहाड़ी गांधी बाबा कांशीराम को याद किया।

समारोह में सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शंकर वसिष्ठ ने राष्ट्रभक्त साहित्यकार- पहाड़ी गांधी बाबा काशीराम एवं रमेश चंद्र मस्ताना ने 'आज़ादिया दी क्रांति दे कबीर-पहाड़ी गांधी बाबा काशीराम' विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस दौरान चंबा के युवा साहित्यकार युद्धवीर टंडन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पहाड़ी गांधी बाबा काशीराम की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला।

# मणिमहेश यात्रा: भरमाणी चौक पर टैक्सी यूनियन को मिली दो मंजिला पार्किंग, बुकिंग काउंटर भी स्थापित

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर में मणिमहेश यात्रा की तैयारियों के बीच टैक्सी यूनियन को भरमाणी चौक पर स्थित दो मंजिलों वाली पार्कंग की सुविधा प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। इसके साथ ही यूनियन ने वहां अपना अधिकृत बुकिंग काउंटर भी स्थापित कर दिया है, जहां से ही अब सभी टैक्सी बुकिंग की जाएंगी। यह कदम मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए लिया गया है।

टैक्सी यूनियन प्रधान अंकुश शर्मा ने इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि इससे टैक्सी यूनियन के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें अपनी सेवा सुचारु रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित व सुरक्षित टैक्सी सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने सभी होटल, गेस्ट हाउस, होमस्टे व अन्य प्रतिष्ठानों से आग्रह किया कि वे निजी गाड़ियों के माध्यम से श्रद्धालुओं की बुकिंग न करें, बल्कि यूनियन की अधिकृत टैक्सियों का ही उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई निजी गाड़ी सवारियों को ले जाती पाई गई तो संबंधित वाहन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई जाएगी और चालान किया जाएगा। हालांकि, टैक्सी चालकों ने भरमाणी चौक पर नाली की खराब हालत और जमा गंदगी को लेकर नाराजगी जताई है। टैक्सी यूनियन ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द नाली की सफाई करवाई जाए व ग्रिल रिपेयर किया जाए।

भरमाणी चौक पर टैक्सी यूनियन को मिली पार्किंग में बुकिंग काउंटर लगाया।

# 33 बच्चों को वर्दियां भेंट की

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान डलहौजी।** खंड बनीखेत के अंतर्गत भटोली स्कूल में एसमएसी की आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें समस्त स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और अभिभावक उपस्थित रहे और एसए 1 की परीक्षाओं के पश्चात उनके रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की गई। इसके बाद श्री सनातन धर्म सभा ऐनन माता सभा के पदाधिकारियों द्वारा लगभग 33 बच्चों को वर्दियां भेंट की। श्री सनातन धर्म सभा की ओर से मुख्य संरक्षक उमेश नंदन, अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर, महासचिव अशोक ठाकुर, उपाध्यक्ष देवराज ठाकुर इस अवसर पर उपस्थित रहे। पाठशाला के मुख्य शिक्षक रामकृष्ण ठाकुर ने श्री सनातन धर्म सभा द्वारा बच्चों को दी गई वर्दियों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# होटल इंडस्ट्री को राहत देने के लिए 12 की बजाय 5 प्रतिशत जीएसटी हो लागू: मनीष

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**विधानसभा** चुनाव 2022 में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे मनीष सरीन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए होटल बुकिंग पर लगने वाले जीएसटी को यथोचित रूप से घटाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 0 से 7500 रुपए तक के कमरे के किराये पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है, जिससे निम्न और मध्यम वर्ग के पर्यटकों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ता है। यह दर सभी आय वर्गों पर समान रूप से लागू है, जो असमानता पैदा करती है।

मनीष ने सुझाव दिया कि यदि सरकार 0 से 3500 रुपए तक के कमरे पर जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत कर दें और 3501 से 7500 रुपए तक पर 12 प्रतिशत बनाए रखे, तो इससे होटल सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे बजट में घूमने वाले पर्यटकों को राहत मिलेगी व निजी होटल्स के साथ साथ निगम के होटल्स की बुकिंग भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के चेयरमैन आरएस बाली से इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि इस मुद्दे पर सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। मनीष सरीन ने अपने प्रदेश के चारों सांसदों से भी अनुरोध किया है कि वे इस मांग को संसद में मजबूती से उठाएं ताकि हिमाचल प्रदेश को इस क्षेत्र में राहत मिल सके और राज्य में पर्यटन को गति मिले।

## सूडोकु नवताल- 7488

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु नवताल -7487 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

# नेरवा में आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** नेरवा विद्युत उपमंडल के तहत शनिवार को दो घंटे बिजली बाधित रहेगी । विद्युत् उपमंडल नेरवा के कनिष्ठ अभियंता भारत भूषण ने बताया कि लास्टाधार से नेरवा कंट्रोलिंग पॉइंट झिकनीपुल नियंत्रण केंद्र में विद्युत रखरखाव का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। शनिवार को प्रातः नौ बजे से ग्यारह बजे तक बिजली बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# कचरा जलाने पर काटा 1000 रुपए का चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम की टीम ने खलियार क्षेत्र में साफ-सफाई नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों द्वारा कचरे में आग लगाने की घटना पर टीम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए 1000 रुपए का चालान जारी किया। इसके साथ ही नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के उपयोग के चलते तीन व्यक्तियों के चालान संबंधित धाराओं के तहत काटे गए। टीम ने शहर के अन्य हिस्सों में भी निरीक्षण कर स्वच्छता और शहरी अनुशासन बनाए रखने की दिशा में अपनी कार्रवाई जारी रखी। निरीक्षण के दौरान उन सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई है जिन्होंने अपनी दुकानों के छज्जे अवैध रूप से सार्वजनिक रास्तों और नालियों के ऊपर बढ़ा रखे हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि ऐसे दुकानदार एक सप्ताह के भीतर अपने बढ़ाए गए छज्जों को स्वयं हटा लें, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम की यह मुहिम शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

# अभिषेक मित्तल ने भरमौर के एसडीएम का संभाला कार्यभार

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** अभिषेक मित्तल ने भरमौर में बतौर एसडीएम कार्यभार संभाल लिया है। अभिषेक मित्तल इससे पहले प्रोजेक्ट ऑफिसर डीआरडीए सिरमौर नाहन में अपनी सेवाएं दे रहे थे। गौरतलब पिछले काफी समय से यहां पर एसडीएम का पद रिक्त चल रहा था। एडीएम भरमौर के पास ही एसडीएम का अतिरिक्त कार्यभार था। एसडीएम के ज्वाइन करने के बाद यहां पर लोगों ने राहत की सांस ली है। नवनियुक्त एसडीएम भरमौर अभिषेक मित्तल का कहना है कि मणिमहेश यात्रा का सफल संचालन उनकी सबसे पहली प्राथमिकता होगी। जनजातीय क्षेत्र होने के कारण लंबित पड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सीमित कार्य अवधि को देखते हुए पूरा किया जाएगा। सरकार की विकासात्मक योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के के लिए जमीन स्तर के प्रयास किए जाएंगे।

बता दें कि अगस्त महीने से उत्तर भारत की सुप्रसिद्ध धार्मिक मणिमहेश यात्रा का आधिकारिक रूप से आरंभ हो जाएगा। इस यात्रा के दौरान देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मणिमहेश यात्रा को लेकर एसडीम अभिषेक मित्र ने कहा है कि प्राथमिकता के आधार पर इस यात्रा का सफल संचालन किया जाएगा ताकि यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए सबके साथ और सहयोग से यात्रा का सफल संचालन करने की कोशिश की जाएगी। सरकार की योजना को धरातल पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# भाषण स्पर्धा में तमन्ना ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एड्स नियंत्रण सोसाइटी व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर रहे। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण से कार्तिक नेगी, स्वास्थ्य विभाग से छांगा ठाकुर एवं दीपक जोशी बतौर विशेष वक्ता मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी भाषण व पोस्टर के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय योगदान दिया। भाषण प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम, चिंतन ने द्वितीय और मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में गौरीती प्रथम, निहारिका द्वितीय व अक्षिता तृतीय रहीं। सभी विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

शनिवार, 12 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वितीया (01:48) **: नक्षत्र** उत्तरषाढ़ा (06:37), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** विष्कुंभ (07:31), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:54)। **राहुकाल** (08:58-10:42)।

**विशेष दिन**

- 12 जुलाई 2025: फल द्वितीया आज।
- 13 जुलाई 2025: आदित्य पूजा कल।

**मेषः** आर्थिक परेशानी का सामना करना होगा। व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। मौके का लाभ उठा सकेंगे। अति उत्साह से हानि होने की आशंका है।

**वृषः** विदेश जाने के पूर्ण योग हैं। आर्थिक निवेश लाभदायी साबित होगा। अपनी बुरी आदतों पर नियंत्रण रखना होगा। बड़े लोगों से मुलाकात के अवसर आएंगे, जिसका लाभ आगे मिलेगा।

**मिथुनः** राजकार्य में लाभ मिल सकता है। मधुर संबंध बनेंगे, जो लाभदायी रहेंगे। जरूरत से ज्यादा संग्रह नहीं करें। व्यापार में नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। संतान से सुख मिलेगा।

**कर्कः** संतान की चिंता से तनाव बढ़ेगा। आवेश में आकर कभी कोई कार्य न करें। सामाजिक आयोजनों में रुचि लेंगे। भागीदारी में नए अनुबंध लाभकारी होंगे।

**सिंहः** नई साझेदारी से लाभ संभव है। व्यापार-व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। कर्ज से दूर रहें। परिवार के सदस्यों की तरक्की होगी। कोर्ट-कचहरी के कामों में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः** ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते हैं। मौके का फायदा उठाना आपके हाथ में है। समय व्यावसायिक दृष्टि से लाभदायक है। कार्यस्थल पर अनुकूल संयोग प्राप्त होंगे।

**तुलाः** विवाह योग्य जातकों के लिए समय शुभ है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन शांतिमय रहेगा। जोखिम कार्यों से दूर रहें। परिश्रम का पूरा फल आज आपको मिलेगा।

**वृश्चिकः** आजीविका में वृद्धि होगी। व्यापारिक कार्य से की गई यात्रा लाभप्रद रहेगी। फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। पारिवारिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी। विरोधियों से सावधान रहें।

**धनुः** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। भाइयों से खटपट हो सकती है। विद्यार्थियों को परिश्रम से अच्छे फल मिलने की उम्मीद है। रुके हुए कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे।

**मकरः** राजनीति में संभल कर निर्णय लें, आप की एक गलती करियर खत्म कर देगी। नए कार्यों में सफलता मिलने की पूर्ण संभावना बनती है। पारिवारिक संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कुंभः** दिन उत्तम रहेगा। मनोनुकूल भोजन की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। भाग्योदय के कारण लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। कामकाज, व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीनः** दिन खुशगवार रहेगा। अपनी वस्तुओं को संभालकर रखना आवश्यक है। आपकी सलाह को स्वीकार किया जाएगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तडौन**

विकास खण्ड घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र)

विषय : निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत तडौन के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिसमे क्रशर, बजरी, (गटका 40,63,90)बोल्डर धुली रेत, बजरी रेता, प्लांट बजरी, 10 एम एम 100 एम एम, पानी टैंक, जैसिबी, पीवीसी पाइप, एचडीपी पाइप, सीमेंट बैंच, फर्नीचर कुर्सी, टेबल टेनिस, मेज सोफा, अलमारी, महिला अशुद्धि नाशक, मिक्सचर मशीन विक्रेताओं जिनके पास जीएसटी और एम फॉर्म भी हो! वही विक्रेता निविदा में दर्शाई गई निर्माण सामग्री के लिए दिनांक 9 से 21 जुलाई 2025तक अपनी निविदाएं सीलबंद लिफाफे में ग्राम पंचायत तडौन के कार्यालय में जमा करवा सकते है! 22 जुलाई को बैठक में इन निविदाओं को खोला जायेगा! इसके अलावा विक्रेताओं को निर्माण स्थल तक निर्माण सामग्री को पहुँचाने की भी गारंटी देनी होगी! विक्रेता से सुरक्षा के तौर पर बैंक ड्राफ्ट भी माँगा जा सकता है! विक्रेता को एक लाख की एफडी ग्राम पंचायत तडौन के नाम पर प्लज करवानी होगी! सामग्रीदाता जीएसटी एवं एम फॉर्म के लिए सामग्री दाता खुद जिम्मेदार होगा! इसके लिए सामग्रीदाता को एक शपथपत्र भी देना होगा! नहीं तो इसके लिए किसी भी बिल का भुगतान नहीं किया जायगा!

प्रधान/ सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत तडौन



**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0।**

मुकदमा-इन्द्राज सेहत नाम

पेशी- 14.08.2025

पंजाब चन्द सपुत्र श्री नानक चन्द सपुत्र लभू राम वासी महाल संदु मोजा नेरटी तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।

**बनाम**

**आम जनता**

**विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0 रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल कुठार में नाम दरुस्ती वारे।**

उपरोक्त मुकद्दमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है कि उसका सही नाम पंजाब चन्द सपुत्र श्री नानक चन्द पुत्र लभु राम है। जबकि महाल कुठार, मौजा नेरटी में उसका नाम पंजाब सिंह दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्रार्थी उक्त नाम को दरुस्त करके पंजाब चन्द सपुत्र श्री नानक चन्द महाल कुठार मौजा नेरटी में दर्ज करवाना चाहता है।

अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 16.08.2025 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी**
**शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0।**



**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**

1.Sh. Lakesh Kumar S/o Sh. Roshan Lal Vpo Bhanala, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP). 2. Smt. Simpal Kumari D/o Bhoomi Singh Village Manjhgran Po Ladwara Tehsil Shahpur, Distt. Kangra H.P.

Applicants.........

**V/S**

1. General Public
2. Local Registrar, Gram Panchayat Bhanala. Respondents.........

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**

Applicants Sh. Lakesh Kumar S/o Sh. Roshan Lal Vpo Bhanala, Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP).and. Smt. Simpal Kumari D/o Bhoomi Singh Village Manjhgran Po Ladwara Tehsil Shahpur, Distt. Kangra H.P. has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 28-01-2014 at Vpo Bhanala Tehsil Shahpur Distt Kangra (HP) as per Hindu rites & customs. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 07-08-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

sd-
**(Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है।
–चौधरी चरण सिंह

## संपादकीय

# रिश्तों की मर्यादा तार-तार

हिमाचल में रिश्तों की मर्यादा तार-तार होने लगी है। पहले शिमला के रोहड़ू के जंगला में 25 साल के पोते ने अपनी 65 वर्षीय दादी के साथ दुष्कर्म किया और अब शिमला के ही रामपुर में एक पिता ने अपनी ही 12 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म कर डाला। रिश्तों को कलंकित करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हिमाचल में इस तरह की वारदातें पहले नहीं हुआ करती थी, लेकिन पिछले कुछ सालों से इन घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है, क्योंकि लोकलाज के कारण कई मामले पब्लिकली सामने भी नहीं आते हैं और ऐसे मामले अंदर ही अंदर दबा दिए जाते हैं या फिर डरा धमाकर या जान से मारने की धमकी देकर सामने आने ही नहीं दिए जाते। इसे टीवी या मोबाइल की संस्कृति कहें या फिर नशे का इंसान पर हावी होना, लेकिन इन घटनाओं ने हिमाचल को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया है। मोबाइल संस्कृति को दोष देना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह सब इंसान की सोच से जुड़ा मामला होता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, जब किसी इंसान में सेक्स की भावना घर कर जाती है तो उसे फिर कुछ नहीं सूझता।

वह तब सिर्फ अपने मजे के बारे में सोचता है। उस समय आरोपी पर दुष्कर्म का भूत सवार होता है। तब उसे अपने रिश्तों के बारे में कोई परवाह नहीं होती। हालांकि, जैसे ही इंसान सेक्स से निवृत्त होता है तो बाद में वह अपने किए पर पश्चाताप जरूर करता है और आत्मग्लानि से भर जाता है, लेकिन यह ऐसी गलती होती है, जिसे दोबारा ठीक नहीं किया जा सकता। इस पर नियंत्रण पाने का सबसे बड़ा जरिया यही है कि वह अपने बेतुकी इच्छाओं को मार दे और तुरंत उस स्थान से किसी शांत वातावरण में चला जाए, तभी इंसान दुष्कर्म जैसे अपराधों से बच सकता है। नाबालिग लड़की से हुए दुष्कर्म के मामले में पोक्सो एक्ट के तहत मामले दर्ज जरूर होते हैं, लेकिन थोड़े अंतराल बाद आरोपी फिर खुलेआम समाज में सीना तानकर चलते हैं। इसे बेशर्मी की इंतिहा कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। हिमाचल का समाज न जाने किस रास्ते पर चल निकला है। अब लड़कियों का समाज में जीना दुश्वार हो रहा है। जिस लड़की के साथ एक बार दुष्कर्म की नीयत के साथ दरिंदगी और हैवानियत हो जाती है वह अंदर से पूरी तरह टूट जाती है। उसके मन में एक भय सा छा जाता है।

वह घर से बाहर अकेले निकलने से कतराती है, लेकिन अगर घर में ही हवश के भेड़िये हों तो वह आखिर किधर जाए? दुष्कर्म की इन घटनाओं पर प्रदेश सरकार को अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाने चाहिए, ताकि लोगों के मन में डर पैदा हो और वे ऐसी वारदातों को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचें। दुष्कर्म एक ऐसा बदनामी वाला अपराध होता है, जिसकी जितनी ज्यादा निंदा की जाए कम है। इसके दोषियों को सजा हर सूरत में मिलनी चाहिए। दुष्कर्म की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कठोर कानून बनाना समय की मांग है, ताकि लोग महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से डरें। बेशक दुष्कर्म जैसे अपराध से निपटने के लिए कठोर कानून बन भी जाएं, लेकिन इस अपराध से मात्र कानून से निपटने की बात करना और अधिक कठोर कानून बनाना इस बताता है कि हमें लोकतंत्र और संविधान आदि में कोई खास यकीन नहीं है। कानून में भी कई ऐसे पेंच होते हैं कि अपराधी वर्षों तक जेल की सलाखों में बेशक रहते हों, लेकिन अपना अधिकांश जीवन वह जी ही जाते हैं।

दुष्कर्म के मामलों में इससे भी कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। यह सवाल भी कई बार उठता है कि सख्त कानून होने के बावजूद अपराधी रिश्वत आदि खिलाकर बच निकलते हैं। अपराधियों को कम सजा मिलने पर कई सवाल पहले भी उठते रहे हैं। पिछले कुछ सालों में हिमाचल में दुष्कर्म और दुष्कर्म के झूठे केस दोनों ही बहुत बढ़े हैं। दुष्कर्म और हत्या के मामलों में या ऐसे मामले जहां अपराध को अंजाम देने के बाद पीड़िता को मरने के लिए छोड़ दिया जाता हो, उसमें फांसी की सजा का प्रावधान भी है। जब भी कोई दुष्कर्म हो एक नया कानून बना दिया जाए, तो एक दिन शायद यह होगा कि लोग मांग करने लगेंगे कि जैसे ही कोई पकड़ा जाए उसे गोली से उड़ा दिया जाए। जब तक अदालत में आरोप सिद्ध न हो जाए, तब तक आरोपी को अपराधी कैसे माना जा सकता है? एनसीआरबी के आंकड़ों को अगर देखा जाए तो दुष्कर्म के मामले जहां बढ़ रहे हैं, वहीं झूठे मामले बनाकर कानूनों का गलत इस्तेमाल भी हो रहा है।

हमारी जो न्यायिक प्रक्रिया है उसके बारे में अक्सर यही कहा जाता है कि यह बहुत धीमी है। करोड़ों मामले अदालतों में लंबित हैं। यह बात कुछ हद तक सही भी है। हालांकि, न्यायिक प्रक्रिया ऐसी भी नहीं होनी चाहिए कि जल्दबाजी के चक्कर में कोई निरपराध फांसी पर चढ़ा दिया जाए। पीड़िता को त्वरित न्याय मिल सके, इसके लिए विशेष अदालतें बनाने की मांग बार-बार उठती रही है। सरकारें अपनी असफलता को छिपाने के लिए अक्सर कठोर कानून की बातें करती हैं, पर जैसे ही दुष्कर्म के मामले सामने आने लगते हैं, वहां लोग सबसे पहले अंगुली उसी स्त्री की तरफ उठाते हैं जिसके खिलाफ अपराध हुआ। जाहिर है कि जब तक समाज और लोग महिलाओं के प्रति अपना सोच नहीं बदलेंगे तब तक सिर्फ कठोर कानून बनाने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर हिमाचल की संस्कृति इस तरह के गुनाहों से डूबती चली जाएगी तो हिमाचलियत का पतन निश्चित है। बुद्धिजीवी वर्गों और खासकर पंचायतों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को इस मामले में खुलकर सामने आना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी के प्रख्यात उपन्यासकार

दुर्गा प्रसाद खत्री हिंदी के प्रख्यात उपन्यासकार थे। इन्होंने 1912 ई. में विज्ञान और गणित में विशेष योग्यता के साथ स्कूल लीविंग परीक्षा पास की। इसके बाद उन्होंने लिखना आरंभ किया और उन्होंने 1500 कहानियां, 31 उपन्यास व हास्य प्रधान लेख लिखे। उन्होंने चार प्रकार के उपन्यास लिखे। तिलस्मी ऐयारी उपन्यास में भूतनाथ और रोहतासमठ उनके इस विधा के उपन्यास हैं और इनमें उन्होंने अपने पिता की परंपरा को जीवित रखने का ही प्रयत्न नहीं किया है वरन उनकी शैली का इस सूक्ष्मता से अनुकरण किया है कि यदि नाम न बताया जाए तो सहसा यह कहना संभव नहीं कि ये उपन्यास देवकीनंदन खत्री ने नहीं वरन किसी अन्य व्यक्ति ने लिखें हैं। जासूसी उपन्यासों में प्रतिशोध, लालपंजा, रक्तामंडल, सुफेद शैतान जासूसी उपन्यास होते हुए भी राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हैं और भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को प्रतिबिंबित करते हैं। सामाजिक और राष्ट्रीय समस्याओं को जासूसी वातावरण के साथ प्रस्तुतकर एक नई परंपरा को विकसित करने की चेष्टा भी की है। ■



दुर्गा प्रसाद खत्री
जन्म : 12 जुलाई, 1895
मृत्यु : 5 अक्तूबर, 1974

कविता

### करनी कथनी एक हो

शिव सान्याल, मकड़ाहन, जवाली, कांगड़ा (हि.प्र.)

*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*
*झूठा कपटी इंसान बना, नहीं कर्म अब नेक।*
*वचन से यहां है मुकर रहा, अपनी बेच जमीर।*
*सुच्चा सुथरा बन के अपनी, पेश करें तस्वीर।*
*हक अपनों का मार सदा ही, रहा रोटियां सेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*
*राम भजे मुख छुरी बगल में, करता मीठी बात।*
*रावण सा छल नित करता है, मानव की यह जात।*
*नफरत ईर्ष्या काम क्रोध मद, लालच लोभ अनेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*
*धन्य राम जो दशरथ नंदन, मर्यादा का रूप।*
*ईश्वर मानव बन करते 'शिव', पावन कर्म अनूप।*
*आओ सीखें बनना उन सा, उन की रहिए टेक।*
*अब तो देखी नहीं जगत में, करनी कथनी एक।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# भगवान शिव को साधने का सही माह है सावन



प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल
आचार्य एवं पूर्व कुलगुरु

सावन का महीना भारतीय जीवन एवं लोक परंपरा में अत्यंत पवित्र एवं उल्लासकारी है। यह लोक मंगल का आधार अन्नोत्पादन का आधार माह तो है ही लोकोत्तर की प्राप्ति एवं परम लौकिक देवता देवों के देव महादेव की उपासना का भी महीना है। वर्षा ऋतु का मध्य काल जब हिंदू धर्मशास्त्र यात्रा का निषेध करते हैं यहां तक कि बौद्ध मत भी इस महीने में वर्षावास का आदेश देता है।

उस काल विशेष में गेरुआ या केसरिया कपड़े पहने, कंधे पर कांवर लिए पवित्र नदी या तालाब से जल भरकर शिव का अभिषेक करने के लिए आकुल नर नारी हर शिवालय की ओर दिखने लगते हैं। यह प्रत्येक व्यक्ति के मन में सवाल तो खड़ा करता ही हैं कि कारण क्या है कि इस महीने में धान की रोपाई और निराई का काम छोड़कर कृषक समाज नंगे पांव निकल पड़ता है बोल-बम बोल-बम। का निवाद करते हुए। एक ऐसा दृश्य जिसमें कंटक, कंकड़, कीचड़ और बरसात ये सब भी मानो स्वागती हों इस शिव साधना में बौराए हुए जन समूह के। सावन को शिव का प्रिय मास माना जाता है। अर्धनारीश्वर को, प्रकृति का श्रेष्ठ श्रृंगार करने वाला यह महीना अपनी नैसर्गिक हरीतिमा के कारण प्रिय तो है ही, इसलिए भी अत्यंत प्रिय है कि सती के दाह के बाद उन्मत्त क्रुद्ध योगी और वैरागी शिव को पार्वती ने इसी महीने में तपपूर्वक पाया था। कहा जाता है कि श्रावण भगवान शिव का अत्यंत प्रिय महीना होता है।

इसके पीछे की मान्यता यह है कि प्रजापति दक्ष की पुत्री माता सती ने अपने जीवन को त्याग दिया था और कई वर्षों तक शापित जीवन व्यतीत किया। इसके बाद उन्होंने पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए पूरे श्रावण महीने में कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूरी की। अपनी भार्या से पुनर्मिलन के कारण भगवान शिव को श्रावण का यह महीना अत्यंत प्रिय है। श्रावण मास में ही महायोगी शिव का महादेवी से साक्षात्कार हुआ था। इसी माह में योगनिद्रा त्याग कर महायोगी धूर्जटि शिव महागौरी के तप के प्रभाव से नटराज बने थे। यही कारण है कि प्रकृति भी सावन के महीने में नर्तन करती है। अपने चारों ओर हरितिमा का आवरण लपेट विरागी मन में भी राग उत्पन्न करती हैं।

धान में रस आता है और इस रस का परिपाक होकर वह धान्य बनता है। इसीलिए शिव को भाता है। यह महीना रस के परिपाक का महीना है इसलिए भी सावन रसेश्वर शिव को प्रिय है। हिंदू मन मिथकों को नहीं मानता है। वह तो भगवान का भी लौकिकीकरण करता है। इसीलिए हर ऋतु और हर माह का कोई न कोई देवता है। श्रावण के देवता शिव हैं। त्रिपथगा गंगा के स्रोत हैं, अर्थात जल के स्रोत हैं, हिम से भी शीतल है पर अंदर छिपा रखा है कालकूट हलाहल।

इस हलाहल के कारण शिव को चंद्रमा की शीतलता भी कम पड़ती है। निरंतर प्रवाहित जल धारा से ही सुख मिलता है और जलधार चढ़ाने वालों पर उनका प्रसन्न होना स्वाभाविक है।

यही कारण है कि सावन में जब स्वयं प्रकृति आदिपुरुष महायोगी विषपायी वैरागी महादेव का जलधारा से अभिषेक करती है तो वैरागी भोलेनाथ भी रसासिक्त हो जाते हैं। यह भी मान्यता है कि श्रावण के महीने में भगवान शिव धरती पर अपने ससुराल आए थे, जहां उनका अभिषेक कर स्वागत हुआ था। इसलिए इस माह में शिव अभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, श्रावण मास में ही समुद्र मंथन हुआ था, जिसमें निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया, जिसके चलते उन्हें नीलकंठ का नाम मिला। इस प्रकार उन्होंने सृष्टि को उस विष से बचाया। सभी देवताओं ने विषाग्नि को शांत करने के लिए उन पर जल डाला, इसी कारण शिव अभिषेक में जल का विशेष स्थान है। इस रसबोध का कारण मूल प्रकृति आदि शक्ति देवी पार्वती का अपर्णा रूप है। जब हरे भरे सावन में देवी ने शिव के लिए पत्तों का भी त्याग कर दिया और तब शिव को आना ही पड़ा। भगवान शंकर दो अतियों के बीच के देवता है। क्रोधातिरेक में वे संपूर्ण संसार का संहार करते हैं। तो करुणातिरेक में भोले भंडारी भस्मासुर भी बना देते हैं।

इन दोनों अतियों के बीच जो कल्याण का भाव मन में लेकर धूनी रमाता है वही शिव है। सावन शिव से शोभन के सायुज्य का महीना है। शिव और शोभन अर्थात आदि पुरुष और मूल प्रकृति के मिलन का महीना है। इसलिए इस महीने में आकुल-माकुल हो वैरागी बन जाना बौराया हुआ वैरागी बन जाना सहज है। सावन सत् के भास्वर रूप शिव और सौंदर्य की एकाकारिता का महीना है। इसलिए इस महीने में मन का वैरागी हो जाना और जन का बौराया हुआ बैरागी बन जाना सहज है। सावन अपनी फुहारों से प्रकृति को संवारता है। सत्य को शिवमय बनाता है शिव और सुंदर दोनों को सरस करता है। इसीलिए सावन शिव को प्रिय है।

अपर्णा को भी प्रिय है, क्योंकि इसी महीने में महागौरी कर्पुरगौरांग शिव को प्राप्त करती है। इसलिए सावन अपर्णा व अपर्णेश दोनों का महीना है। यह अपर्णेश में पर्णोदय का मास है। यह पर्णोदय है मूल प्रकृति में सृष्टि के विस्तार का अव्यक्त प्रजातंतु को व्यक्त रूप देने का। धर्मशास्त्रीय मान्यता यह भी है कि वर्षा ऋतु के चौमासे (चार माह) में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, और हरि के शयन से हरि के जागरण या प्रबोधन तक पूरी सृष्टि भगवान शिव के अधीन हो जाती है। अत: चौमासे में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए मानव जाति कई प्रकार के धार्मिक कार्य, दान, उपवास आदि करती है। पर विशेष है कीचड़ से लथपथ कंटकाकीर्ण ऊबड़ खाबड़ रास्तों से बोल-बम बोल-बम का निनाद करते हुए भीगते हुए जलधार से।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# पीड़ित मानव की तरफ हाथ बढ़ाना ही सच्ची सेवा

योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह, जिला मंडी

प्राकृतिक आपदाएं कब आ जाए, कोई नहीं जानता। यही हुआ मानसून की पहली बरसात में। धर्मशाला मनूणी खड्ड कुल्लू सैंज नाला सहित जिला मंडी के धर्मपुर सयाठी गांव, करसोग, सराज वैली के थुनाग, जंजैहली, बगसाइड, गोहर स्यांज में बादलों के अत्यधिक बरसने से जो मानवीय पीड़ा मिली है, वह अत्यंत दर्दनाक है। कई घर, दुकानें पानी मलवे के साथ बह गए और कई घरों दुकानों को नुकसान पहुंचा।

पानी के तेज बहाव के कारण कई लोग लापता और कई लोग मौत के ग्रास बने हैं। प्रकृति का रौद्र रूप एक तरह की ऐसी त्रासदी है जिसे भूला नहीं सकते। जान माल का जो नुकसान हुआ, वह भयानक दृश्य है। वर्ष 2023 व 2024 की तरह वर्ष 2025 के मानसून ने ऐसे जख्म छोड़े हैं जिन्हें पीड़ित लोग शायद ही भूल पाएं। सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि मौके पर जाकर सांत्वना देते हुए राहत समीक्षा कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों के व्यापार मंडल, धार्मिक संस्थान, अनेक एनजीओ सहित स्वयंसेवी लोग अपनी संवेदनाओं के साथ राहत सामग्री उपलब्ध करवा रहे हैं। फौज के जवान, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी अग्रणी भूमिका निभाते हुए राहत व बचाव कार्य में जुटे हैं। आपसी सहयोग से मदद करना देवभूमि हिमाचल की संस्कृति रही है, जो आज इस आपदा के समय जिंदा दिखती है।

दु:ख होता है जब राजनीतिक नेतागन एक दूसरे पर आरोप लगाते हैं। सभी को आपसी टकराव छोड़ अपने व्यक्तिगत प्रभाव का प्रयोग कर आपदा पीड़ितों की मदद में विशेष सहयोग उपलब्ध करवाएं, तो बेहतर सेवा हो सकती है। प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह का होता है। जिनके घर बह गए, शायद दोबारा उस ढंग से बना पाए।

जिन दुकानों का नुकसान हुआ, वह अपनी देनदारियों को चुकता करने में असमर्थ हो जाएंगे। प्रभावितों ने अपनी जमा पूंजी के साथ जो सपने देखे होंगे, वह सभी सपने धराशायी हो गए हैं। कुदरती आपदा से पीड़ित परिवारों को उभरने में वर्षों लग जाएंगे। जो लोग मौत के ग्रास हुए और जो लापता है, उनकी क्षतिपूर्ति तो कोई भी नहीं कर पाएगा। आंसुओं के सैलाब में परिजनों के सपने टूटे हैं। मिले जख्मों की पूर्ति करना मुश्किल है। अपनी मेहनत की कमाई को बिखरते हुए देखना असहनीय पीड़ा है। आपदाएं अचानक बिना बताए आती है और अपना प्रभाव चुपचाप छोड़ शांत हो जाती है।

देश के अन्य राज्यों सहित दुनिया के अन्य देशों में बाढ़ भूस्खलन जैसे प्रकोप दिख रहे हैं। विभिन्न स्तर पर चिंतन होता है। सरकारे उपाय भी करती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन का प्रकोप मनुष्य व अन्य प्राणी कब तक झेलते रहेंगे? यह प्रशन अब स्वयं से ही प्रश्न पूछने लगेगा। इंसान के पास कोई उत्तर नहीं है सिवाए कुदरत के। शुरुआती राहत बचाव तो मिल जाता है, परंतु पीड़ितों को अपने पूर्णवास की समस्या को कई वर्षों तक झेलते रहना पड़ता है। प्रभावितों का पूर्णवास करना, प्राथमिकता तय होनी चाहिए। स्थायी पूर्णवास भी उतना ही जरूरी है जितना की शुरुआती राहत। धर्मपुर सयाठी गांव के प्रभावितों के पूर्णवास को लेकर आसपास के गांव वालों ने अपने स्तर पर पैसा इकट्ठे करने की मुहिम शुरू कर दी है जो कि अच्छी सोच की निशानी है, क्योंकि पूर्णवास के लिए राहत के साथ नकद राशि की जरूरत होती है। समाज के प्रबुद्ध, समृद्ध महानुभावों, एनजीओ तथा अन्य स्वयंसेवी यदि राहत सामग्री के साथ पैसा भी उपलब्ध करवाएं, तो पीड़ितों के पूर्णवास सहित अन्य तरह की जरूरतें पूरी हो सकती है। जो हाथ राहत के लिए उठे हैं, वह हाथ पीड़ितों के पूर्णवास के लिए भी उठते रहने चाहिए, ताकि सराज वैली के प्रभावित गांव अपने पुराने अस्तित्व में दिखने लग जाए। प्रदेश व केंद्र दोनों सरकारें अपनी जिम्मेदारी समझे और पूर्णवास के लिए अधिक से अधिक नकद धन बांट कर पीड़ितों की मदद करें। कठिन पड़ी में मानव सेवा की तरफ हाथ बढ़ाना सच्ची सेवा मानी जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी का विधानसभा क्षेत्र सराज है, वो आपदा के बाद अपाहिज मुद्रा में हाथ फैलाए खड़ा है। सराज को नहीं मालूम कौन उसका अपना है, वह तो खुद काफी परेशान है। इसलिए प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सुक्खू, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा पूर्व सीएम जयराम ठाकुर वहां जाकर एक साथ और एक जैसी संवेदना देते देखे गए। पत्थर हो चुकी घाटियों में विनाश का कोहराम, परंतु फिर भी सुबह हो रही। वहां सूरज हाजिरी लगा रहा है और इसका एहसास हिमाचल सरकार, केंद्र से जगत प्रकाश नड्डा का हिसाब और जयराम का अपना विश्वास दिला देता है। सरकार राहत के हर द्वार को खोल कर बचाव से नए ठहराव तक हर संभव कार्य कर रही है। प्रभावित जनता को नए समाधानों, जीने के नए रास्तों और गुम हुई तकदीर को पुन: पाने की शक्ति दिखाई दे। हिमाचल सरकार पूरा सहयोग कर रही है।

**कमल कुमार, ज्वालामुखी**

# ईएलआई योजना:नौकरियों और आर्थिक विकास की श्रमशक्ति

सुश्री ज्योति विज
महानिदेशक, फिक्की

अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपए के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है।

अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है-यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत 2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है। कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात परगौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक वदीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में। आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली(डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन, बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जो कि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन(आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं। मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है।

जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, 'मेक इन इंडिया 'तथा' स्किल इंडिया' जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी। अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई)कोयह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है।

सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है।

भारत की ईएलआई योजना हमारे विशाल अनौपचारिक श्रम बाजार, जनसांख्यिकीय लाभांश और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर की सर्वश्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का समावेश करती है। ईएलआई योजना भारत की रोजगार नीति की परिपक्वता-अल्पकालिक राहत से हटकर दीर्घकालिक श्रम बाजार के विकास की दिशा में बदलाव-को दर्शाती है। ढलती उम्र वाली आबादी के साथ-साथ डिजिटल और हरित बदलावों जैसे व्यापक वैश्विक रुझानों की पृष्ठभूमि में, ऐसी कारगर नीतियां अधिक संख्या में लोगों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सुलभ कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। फिक्की में, हम अपने सदस्यों से इस योजना का सदुपयोग करने हेतु आगे आने का आग्रह करते हैं। नियोक्ताओं-खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई)से जुड़े- को इसे वित्तीय लाभ से कहीं आगे बढ़कर देखना चाहिए। यह योजना परिचालन को बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं का दोहन करने, वेतन भुगतान प्रणाली (पेरोल)का औपचारिकीकरण करने और स्थायी आर्थिक मूल्य सृजित करने का एक उपकरण है। उद्योग जगत के एक शीर्ष चैंबर के रूप में, फिक्की इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

# बाढ़ का सैलाब तो थम गया, लेकिन आंसुओं का सैलाब नहीं थमा

नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

बेरहम बरसात का सैलाब तो थम गया है, लेकिन आंसुओं का सैलाब नहीं थम रहा है। हर गांव में करुण क्रदन मचा हुआ है। लोग सदमे में है। ऐसा सदमा लगा है कि इससे उभरने में सदियां लग जाएगी। हर तरफ मातम छाया हुआ है, आंखें पथरा गई है।

चूल्हे नहीं जल रहे हैं, राहत शिविरों में रातें कट रही हैं। आपदा से ग्रस्त लोगों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि विपदा पड़ जाएगी। पिछले नौ दिनों से खाना पीना राहत शिविर में ही चल रहा है। अपनों की यादें सता रही हैं, जो बाढ़ में बिछड़ गए हैं और बह गए हैं। डरावनी रात बार-बार याद आती है तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बेरहम प्रकृति ने चंद मिनटों में तबाही का जो मंजर दिखाया है, बहुत ही भयानक था। सयांज के अभागे गांव पंगलियूर में बाढ़ ने एक ही परिवार के नौ लोगों को छीन लिया केवल मात्र एक लड़की ही जिंदा बची है, वहीं बाड़ा में भी एक नौ महीने की नवजात बच गई है उसके मां-बाप मौत के आगोश में समा चुके है।

30 जून की काली रात ने ऐसी तबाही की इबारत लिखी है कि यह इतिहास बन गई है आने वाली सात पीढ़ियों को भी यह डरावना बरसात का कहर याद रहेगा। बरसात के इस कहर ने ऐसे जख्म दिए है कि जख्म तो भर जाएंगे पर घाव रिसते रहेंगे।

सराज में बेरहम प्रकृति ने ऐसी तबाही की है कि लोग इसे ताउम्र नहीं भूल सकते हैं। मंगलवार को चंबा के चुराह में बादल फटने से लोगों के खेत बह गए गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। 30 जून को करसोग में बादल फटने से बाढ़ की चपेट में आने से लापता ललित कुमार का शव करला के पास सतलुज नदी में बरामद हो गया अभी बहुत लोग लापता हैं। आलीशान आशियाने मिट्टी बन गए जमीदोज हो गए हैं लोग बेघर हो गए हैं। प्रकृति ने सब तहस नहस कर दिया है। शवों की तलाश के लिए दिन रात टीमे जुटी है, लेकिन अभी तक शव नहीं मिल रहे हैं। बाढ़ में बह चुके लोगों के परिजनों के आंसू सूख चुके है।

बाढ़ में खो चुके अपनों की तलाश में मारे-मारे फिर रहे हैं पर अपनों की लाशें नहीं मिल रही है। जून में हुई त्रासदी इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए, लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। वर्ष 2018 में भी बहुत मानवीय त्रासदी हुई थी और 2024 में भी हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे गए थे। समेज गांव का नामोनिशान मिट गया था और 42 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे।

प्रदेश में पहले भी कई भीषण त्रासदियां हो चुकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चों से लेकर बूढ़े बुजुर्ग मारे गए है, तो कहीं सैकड़ों बेजुबान पशुओं की दबकर मौत हो गई। दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोड़ों की संपत्ति तबाह हो गई। पहाड़ के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुकसान हो रहा है। प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते हैं लाशे मलवे में दफन हो गई है। अब भी मानव ने प्रकृति पर अत्याचार बंद नहीं किया, तो प्रकृति अपना बदला लेती रहेगी और मानव को सबक सीखाती रहेगी। बादल फटते रहेंगे, बाढ़े आती रहेगी। सतर्कता बरतनी होगी ताकि फिर कभी ऐसी त्रासदी न झेलनी पड़े।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एचआरटीसी कर्मियों ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एचआरटीसी के कर्मियों ने एक बार फिर मानवीयता का परिचय देते हुए घायल युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। बिहूं पंचायत के चनेहड़ गांव के पास वीरवार रात एक बाइक स्किड होकर एचआरटीसी बस से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक निशांत (33), निवासी गांव बड़धार, पंचायत नौहली, गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक व परिचालक ने बिना देरी किए घायल युवक को बस में ही बैठाया और सीधे जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी एचआरटीसी के चालक व परिचालक ने एक अन्य हादसे में घायल महिला और बच्चे को तत्काल सहायता पहुंचाते हुए जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल पहुंचाया था। ऐसे उदाहरणों से एचआरटीसी के कर्मियों द्वारा निभाई जा रही सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की सराहना हर तरफ हो रही है। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने एचआरटीसी कर्मचारियों की तत्परता व मानवीयता की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कर्मी वास्तव में समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र जंजैहली के बायला गांव में अब ड्रोन से पहुंचाई राशन किट

## एसडीआरएफ के 8, पुलिस के 2 और ड्रोन संचालन कंपनी के 3 कर्मियों ने निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अब ड्रोन के माध्यम से भी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के ड्रोन सहायक बने हैं। शुक्रवार को आपदा प्रभावित जंजैहली क्षेत्र के बायला गांव में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के दल द्वारा कार्गो ड्रोन के माध्यम से 15 किलोग्राम राशन किट पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।

इस कार्य को अंजाम देने के लिए एसडीआरएफ के 8 जवानों, मंडी पुलिस के 2 कर्मचारियों सहित ड्रोन संचालन से जुड़ी निजी कंपनी के टीम कप्तान नूतन के नेतृत्व में उनके दल के 3 कर्मचारियों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है।

कार्गो ड्रोन के माध्यम से आपदा प्रभावित बायला गांव में पहुंचाई राशन किट।

इंसीडेंट कमांडर एवं संयुक्त निदेशक पंचायती राज सुरेंद्र मोहन ने बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत सामग्री एवं आवश्यक वस्तुएं भेजने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। आज ड्रोन के माध्यम से राशन किट भेजी गई हैं। एक अन्य ड्रोन की मदद से ओडीधार के लगभग 50 लोगों को दवाइयां भी पहुंचाई गई हैं। इसके अतिरिक्त थुनाड़ी, लम्बाथाच में क्षतिग्रस्त घरों से घरेलू सामान व महत्वपूर्ण कागजात भी सुरक्षित निकाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे राहत कार्यों में और तेजी आएगी। इसके अतिरिक्त इस प्राकृतिक आपदा में लापता लोगों की तलाश में भी ड्रोन की मदद ली जा रही है। एसडीआरएफ के सहयोग से पंडोह से पटीकरी डैम तक लगातार 5वें दिन लापता लोगों को तलाशने का ऑपरेशन जारी रहा। ड्रोन संचालन में पारंगत कम्पनी द्वारा एसडीआरएफ के जवानों को ड्रोन चलाने का समुचित प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# स्वास्थ्य विभाग की 24 टीमों ने की 18 हजार लोगों की स्क्रीनिंग, 5 हजार को दी दवाइयां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिला में बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा के बाद स्वास्थ्य विभाग प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की स्वास्थ्य जांच सहित अन्य सेवाएं प्रदान करने में निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिपाली शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अब तक 18 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है और 5 हजार से अधिक जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई हैं। उन्होंने बताया कि आपदा के तुरंत बाद 24 मेडिकल टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया, जिनमें से 10 टीमें थुनाग और 10 टीमें जंजैहली क्षेत्र में सेवाएं दे रही हैं। विभाग ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया है। जहां भी किसी मरीज ने विशेष दवा की मांग की, विभाग ने वह दवा उनके घर तक पहुंचाने का कार्य भी सुनिश्चित किया।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जुलाई माह में जिन गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी संभावित थी, उन्हें समय रहते प्रशासन के सहयोग से क्षेत्रीय अस्पताल मंडी और मेडिकल कॉलेज नेरचौक पहुंचाया गया, जिससे संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि कुछेक स्वास्थ्य कर्मियों के घर स्वयं आपदा में बह गए, इसके बावजूद उन्होंने सेवा कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी और निरंतर मैदान में डटे रहे। उन्होंने बताया कि प्रशासन और समाजसेवी संस्थाओं द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से विभाग को लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व समाज के संयुक्त प्रयासों से ही आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

### सराज में 30 हजार क्लोरीन की गोलियां वितरित : डॉ. शर्मा

**डॉ.** शर्मा ने कहा कि जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए विभाग ने सराज क्षेत्र में 30 हजार क्लोरीन की गोलियां वितरित की हैं, जिन्हें घर-घर पहुंचाया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेंगलुरु से दोस्त के माध्यम से भेजी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए दूरस्थ स्थानों से भी राहत राशि प्राप्त हो रही है। जम्मू के मूल निवासी एवं बेंगलुरु में रहने वाले सतिंदर गुप्ता ने अपने दोस्त के माध्यम से सराज क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के लिए जिला रेडक्रास सोसायटी में सहयोग राशि भेजी। मंडी में रहने वाले उनके दोस्त सेवानिवृत्त अधिकारी सुभाष पाल राम ने तीन हजार रुपए की यह सहयोग राशि शुक्रवार को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार को प्रदान की। सुभाष पाल ने अपनी ओर से भी इस आपदा के प्रभावितों के लिए दो हजार रुपए की सहायता राशि भेंट की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने इन दोनों का आभार व्यक्त किया।

### 51 हजार की राहत राशि का चेक किया भेंट

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एसडीएम करसोग गौरव महाजन को आज प्रधान ग्राम पंचायत सोरसन स्तुति शर्मा और प्रधान पीएलबी स्पोर्ट्स क्लब सोरसन की ओर से संयुक्त रूप से आपदा प्रभावितों के लिए 51 हजार रुपए की राहत राशि का चेक भेंट किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेता महेश राज, युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पवन ठाकुर, प्रधान रमेश कुमार, लव ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### आपदा पीड़ितों को भेंट किया डेढ़ लाख का चेक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विकास खंड के लौंगनी ग्राम पंचायत के स्याठी गांव में 1 जुलाई को भारी भूस्खलन के कारण 20 परिवार बेघर ही गए थे। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में बतौर अधिवक्ता अजय चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इस आपदा में पीड़ित परिवारों से मिला तथा उनको 156208 रुपए का चेक भेंट किया। अधिवक्ता अजय चौहान ने बताया कि उन्होंने धर्मपुर सरकाघाट तथा प्रदेश के अन्य जिलों में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे 139 लोगों के सहयोग से यह राशि एकत्रित की जिसमें डॉक्टर, शिक्षक वकील, व्यवसाई, छात्र तथा दुकानदार शामिल हैं। चौहान ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि आपदा प्रभावित 20 परिवारों को शीघ्र भूमि आवंटित हो। इन सभी परिवारों को किसी सुरक्षित जगह में ठहरने का प्रबंध किया जाए। उनके साथ इस दौरान पपलोग पंचायत के उप-प्रधान शिव सकलानी, राज ठाकुर, मनोज ठाकुर, संजीव, कमलेश, पवन, राकेश, अविनाश, दिनेश इत्यादि थे।

### धनेड में लगाए देवदार के 100 पौधे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट तहशील बलद्वाड़ा के वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिनव ठाकुर की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मां शीतला सेवा समिति, परशुराम युवक मंडल हंसाल व शीतला युवक मंडल धनेड पटड़ीघाट के सदस्यों द्वारा गोभरता बीट के गांव धनेड में पौधरोपण किया गया, जिसमें वन खंड अधिकारी प्रेम लता तथा सभी वन खंड गोभरता के वनरक्षकों व वन मित्रों ने भाग लिया। इस अभियान में लगभग 100 देवदार के पौधे लगाए गए।

### पसल में जनसंख्या वृद्धि पर दी जानकारी

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत पसल में शुक्रवार को सब डिविजनल लीगल सर्विसेज कमेटी जोगिंद्रनगर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अधिवक्ता एमएस राठौर ने की। इस अवसर पर अधिवक्ता राठौर ने उपस्थित ग्रामीणों को परिवार नियोजन, मानव अधिकार, लिंग समानता तथा जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में पंचायत उपप्रधान राजकुमार, पंचायत सचिव सैलो राम सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के अंत में सब डिविजनल लीगल सर्विसेज समिति जोगिंद्रनगर की ओर से उपस्थित लोगों को उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई। इस तरह के जागरूकता शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जानकारी को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### साईगलू में 15 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, साईगलू विनीत ठाकुर ने सूचित किया है कि बिजनी से साईगलू फीडर की 33केवी लाईन की तारों के साथ लगे पेड़ों की कांट-छांट व बिजली की तारों की मरम्मत तथा विद्युत उप केंद्र साईगलू में जरूरी कार्य किया जा है, जिसके दृष्टिगत 15 जुलाई को गांव साईगलू, साई, पपराहल, धड़याना, सदयाणा, बग्गी, गोखड़ा, बटाहर, सेहली, लोट, तल्याहड़, रंधाड़ा, पधियूं, तांदी, पतरौण, बीर, लाग, सदोह, तरनोह, धन्यारी, बरयारा, कसान, पटनाल, कोटली, अरन्याना, धरवान, सुरारी, धंडाल, समराहण, सलेतर, धन्यारा, फागला, सुकसाल, गुजरा रोपडू, तरयासल, लुहारड, डवाहण, भरगांव, अलग, ढ्रुब्बल, मधोखर, कून, कोट, त्रेहर, खलानू, कासन, लागधार, सताहनल, कड़कोह ढल्वानी तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### बाडा देव मंदिर भनवाड़ में श्रीराम कथा 16 से

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत भनवाड में सत श्री बाडा देव मंदिर गांव भनवाड़ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 से 24 जुलाई तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र शर्मा बडोह सुंदरनगर वाले अपने मुखारविंद से कथा प्रवचन करेंगे। सत बाडा देव कमेटी के प्रधान कर्म सिंह और देव गुरू लाल सिंह ठाकुर बताया कि 16 जुलाई को मंदिर परिसर में कलश स्थापना सुबह 11 बजे होगी और कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आरती व भजन-कीर्तन प्रतिदिन दिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक 23 जुलाई को अखंड कीर्तन रात्रि 7:30 से और 24 जुलाई को हवन एवं कन्या पूजन सुबह 11 बजे और पूर्ण आहुति 11:30 पर होगी। उसके बाद कथा 12:30 से और दोपहर 1:30 बजे से भंडारा शुरू हो जाएगा।

### लडभड़ोल में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल।** महामाया मंदिर लडभड़ोल के प्रांगण में शुक्रवार से 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन आरंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत मंदिर परिसर से लडभड़ोल बाजार तक निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आस्था का परिचय दिया। मंदिर कमेटी और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत स्थापना पूजन से हुआ। महामाया मंदिर के प्रधान विजय कांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक किया जाएगा। पहले दिन वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. नंद नंदन महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को कथा का महत्व समझाया। कथा के पहले ही दिन मंदिर प्रांगण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। भक्तगण भजन, कीर्तन और प्रवचनों में लीन होकर अध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

### बम-बम भोले से गूंजे महादेव के शिव मंदिर

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** श्रावण मास के आरंभ शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को शिवालयों में जाकर मत्था टेक मन्नत मांगी। वहीं शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुंदरनगर तहसील के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली गांव महादेव के प्राचीन शिव मंदिर सहित पुराना नगर के प्राचीन शिव मंदिर एवं नया बाजार यही नहीं कलवाड़ा महादेव मंदिर गुफा डोडेश्वर महादेव मंदिर शुकदेव वाटिका पुंघ के मंदिर भौण धार आदि के यहां शिव भक्तों ने शीश नवाया और हर-हर महादेव गूंजायमान किया।

# जंगलों से कसमल की जड़ें निकालने से मची आपदा!

## देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष सैणी ने वन अधिकारियों पर लापरवाही के लगाए आरोप

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** सराज घाटी में हाल ही में आई भयावह आपदा के पीछे पर्यावरणीय असंतुलन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस आपदा में कई लोगों की जान गई, कई अभी भी लापता हैं और अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घर, जमीनें, बाग-बगीचे और जीवन सब कुछ तबाह हो गया। अब इस भीषण आपदा के पीछे एक नया कारण सामने आया है, जंगलों से अवैध रूप से कसमल की जड़ों का दोहन।

देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैणी ने इस आपदा के लिए वन विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जंगलों से कसमल की जड़ों को निकालने के लिए 6 से 8 फुट तक गहरे गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इससे जंगल की जमीन कच्ची और अस्थिर हो गई है, जो भारी वर्षा के समय भूस्खलन और मलबा गिरने जैसी आपदाओं का प्रमुख कारण बना।

### सरकारी बैन के बावजूद जोरों पर अवैध दोहन

**कसमल** की जड़ों का उपयोग दवाइयों में किया जाता है। सरकार ने इन जड़ों के दोहन पर प्रतिबंध लगा रखा है, ताकि जंगलों और पर्यावरण का संतुलन बना रहे। परंतु सैणी का कहना है कि कुछ ठेकेदार और स्थानीय लोग चोरी-छिपे जंगलों से ये जड़ें निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जंगलों में जहां-तहां खुदाई के गड्ढे साफ दिखाई दे रहे हैं।

### सूखे पेड़ों की जड़ों की खुदाई से मिट्टी हो गई ढीली

**देवभूमि** पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैणी ने बताया कि देवदार, कायल और रई जैसे पेड़ों के सूखने के बाद उनकी जड़ों के आसपास की मिट्टी को भी खोदा जा रहा है, जिससे जमीन की पकड़ कमजोर हो गई है। यह भी एक बड़ा कारण है जिससे आपदा ने विकराल रूप धारण किया।

### उच्च न्यायालय से करवाई जाए पूरे मामले की जांच

**सैणी** ने बताया कि उन्होंने जोगिंद्रनगर वन मंडलाधिकारी से इस मामले में लिखित जानकारी मांगी थी, जिसमें लाखों रुपए के जुर्माने की जानकारी दी गई। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह अवैध धंधा पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच माननीय उच्च न्यायालय से करवाई जाए और जो वन अधिकारी लंबे समय से सराज घाटी में तैनात हैं, उनकी भूमिका की जांच कर उन्हें अन्य जिलों में स्थानांतरित किया जाए।

# आदर्शनी वेलफेयर सोसायटी ने आपदा पीड़ितों को वितरित किए 500 कंबल, 100 किचन किट

आदर्शनी वेलफेयर सोसायटी के सदस्य सराज के प्रभावितों को राहत सामग्री प्रदान करते हुए।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र की समाजसेवा में जुटी आदर्शनी वेलफेयर सोसायटी ने प्राकृतिक आपदा से घिरे सिराज में राहत कार्य के अंतर्गत 500 कंबल, 100 किचन किट और महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड वितरित किए। संस्था की अध्यक्ष जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने कहा कि यह आपदा केवल घरों को ही नहीं, बल्कि लोगों की वर्षों की मेहनत, जीवन की पूंजी और सपनों को भी बहा ले गई। ऐसे समय में, हमारी संवेदनशीलता और इंसानियत की असली परीक्षा है। सोसायटी भविष्य में भी सराज के पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम सरकार से आग्रह करते हैं कि प्रभावितों के लिए त्वरित राहत और ठोस पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी संवेदनशील नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं से आग्रह किया कि इस कठिन घड़ी में सभी आगे आएं। भोजन, वस्त्र, दवाएं या आश्रय आपका एक छोटा-सा सहयोग किसी के उजड़े जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है।

# स्याठी आपदा प्रभावितों के लिए 3 बीघा जमीन दान करेंगे डॉ. बलवंत

आपदा में घर बनाने के लिए जमीन दान करने वाले डॉ. बलवंत अन्य लोगों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** खंड के स्याठी गांव के बेघर हुए परिवारों को घर बनाने के लिए सज्जाओ निवासी डॉक्टर बलवंत वर्मा ने 3 बीघा भूमि दान करने की घोषणा की है। इस बारे उन्होंने दो दिन पहले पूर्व जिला पार्षद भूप सिंह के माध्यम से प्रभावितों को सूचित किया था और शुक्रवार सुबह किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, लौंगनी पंचायत के पूर्व प्रधान देश राज पालसरा, पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह प्रभावित डुमनु राम इत्यादि ने उस भूमि का अवलोकन सजयोड़ी में जाकर किया। डॉक्टर बलवंत ने कहा कि यदि प्रभावित व प्रशासन इस भूमि को लेना चाहते हैं तो वे इसे बिना किसी कीमत के देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मुशिकल घड़ी में वे उन बेघर हुए परिवारों की हरसंभव मदद करना चाहते हैं जो वे कर सकते हैं। उधर, पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि डॉक्टर बलवंत की 3 बीघा जमीन सजयोड़ी गांव में है, जिसे वे दान देना चाहते हैं जो अपने आप में बहुत ही सराहनीय कदम है।

# सराज के आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आगे आए सरस्वती विद्या मंदिर

## जोगिंद्रनगर, भराडू व सुखबाग स्कूल से 4 वाहनों में भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**सराज** विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में बादल फटने व भारी बारिश के कारण भारी जान-माल की हानि हुई है। इस आपदा की गंभीरता को देखते हुए जोगिंद्रनगर, भराडू और सुखबाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिरों ने जन सहयोग से एकत्रित राहत सामग्री को पीड़ितों तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

विद्यालयों द्वारा राशन, कपड़े, बर्तन व अन्य आवश्यक सामग्री को चार वाहनों के माध्यम से सराज क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। इस सामग्री को इकट्ठा करने में विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधन समिति, आचार्य वर्ग, अभिभावकगण व सामाजिक संस्थाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरस्वती विद्या मंदिर जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल शिक्षा समिति के अंतर्गत संचालित ये विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी हैं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाने में भी सदैव आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि सराज क्षेत्र में हाल ही में हुई आपदा अत्यंत दुखद है। संकट की इस घड़ी में हमारा कर्तव्य बनता है कि पीड़ित परिवारों के लिए हर संभव सहायता पहुंचाई जाए। हमारे विद्यालयों ने सामूहिक प्रयास से यह राहत सामग्री एकत्रित की है, जिसे अब प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जा रहा है।

प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने विशेष रूप से जलपेहड़ पंचायत की वार्ड पंच अनीता बलिया और कस पंचायत की महिला मंडलों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि इन महिला मंडलों ने न केवल सामग्री एकत्र करने में मदद की, बल्कि जरूरतमंदों की सूची तैयार करने और सामान के वर्गीकरण में भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास एक बार की पहल नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यदि प्रदेश में कहीं कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो सरस्वती विद्या मंदिर परिवार तत्परता से राहत कार्यों में योगदान देता रहेगा। इस मानवीय प्रयास को स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने भी सराहा है।

आपदा प्रभावित लोगों के लिए विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों, महिला मंडलों और जनसहयोग से जुटाया गया राशन, कपड़े व बर्तन।

# आईआईटी दिल्ली में प्रवेश पाने पर तमन्ना को आरकेएम स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

होनहार छात्रा तमन्ना को सम्मानित करते आरकेएम स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र भारती व अन्य।

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**रिवालसर।** गेट की परीक्षा उतीर्ण कर आईआईटी दिल्ली में प्रवेश पाने वाली उपमंडल बल्ह की ग्राम पंचायत लुहाखर (कपाही) की होनहार छात्रा तमन्ना ठाकुर को इस उपलब्धि पर उनके प्रारंभिक आरकेएम पब्लिक स्कूल कपाही के प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य वीरेंद्र भारती, शिक्षिका मंजू वर्मा, बंती देवी, कुसुम ठाकुर, मंजू गुलेरिया, भानु शर्मा, किरण ठाकुर और वंदना ने तमन्ना को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा प्रधानाचार्य वीरेंद्र भारती ने स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। तमन्ना की नर्सरी की अध्यापिका मंजू वर्मा ने जब अपनी शिष्या को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तो उनकी आंखें नम हो गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि वह सुबह रोज जल्दी उठती थी और देर रात तक पढ़ाई करती थी इसी का नतीजा है कि वह इस कामयाबी को प्राप्त कर पाई। तमन्ना ने इस काबिल बनाने के लिए अपने गुरुजनों का आभार जताया।

# ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने पर मिलेगा 85 प्रतिशत तक अनुदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राज्य में ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना आरंभ की गई है। प्रत्येक केंद्र के लिए अधिकतम 250 करोड़ रुपए तक की परियोजना लागत निर्धारित की गई है, जिसमें से 85 प्रतिशत तक की राशि भारत सरकार द्वारा अनुदान के रूप में उपलब्ध करवाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी (एसडीएम) सदर मंडी रूपिन्द्र कौर ने ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र लगाने की इच्छुक संस्थाएं निर्धारित प्रारूप में शीघ्र आवेदन प्रस्तुत का आग्रह किया हैं, ताकि पात्र प्रस्तावों का चयन कर उन्हें आगे की प्रक्रिया में सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य चालक प्रशिक्षण अवसंरचना को आधुनिक और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित केंद्रों में स्वचालित ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। एसडीएम ने कहा कि यह योजना न केवल चालक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी लाने में सहायक सिद्ध होगी। प्रशिक्षित चालकों की संख्या में वृद्धि से वाहन संचालन अधिक सुरक्षित होगा और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# साहब! बंद पड़ी पंडोह-शिवा सड़क को खुलवा दीजिए, 12 को मेरे बेटे की शादी है : नोता राम

- बोले-बिना सड़क के कैसे जा सकेगी बारात, डीसी से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिले समेत पूरे प्रदेश में समय से पहले व खतरनाक रूप में आई मानसून ने सैकड़ों सड़कों को बंद कर दिया है। जगह-जगह ल्हासे गिरने से अभी भी सैकड़ों सड़कें बंद हैं। खास कर ग्रामीण क्षेत्रों में तो बुरा हाल है। मंडी जिला इस बार सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। सराज, नाचन व धर्मपुर में तो हालात ही बदतर बने हुए हैं। बारिश ने कई गांव के गांव तबाह कर दिए हैं। लोग बेहद परेशानी में हैं।

हर नागरिक की अपनी-अपनी दिक्कत है, मगर द्रंग विधानसभा क्षेत्र की बदार घाटी के गांव थट्टा निवासी नोता राम की दिक्कत तो कुछ अलग ही है। उसके बेटे जीवन ठाकुर की शादी 12 जुलाई से शुरू होनी है। बारात थट्टा से मासड़ गांव जानी है, मगर दिक्कत यह है कि पैदल तो इतनी दूर जा नहीं सकते, पंडोह से शिवा के बीच सड़क जगह-जगह बंद पड़ी है। नोता राम ने उपायुक्त मंडी के नाम से एक ज्ञापन जो अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा। उसमें गुहार लगाई है कि इस सड़क को खोला जाए। उसने अपने ज्ञापन में यह भी लिखा है कि यह मेरी परेशानी की ही बात नहीं है, इस सड़क के बंद होने से इलाके की सात पंचायतों को इस सड़क के बंद होने से परेशानी है। जगह-जगह से सड़क बंद है, बसें भी पिछले दस दिनों से जा आ नहीं रही हैं, अपने वाहन भी नहीं चल पा रहे हैं। तुंदला से पीछे और धामू से आगे सड़क पूरी तरह से अवरूद्ध है। नागधार, देवरी, शिवा बदार की जनता परेशानी में है।

**योगदान** चौहार-छोटा भंगाल घाटी के 11 समाजसेवियों ने स्वास्थ्य सेवा को दी नई ऊर्जा

# बरोट सीएचसी को डेंटल मशीन की सौगात

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** चौहार घाटी व छोटा भंगाल घाटी के बीच स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट लंबे समय से चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहा है। स्वीकृत चार डॉक्टरों के सभी पद बीते दो माह से खाली पड़े थे, जिससे यह केंद्र मात्र एक दंत चिकित्सक के भरोसे ही चल रहा था। लगातार हो रहे तबादलों के चलते स्थानीय लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और आमजनता की जोरदार मांग के चलते सरकार ने हाल ही में एक डॉक्टर की तैनाती की है, जिससे कुछ हद तक राहत मिली है, वहीं दंत चिकित्सक अविनाश की मौजूदगी के बावजूद उपकरणों की कमी से दंत रोगियों को भी समस्याएं उठानी पड़ रही थीं। इस स्थिति को देखते हुए छोटा भंगाल और चौहार घाटी के कुल 11 समाजसेवियों मनोज कुमार, लोक राज, शिवजीत, विनोद, बलवीर ठाकुर, सोमा देवी, निहाल चंद, मंगत राम, भवानी दत्त, जय सिंह और राज कृष्ण ने मिलकर करीब 30,000 रुपए की लागत से एंडोमोटर और डेंटल कंप्रेसर मशीन खरीदकर केंद्र को दान की। दंत चिकित्सक अविनाश ने इस सराहनीय पहल के लिए सभी समाजसेवियों का तहे दिल से आभार जताया। यह योगदान न केवल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देगा, बल्कि आने वाले समय में मरीजों को बेहतर सुविधा भी प्रदान करेगा।

समाजसेवी मशीन दान करने के दौरान मौजूद दंत चिकित्सक अविनाश के साथ अन्य।

# महापौर, नगर आयुक्त ने खलियार व पुरानी मंडी में जल निकासी की व्यवस्था को जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**वार्ड** संख्या 1 खलियार एवं वार्ड संख्या 2 पुरानी मंडी में हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव व अवरुद्ध जल निकासी व्यवस्था की समस्या को लेकर महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा व नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत समीक्षा बैठक आयोजित कर जनसाधारण की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छ एवं सुचारू जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करना था, ताकि आमजन को राहत मिल सके। भारी वर्षा के कारण नालियां, नाले व क्लवरट अवरुद्ध हो गए थे, जिससे लोगों को आवागमन एवं दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। महापौर व आयुक्त ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए कि अवरुद्ध जल निकासी संरचनाओं को शीघ्र दुरुस्त किया जाए और भविष्य के लिए स्थायी समाधान तैयार किया जाए। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद अलकनंदा हांडा, संजय शर्मा, नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं एनएचएआई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

नालियों का निरीक्षण करते हुए अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय होटल प्रबंधन प्रवेश परीक्षा में आर्यमन का चयन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के मेधावी छात्र आर्यमन जोशी ने राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खान-पान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी) की अखिल भारतीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। देशभर में कुल 220 सीटों के लिए आयोजित इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आर्यमन ने भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) पूसा, नई दिल्ली में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। आर्यमन के पिता नवीन जोशी एवं माता शुभलता जोशी ने इस उपलब्धि पर अत्यंत गर्व व्यक्त किया और विद्यालय एवं शिक्षकों का विशेष धन्यवाद किया। आईएचएम पूसा में आर्यमन की कक्षाएं 28 जुलाई से आरंभ होंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि आर्यमन की यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनुज वशिष्ट ने बधाई देते हुए कहा कि हम आर्यमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### तरखानका में प्राकृतिक खेती पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा की धतोल पंचायत के तरखानका में प्राकृतिक खेती विषय पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना की तकनीकी सहायक रवि कुमार व श्वेता द्वारा प्राकृतिक खेती से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को बताया कि किस प्रकार प्राकृतिक विधियों से खेती करना लाभदायक है और इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। रजनी देवी और इंदु ने भी किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में जागरूक किया और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पंचायत सदस्य प्रमोद, बलविंद्र, सुरिंदर विशेष रूप से उपस्थित थे।

### गोविंदिका पत्रिका का किया भव्य विमोचन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शुक्रवार को सत्र 2024-25 की वार्षिक पत्रिका गोविंदिका का विधिवत विमोचन राजकीय महाविद्यालय चौकीमनयार के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा द्वारा किया गया। दय इस दौरान डॉ. बलविंदर सिंह राणा ने कहा कि पत्रिका में प्रकाशित सामग्री महाविद्यालय की सृजनात्मकता, गुणवत्ता और शैक्षणिक माहौल को दर्शाती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि गोविंदिका पत्रिका में महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों, छात्र-शिक्षक सहभागिता तथा रचनात्मक प्रयासों का समावेश किया गया है, जो छात्रों के मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होगा। पत्रिका की मुख्य संपादक वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. रेखा शर्मा ने बताया कि गोविंदिका का संपादन कॉलेज के संपादकों के सहयोग से किया गया है।

### अंबेहड़ा कांवड़ यात्रा पर निकले शिव भक्त

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपतहसील जोल की अंबेहड़ा धीरज से इस वर्ष भी 13 दिवसीय कावड़ यात्रा के लिए 15 श्रद्धालु हरिद्वार रवाना हुए हैं। ये शिव भक्त12 जुलाई को हरिद्वार पहुंचकर गंगाजल भरेंगे और पैदल वापसी कर 23 जुलाई को अटवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर मंदिर में प्रसाद वितरण भी होगा। महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी ने बताया कि यह एक पवित्र परंपरा बन चुकी है, जिसे गांव के कई श्रद्धालु 2 वर्षों से निभा रहे हैं। यह कांवड़ यात्रा हरिद्वार के लिए गाड़ी के माध्यम से जाती है और वापसी पैदल यात्रा करते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ गंगाजल लेकर वापस लौटते हैं। अम्बेहड़ा रामकिशन निवासी योगराज जोगी जो 2 वर्षों से कावड़ यात्रा में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह 13 दिवसीय यात्रा हमारे लिए केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं,बल्कि एक आत्मिक आनंद का अनुभव है।

### चिंतपूर्णी के कई स्थानों पर आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** क्षेत्र के जनसाधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 12 जुलाई 2025 दिन शनिवार को सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक 11 केवी विद्युत लाइन जरूरी मुरम्मत कार्य करने तथा रखरखाव के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी अगर मौसम खराब रहा तो यह कार्य अगले दिन रविवार 13 जुलाई को किया जाएगा मरम्मत कार्य चलते समय किन्नू ,पपलेहड़ा लाल धारा, रैंडा पेड़ा अलोह एवं धर्मोकपुर अत्यधिक क्षेत्र में विद्युत पूर्ति रहेगी यह जानकारी विद्युत उपमंडल भरवाई सहायक अभियंता रविंद्र शर्मा ने दी।

### कारगिल विजय दिवस समारोह की रूपरेखा बनाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व सैनिक संगठन की बैठक, पूर्व सैनिक कार्यालय ऊना में इंडियन एक्स सर्विस लीग ऊना के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें हिमाचल पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के सीनियर वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा,पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. बलदेव डोगरा, पूर्व वायु सैनिक सेवा परिषद के प्रधान हरि शर्मा, इंडियन एक्स सर्विस लीग के वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, महासचिव केवल सिंह फौजी, कैप्टन शाम लाल सैनी ने भाग लिया। 26 जुलाई को कारगिल दिवस मनाया जाएगा, के बारे में निर्णय लिया कि सभी पूर्व सैनिक 26 जुलाई को मिलकर देश के वीर सैनिकों, जिन्होंने भारत माता की आन बान और शान की रक्षा हेतु हंसते-हंसते शहीद हो गए, उन्हें याद किया जाएगा, भावभीन श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके अलावा ईसीएचएस की समस्याओं और उनके समाधान बारे भी चर्चा हुई।

# अब बिना पर्ची करें मां चिंतपूर्णी के दर्शन

## श्रावण अष्टमी मेले के मद्देनजर एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया निर्णय

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में श्रावण अष्टमी मेले की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को बाबा श्री माई दास सदन के सभागार में एसडीएम सचिन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में मेले के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावण अष्टमी मेले के दौरान दर्शन पर्ची की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। अब श्रद्धालु बिना दर्शन पर्ची के ही माता के दर्शन कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) से श्रद्धालुओं की काउंटिंग होगी, जो कि मंदिर की मुख्य एंट्री के पास इंस्टॉल किए गए हैं। इसके अलावा, लिफ्ट से जाने वाले श्रद्धालुओं की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच होगी और सुगम दर्शन पास से काउंटिंग होगी।

**लंगर लगाने के लिए व्यवस्था**
लंगर लगाने के लिए अब 20,000 जमा करने होंगे, जिसमें से 10,000 धरोहर राशि और 10,000 लंगर फीस के रूप में मंदिर न्यास द्वारा लिए जाएंगे।

**मंदिर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था :** मंदिर क्षेत्र को 10 सेक्टर में बांटा जाएगा और हर सेक्टर पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात होगा। सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को दी गई है, जिसमें 85 सफाई कर्मी तैनात किए जाएंगे।

**प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग :** मंदिर के प्रचार प्रसार के लिए इंस्टाग्राम पर रील बनाने के लिए सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से वीडियो बनवाए जाएंगे ताकि मंदिर का देश-विदेश में खूब प्रचार प्रसार हो।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की तैनाती :** मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए मंदिर न्यास द्वारा पुलिस विभाग से 1000 के करीब पुलिस कर्मियों को तैनात करने की मांग की गई है। इसके अलावा, मंदिर गर्भ ग्रह के आगे सेल्फी खींचने पर प्रतिबंध रहेगा और मेले के दौरान आने वाले वीआईपी श्रद्धालुओं को मुख्य बैरियर से एंट्री नहीं होगी, शंभू बैरियर से ले जाया जाएगा।

**मेला अधिकारी और पुलिस मेला अधिकारी की नियुक्ति :** एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर मेला अधिकारी होंगे और एएसपी ऊना संजीव भाटिया पुलिस मेला अधिकारी होंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस मीटिंग में मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल, वित एंव लेखा अधिकारी राजेंद्र कटोच, थाना प्रभारी जयराम शर्मा, मोइन थाना प्रभारी संजीव कुमार, वीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, मंदिर ट्रस्टी तिलक राज कालिया, गंगोट प्रधान ऐश्वर्या शर्मा, भूषण कालिया आदि उपस्थित रहे।

श्रावण अष्टमी मेले की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित बैठक में मौजूद एसडीएम सचिन शर्मा और अन्य।

### मंदिर के खुलने का यह रहेगा समय

**श्रावण** अष्टमी मेले के दौरान मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा, लेकिन सफाई व्यवस्था और शृंगार के लिए 11:30 बजे रात को बंद किया जाएगा और 12:30 बजे खोल दिया जाएगा। नारियल को मंदिर के गर्भ गृह में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा मंदिर के मुख्य पुजारी एवं बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा द्वारा मंडी में आपदा ग्रस्त क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए मंदिर न्यास चिंतपूर्णी की ओर से 51 लाख रुपए और अन्य सामग्री भेजने का आग्रह किया गया, जिस पर एसडीएम ने सहमति जताई और डीसी ऊना से जल्द मंजूरी ली जाएगी।

# जनसांख्यिकीय असंतुलन के समाधान के लिए प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** 'राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट' (जनसंख्या समाधान फाउंडेशन) के कार्यकर्ताओं ने संगठन के राज्य सचिव विवेक शर्मा के नेतृत्व में जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंतुलन जैसी भीषण समस्या से उत्पन्न हो रहे संभावित गृहयुद्ध के खतरे को रोकने के लिए नायब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। फ्रंट के राज्य सचिव विवेक शर्मा ने बताया कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है।

एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्तभोगी है, परंतु पूर्व की सरकारों की विभाजन के तुरंत बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही परिस्थितियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। विवेक शर्मा ने बताया कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या का अनुपात वर्तमान अनुपात के अनुसार बनाए रखने के उद्देश्य से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर 'राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट द्वारा विगत लगभग 12 वर्षों से हजारों छोटी-बड़ी सभाएं, धरना-प्रदर्शन, सांसद-संवाद कार्यक्रम, राष्ट्रपति सहित महत्वपूर्ण लोगों से भेंट आदि के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार तथा केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। आज उसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए है। संगठन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन 'जनसंख्या नियंत्रण कानून', समान नागरिक संहिता, NRC और घुसपैठ नियंत्रण कानून बनाने के साथ-साथ वक्फ बोर्ड को पूरी तरह निरस्त करने की मांग को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। इस अवसर पर राज्य सचिव विवेक शर्मा सहित जिला अध्यक्ष विकास शर्मा व अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# निजी हाथों में न सौंपे जाएं हिमाचल पर्यटन निगम के होटल : विनोद शर्मा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

कैबिनेट के फैसले के बाद पर्यटन सचिव द्वारा घाटे में चल रहे 14 होटलों को निजी हाथों में सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इस बात पर अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कड़ी आपत्ति जताई है। शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश दो ही नामों से जाना जाता है, एक देव भूमि, दूसरा पर्यटन। उन्होंने कहा कि एक बहुत चिंताजनक बात यह है एक तरफ सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है और साथ में युवाओं को रोजगार देने की बात करती है और दूसरी तरफ सरकार खुद पर्यटन निगम के होटलों को निजी हाथों में सौंपने जा रही है।

इसके लिए सरकार को निगम के अधिकारियों के साथ बैठकर मंथन करना चाहिए कि यदि यह होटल घाटे में चल रहे हैं तो इसका कारण क्या रहा है और सरकार को ऐसे अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करनी चाहिए कि ये होटल कैसे घाटे में गए और इनको मुनाफे में कैसे किया जा सकता है। शर्मा ने बताया कि निगम के बहुत से ऐसे होटल हैं, जिनका आधारभूत ढांचा सुधारने की सख्त जरूरत है क्योंकि बहुत से होटलों में कमरों की भी खस्ता हालत है और अंदर का फर्नीचर भी सही नहीं है। इस कारण बाहर से आए पर्यटन रुकना पसंद नहीं करते हैं। सबसे पहले सरकार पर्यटन निगम के होटलों के निरीक्षण के लिए कमेटी गठित करे। यह कमेटी होटलों का निरीक्षण करे और सारी रिपोर्ट बनाकर सरकार के आगे रखे। फिर जो भी खामियां कमेटी द्वारा सरकार को बताई जाती हैं, उसको सरकार दूर करने का प्रयास करे। निगम के अधिकारी भी अपनी होटलों की सारी जानकारी सरकार तक पहुंचाएं ।

शर्मा ने सरकार से अपील की कि सरकार इस फैसले पर दोबारा विचार करे और इसको वापस ले क्योंकि प्रदेश सरकार को यह विभाग काफी राजस्व दिला सकता है। इसलिए सरकार इस पर मास्टर प्लान बनाकर इसको धरातल पर उतारना होगा।

# पीएम आवास योजना ( शहरी ) के 215 आवेदन प्राप्त

## नगर निगम ऊना में 118 का सत्यापन पूर्ण, 31 तक किया जा सकता है ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर निगम ऊना क्षेत्र के पात्र गरीब परिवारों को अपना पक्का मकान बनाने के लिए 2.50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। नगर निगम प्रशासन को अब तक इस योजना के तहत 215 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 118 का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों की प्रक्रिया प्रगति पर है।

संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार

नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने बताया कि इच्छुक पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के यूनिफाइड वेब पोर्टल या निकटवर्ती लोक मित्र केंद्र के माध्यम से 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में नगर निगम क्षेत्र के सभी पात्र परिवार आवेदन कर सकते हैं।

**योजना के लिए जरूरी दस्तावेज :** मनोज कुमार ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आवेदक के बैंक अकाउंट की कॉपी, भूमि स्वामित्व के दस्तावेज, आय प्रमाण पत्र और शपथ पत्र अनिवार्य है। इस संबंध में जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-226040 पर संपर्क किया जा सकता है।

**उठाएं योजना का अधिकतम लाभ**
नगर निगम आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने पात्र परिवारों से अपील की है कि वे समय पर आवेदन कर इस लाभकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

उनका कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) उन शहरी परिवारों के लिए सुनहरा मौका है, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक है और जो अब तक अपने स्वयं के पक्के घर से वंचित हैं। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन करें और इस योजना का लाभ लेकर अपने घर का सपना पूरा करें।

### योजना के लिए यह रहेगी पात्रता

**योजना** के लाभ के लिए पात्र परिवार, जिसमें पति, पत्नी एवं अविवाहिता बच्चे शामिल हैं, के पास अपना पक्का मकान नहीं होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 3 लाख या उससे कम होनी चाहिए। शहरी क्षेत्र में भूमि का स्वामित्व होना आवश्यक है। पात्र लाभार्थियों को 2.5 लाख तक की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जाएगी। पहली किस्त घर नींव का कार्य पूर्ण करने पर, दूसरी किस्त छत तक का कार्य पूर्ण करने पर और अंतिम किस्त घर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दी जाएगी।

# ठारू मोहल्लावासी खड्ड का पी रहे पानी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा की बेरियां पंचायत के वार्ड नं. पांच ठारू मोहल्ला के लोग लंबे समय से भारी जल संकट से जूझ रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पीने, नहाने और पशुओं को पानी पिलाने तक में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रशीद खान ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर उन्होंने 1100 हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

मोहल्ले में एकमात्र सरकारी हैंडपंप भी खराब हो चुका है। मजबूरी में ग्रामीणों को खड्ड से पानी भरकर लाना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है की पानी जैसी बुनियादी समस्या को जल्दी हल किया जाए ताकि लोग राहत की सांस ले सकें। इस संदर्भ में कनिष्ठ अभियंता रमेश ने आश्वासन दिया कि एक से दो दिनों के भीतर हैंडपंप को ठीक कर दिया जाएगा, साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पानी की समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा।

# बौट अंद्रोली की बेटी ने इलाके का बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की बौट अंद्रोली पंचायत की होनहार बेटी डॉ. प्राक्षी शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर समूचे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अजय शर्मा की पुत्री प्राक्षी ने बीएससी और एमएससी दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद बायो फिजिक्स विषय में पीएचडी का अंतिम सेमेस्टर प्रतिष्ठित संस्थान पीजीआई चंडीगढ़ से सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए प्रयासरत है।

प्राक्षी की इस सफलता पर उनके परिवार, शिक्षकों और समूचे क्षेत्रवासियों में गर्व और प्रसन्नता की लहर है। डॉ. प्राक्षी शर्मा की उपलब्धि सिद्ध करती है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, यदि आत्मविश्वास और परिश्रम साथ हो, तो कोई भी ऊंचाई पाई जा सकती है।

# टकारला पंचायत में घूम रही मानसिक रूप से बीमार महिला की मदद को बढ़े हाथ

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत पंचायत टकारला में बीते 3-4 दिनों से एक अज्ञात महिला को गांव में इधर-उधर भटकते हुए देखा गया। महिला की हालत बेहद खराब थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला कई दिनों से भूखी-प्यासी घूम रही थी। बीते दिन यह महिला टकारला बाजार में आ पहुंची, जहां दवाइयों की दुकान चलाने वाले सोनू धीमान ने इस महिला की हालत पर संज्ञान लिया। उन्होंने आसपास की महिलाओं की सहायता से महिला को स्नान करवाया, साफ-सुथरे कपड़े पहनाए और भोजन उपलब्ध करवाया।

स्थानीय लोगों ने पंचायत उपप्रधान राजीव शर्मा को इस बारे में जानकारी दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे और महिला से बातचीत करने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद महिला ने अपना नाम पूजा, पति का नाम राम सिंह और बड़े बेटे का नाम शिव कुमार बताया। वह उत्तर प्रदेश के जिला शाहजहांपुर के गांव करड़िया की निवासी बताई जा रही है। पंचायत उपप्रधान राजीव शर्मा ने तुरंत इस संबंध में पुलिस थाना अंब को सूचित किया है, ताकि महिला की सही ढंग से पहचान की जा सके और उसे उसके परिवार से मिलवाया जा सके।

थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय का कहना है की महिला का कहना है कि मेरी घर में मेरे पति रविंदर कुमार के साथ कहासुनी हो गई थी जिससे में अपनी मर्जी से ट्रैन में बैठकर ऊना की तरफ आ गई थी। वापस जाने के लिए मेरे पास किराया नहीं था। मुझे स्थानीय ग्रामीणों ने मुझे कुछ पैसे दिए, अब ट्रैन के माध्यम से अपने घर वापस जा रही हूं। स्थानीय लोगों की यह मानवता भरी पहल सराहनीय है, जिन्होंने न सिर्फ मदद का हाथ बढ़ाया, बल्कि प्रशासन को समय रहते सूचित भी किया।

# नेशनल कबड्डी व बैडमिंटन में डीएवी लठियाणी की 'धाक'

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल दो दिवसीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी अंबोटा में हुआ। डीएवी लठियाणी के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। अंडर -19 के छात्रों का अंतिम मुकाबला डीएवी चंबा के साथ रहा। डीएवी लठियाणी ने विजेता का खिताब अपने नाम कर पूरे हिमाचल में अपना प्रभाव कायम रखा।

इन खिलाड़ियों में आयुष, प्रशांत, आर्यन, ध्रुव, कार्तिक, तरुण, कुश, शौर्य व ऋतिक शामिल हैं। अंडर-17 का अंतिम मुकाबला डीएवी चंबा के साथ हुआ व डीएवी लठियाणी उपविजेता रहा। इन खिलाड़ियों में आर्यन, काव्यांश, अक्षित, काव्य, अरनव, कृष, आदित्य, स्वास्तिक, दिवेश व आयुष शामिल हैं। बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी ऊना में हुआ, जिसमें अंडर -14 लड़कों की टीम ने डीएवी ऊना को हराकर शानदार जीत हासिल की। इन खिलाड़ियों में अरनव, अर्पित, वंश, श्रीधर व हरमन देव ने भाग लिया।

प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने बताया कि हमारे स्कूल के छात्रों की मेहनत और समर्पण से यह सफलता हासिल की। यह उपलब्धि हमारे प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम है। हम भविष्य में भी स्कूल के विद्यार्थियों को इसी प्रकार से खेल प्रतियोगियों में भाग लेकर और भी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य ने शारीरिक शिक्षक विजय शर्मा व चंद्र मोहन को बधाई दी व विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स क्लस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम पुरस्कार के साथ।

# रोटरी क्लब ने नर्सिंग कॉलेज बढ़ेड़ा में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में हिमकैप्स लॉ एंड नर्सिंग कॉलेज बढ़ेड़ा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऊना के अध्यक्ष यशपाल सिंह ठाकुर ने की, जबकि कॉलेज के चेयरमैन विक्रम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग विभाग की लगभग 400 छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी वैश्विक समस्याओं, उनके संभावित समाधान तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए।

मेहंदी प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऊना के सदस्य संजीव अग्निहोत्री, सुरेंद्र ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य, समस्त फैकल्टी सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित रोटरी क्लब के सदस्य और प्रतिभागी।

**मंथन** ईएसआईसी योजनाओं पर आयोजित बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों की अधिकारियों से हुई खुली चर्चा

# उद्योग प्रतिनिधियों की शंकाओं का किया निवारण

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** रोली ब्लॉक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एचबीआईए) और ईएसआईसी बद्दी के अधिकारियों की ओर से शुक्रवार को बाथू कॉमन फैसिलिटी सेंटर में आयोजित बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों को ईएसआईसी की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ईएसआईसी के तहत पंजीकृत कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा लाभ, बीमारी में नकद सहायता, मातृत्व लाभ, दुर्घटना के समय दिव्यांगता पेंशन, मृत्यु पर आश्रित पेंशन, अंतिम संस्कार अनुदान और बेरोजगारी भत्ता जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

प्रतिनिधियों से समय पर अंशदान जमा कराने और योजनाओं की प्रक्रिया का पालन करने की अपील भी की गई। बैठक की अध्यक्षता एचबीआईए अध्यक्ष राकेश कौशल ने की, जबकि ईएसआईसी की ओर से क्षेत्रीय निदेशक कर्नल मंजीत कटोच, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष भौरा, उपनिदेशक करनपाल सिंह और सहायक अभियंता यामिनी नारंग मौजूद रहे।

उद्योग प्रतिनिधियों ने सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया और अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में एचबीआईए के पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, महासचिव रोहित वर्मा, सलाहकार आरसी तनेजा, कपिल आनंद (आनंद ऑफसेट), सुरेश नटराजन (वोल्ट्स एनर्जी), रोहन मलिक (ब्रॉड इंजेक्टेबल), बलबीर सिंह (मनवीर एंटरप्राइजेज), सुबोध सैनी (बायोजेंटा लाइफसाइंस), हरविंदर सिंह (वर्धमान इस्पात उद्योग), परदीप कुमार (हिमालय क्राफ्ट), रामेश कुमार (सूरी पोलेक्स), नरेश कुमार (क्रेमिका फूड पार्क), महेश कुमार (दीपक फास्टनर्स), सविंदर सिंह (इकोलॉजिकल बिल्डिंग), जयशंकर कुमार (मोहित प्लास्टिक एंड इंजीनियरिंग), संदीप ठाकुर (कौशल रोलर फ्लोर मिल), अमित शर्मा (ब्रॉड इंजेक्टेबल), विश्वजीत सिंह (वर्धमान इस्पात उद्योग), सुरेश कुमार (गार्डेक्स इंडिया), संदीप कुमार (सुपरमेक मशीन टूल), सीमा रानी (शिवा ट्रेडर), मनीष कुमार (प्रणव प्लास्टिक), राधे शाम (स्विसकेम हेल्थकेयर), राकेश सैनी (सैनी ब्रेक सिस्टम), अजय कुमार व जसविंदर (पेनागन एल्यूमिनियम), पीयूष शर्मा (डिवाइन मेडिटेक), भूपिंदर सिंह (नायसा मल्टीप्लास्ट), मनीषा व हनी धीमान (हाउस्टस बायोटेक), नीतीश कुमार व रमन राणा (ज़ीरा फूड), वंदना राणा (लोविन केयर), मनोज कुमार धीमान (सुखजीत एग्रो), जसवंत सिंह, केवल सिंह (मेफ्रो ऑर्गेनिक), रितिक शर्मा (गणेश एग्रो मिल्स), सीएस कपूर (अध्यक्ष मेहतपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन), प्रमोद शर्मा (अध्यक्ष गगरेट, अंब व जीतपुर बहेड़ी), सुरेश शर्मा (महासचिव) सहित दर्जनों प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत सभी के लिए दोपहर भोज की भी व्यवस्था की गई।

बैठक में मौजूद हरोली ब्लॉक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एचबीआईए) और ईएसआईसी बद्दी के अधिकारी।

# भारत बंद हड़ताल की सफलता पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गत 9 जुलाई को भारत बंद हड़ताल की सफलता पर राष्ट्रीय इंटक संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने देश श्रम वर्ग को हार्दिक बधाई दी। जगत राम शर्मा ने बताया कि पिछले 11 साल से कर्मचारी वर्ग पर मोदी आपदा आई हुई है। देश में केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा जो संयुक्त संघर्ष चल रहे हैं, यह भी एनडीए की हिंदू सरकार की देन है।

मोदी सरकार ने मजदूरों द्वारा संघर्ष करके अपने हित में कानून को तोड़कर 4 लेबर कोड बना दिए और ओल्ड पेंशन बंद कर दी, ठेकेदारी, निबंध और आउटसोर्स यह सब मोदी सरकार की ही देन है। इसके अलावा महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा तक पहुंच गई है और अग्निवीर आदि फौज में सैनिक पैदा कर दिए गए जो कि सरासर गलत है। ये सब बातें देश के लोगों को मालूम हो चुकी हैं और मोदी को अंगूठा दिखाने के लिए लोग तैयार हैं।

# 2 से 8 अक्तूबर तक होगा कुल्लू दशहरा

## विधायक सुंदर ठाकुर बोले-सभी विभागों को उनके कर्तव्यों की सौंपी जिम्मेदारी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव–2025 इस बार 2 से 8 अक्तूबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को बहुदेशीय भवन में दशहरा महोत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कुल्लू के विधायक एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में उपस्थित सभी विभागों को उनके कर्तव्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई और समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के आयोजन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए तथा विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे।

### पिछले वर्ष हुई करोड़ों की आय

**बैठक** में वर्ष 2024 के दशहरा उत्सव की आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पिछले वर्ष आय 10 करोड़, 33 लाख, 93315 और 9 करोड़, 44 लाख 60621 रुपए व्यय किया गया।

### 2 अक्तूबर से लगेंगी दुकानें

**बैठक** में मेला मैदान व प्रदर्शनी स्थल में दुकानें व स्टॉल 2 अक्तूबर से 2 नवंबर तक लगेंगी। बैठक में सभी टेंडर प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने और पहले टेंडर की प्रक्रिया 14 दिन और दूसरी प्रक्रिया 7 दिन में संपन्न करने पर निर्णय लिया गया।

### लगने वाली मार्केट पर की चर्चा

**झूला** स्थल, शू मार्केट, गुड लिविंग मार्केट, क्रिकेट ग्राउंड पर चर्चा की गई। बिजली, पानी, शौचालय, गैस की व्यवस्था संबंधित विभागों द्वारा की जाएगी। सफाई व जल व्यवस्था, सजावट व विद्युत व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई।

### कलाकेंद्र की होगी मरम्मत

**बैठक** कलाकेंद्र की मरम्मत पर चर्चा की गई। उत्सव के दौरान जिला परिषद और जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग माध्यम से खेलकूद आयोजन, कानून व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा कि गई।

### दशहरा उत्सव को मिलेगा नया स्वरूप : सुंदर ठाकुर

**विधायक** सुंदर सिंह ने कहा कि दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में अंतराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव को नया स्वरूप देने की कोशिश की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि आईसीसीआर ने कुल्लू दशहरा को अपने वार्षिक कैलेंडर में शामिल किया है, जिससे उत्सव में अंतराष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक दल यहां आएंगे।

### कार्ययोजना होगी तैयार

**उपायुक्त** तोरुल एस. रवीश ने कहा कि प्रशासन सभी प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेगा और हर विभाग को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जवाबदेह बनाया जाएगा।

### 17 जुलाई को प्लॉट आवंटन को मिलेगी मंजूरी, सैकड़ों बागवानों को मिलेगा लाभ

# आनी सब्जी मंडी में सेब कारोबार होगा शुरू

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** आखिरकार आनी क्षेत्र के बागवानों के लिए राहत की खबर है। इस वर्ष जुलाई माह से आनी की सब्जी मंडी में सेब की बिक्री शुरू हो जाएगी। एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल – स्पीति के चेयरमैन राम सिंह मियां ने बताया कि 17 जुलाई को कुल्लू में होने वाली एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल–स्पीति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में प्लॉट आवंटन की फाइल को मंजूरी दे दी जाएगी। मंजूरी के बाद एपीएमसी की टीम आनी सब्जी मंडी का दौरा करेगी, जहां प्लॉट बनाने के लिए जगह की पैमाइश होगी। इसके पश्चात लाइसेंस धारकों को लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्लॉट आवंटित कर दिए जाएंगे। बागवान इन प्लॉट्स पर अपने वैकल्पिक शेड स्वयं बनाएंगे।

खास बात यह है कि एपीएमसी एक वर्ष तक किराया नहीं वसूलेगी, केवल तय नियमों के तहत कमीशन ही लिया जाएगा। इसके बाद अस्थायी रूप से इस वर्ष से सेब का व्यापार शुरू किया जाएगा, जिसके लिए बाकायदा शपथ पत्र तैयार होंगे। चेयरमैन राम सिंह मियां ने कहा कि स्थायी मार्केटिंग यार्ड बनने के बाद ही स्थायी प्लॉट दिए जाएंगे और तब किराया भी वसूला जाएगा।

- अभी बागवान प्लॉट्स पर स्वयं बनाएंगे अपने वैकल्पिक शेड
- एक वर्ष तक आढ़तियों से किराया नहीं, केवल वसूली जाएगी कमीशन

आनी सब्जी मंडी के लिए चयनित भूमि, जहां जल्द ही निर्माण शुरू होगा।

### बनेगा नीलामी मंच, दुकानें और ऑफिस

**इस** मंडी में नीलामी मंच, दुकानों और ऑफिस, किसान भवन, सामुदायिक भवन, कैंटीन आदि का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका काम शुरू होना बाकी है। आनी सब्जी मंडी के निर्माण से न केवल आनी क्षेत्र के बल्कि साथ लगते मंडी व शिमला जिलों की कई पंचायतों के सैंकड़ों बागवानों को भी फायदा मिलेगा। सेब आनी क्षेत्र की मुख्य नकदी फसल है। सब्जी मंडी से बागवानों की उपज प्रदेश की अन्य सब्जी मंडियों तक पहुंचाने की जद्दोजहद कम होगी और उनका उत्पाद घर के नजदीक ही बिक सकेगा। मंडी चालू हो जाने पर फलों के साथ-साथ सब्जियों का कारोबार भी वर्ष भर चलता रहेगा, जिससे क्षेत्र के किसान और बागवान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

### 10 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

उल्लेखनीय है कि आनी में बीते वर्षों से लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण कार्य किरण बाजार में चल रहा है। करीब एक वर्ष पूर्व एक करोड़ दस लाख रुपए की लागत से सुरक्षा दीवार तो बनाई गई, मगर इसके बाद बाकी निर्माण कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। वर्तमान में इस प्लॉट में कबाड़ पड़ा रहता और गाड़ियां पार्क रहती है। जबकि अवांछित घास उग आई है।

"17 जुलाई को कुल्लू में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में प्लॉट आवंटन को मंजूरी देने के बाद आनी की सब्जी मंडी में प्लॉट बांटे जाएंगे, ताकि सेब कारोबार जल्द शुरू हो सके और बागवानों को लाभ मिल सके।

**-राम सिंह मिंया, चेयरमैन एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति।**

## न्यूज ब्रीफ

### एचपीटीडीसी ने मनाली में रोपे 100 पौधे

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कुल्लू मनाली ने अपने मनाली परिसर में 100 पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण और हरित हिमाचल के उद्देश्य से पर्यटन निगम ने कुल्लू-मनाली सहित लाहौल-स्पीति के होटल परिसरों में पौधरोपण अभियान शुरू किया है जो बरसात के मौसम में जारी रहेगा। पर्यटन निगम के अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर मानसून सत्र के शुरू होते ही पौधे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पौधरोपण के लिए स्थान चिह्नित कर वीरवर को एचपीटीडीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने सभी यूनिट में लगभग 100 पौध लगाए। डीजीएम बीएस ओकटा ने बताया कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और पर्यटन स्थलों को अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से निगम ने पौधरोपण अभियान शुरू किया है। एचपीटीडीसी के एमडी राजीव कुमार के निर्देशानुसार पर्यटन निगम ने यह अभियान शुरू किया है। यह अभियान पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगा। ओक्टा ने कुल्लू मनाली व लाहौल स्पीति के सभी लोगों से आग्रह किया कि बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधरोपण करें और पौधारोपण के बाद इनकी देखभाल का भी जिम्मा उठाएं।

### सुरक्षा गार्ड के पदों के लिए 14 से होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड-आरटीए हमीरपुर द्वारा उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड के पदों की भर्ती की मांग इस कार्यालय को अधिसूचित की गई है। उक्त भर्ती हेतु कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय, कुल्लू उप-रोजगार कार्यालय बंजार तथा उप-रोजगार कार्यालय आनी में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता मैट्रिक पास तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान रूपए 17,000 से 24,000 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल और चंडीगढ़ है। योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 14 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू तथा 15 जुलाई को उप-रोजगार कार्यालय बंजार व 16 जुलाई 2025 को उपरोजगार आनी में प्रातः 10:30 बजे पहुंचकर कर साक्षात्कार में भाग ले सकते है। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हों और यदि पंजीकृत नहीं है तो अपना पंजीकरण ऑनलाइन करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवदेन करें ।

### कारसेवा दल ने डॉ. जयवंती से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था कारसेवादल ने शुक्रवार को सहायक आयुक्त कुल्लू के पद पर पदोन्नत हुई डॉ. जयवंती ठाकुर एचएएस (हिमाचल प्रशासनिक सेवा) से मुलाकात की। इस मौके पर कारसेवादल संस्था की ओर से सहायक आयुक्त कुल्लू डॉ. जयवंती ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया और पदोन्नति के लिए उन्हें बधाई दी। डॉ. जयवंती ठाकुर चार पांच दिन पहले सहायक आयुक्त कुल्लू के रूप में कार्यभार संभाला है। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह डांग ने कहा कि यह पदोन्नति न केवल उनके समर्पण और कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति का भी प्रतीक है। उन्होंने बताया कि डॉ. जयवंती ठाकुर ने अपनी सादगी, मुस्कान और सेवा भाव ने हमेशा लोगों के दिलों में जगह बनाई है। डॉ. जयवंती ठाकुर को इस नई जिम्मेदारी के लिए कल्लू के सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहने वाली कार सेवा दल संस्था की कार्यकारिणी के सदस्यों ने पुष्प भेंट करके शुभकामनाएं दी।

### सतत भूमि प्रबंधन पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंजार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार में शुक्रवार को एक विशेष ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. तनय बर्मन, शोध सहयोगी भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। डॉ. बर्मन ने 'सतत भूमि प्रबंधन भारत में तकनीकें और दृष्टिकोण' विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों की मदद से भूमि संरक्षण को रोका जा सकता है और पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। प्रधानाचार्य कुमारी सुनिता ठाकुर ने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें स्थानीय और वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं की समझ भी प्रदान करते हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में जैस्मीना प्रथम

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली में सूचना का अधिकार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सन्नी ठाकुर ने बताया की इस जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य सूचना आयोग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, केंद्र सरकार व जिला प्रशासन कुल्लू के माध्यम से करवाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय उपप्राचार्य प्रो. नरेश कमल रहे और मुख्य वक्ता डेवलपमेंट ऑफिसर विवेक शर्मा रहे। विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005, भारत में नागरिकों को सरकारी दस्तावेजों और सूचनाओं तक पहुंचने का अधिकार देता है। इसका उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है । वीडियो के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को आरटीआई के द्वारा विभिन्न क्षेत्र में हुए विकास को दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक किया और साथ ही समझाया कि सूचना के अधिकार का कभी दुरुपयोग न हो इसका उपयोग देश व समाज के विकास के लिए हो।

अंत में उन्होंने विद्यार्थियो के विभिन्न सवालों के जवाब दिए और उनके संशय दूर किए। वहीं, प्रो. सनी ने बताया इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। जिनमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जैस्मीना बीए द्वितीय वर्ष, दूसरा स्थान दुर्गेश्वरी प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान मोहर सिंह प्रथम वर्ष के छात्र ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान साक्षी बीए द्वितीय वर्ष, निकिता दूसरा स्थान और तीसरा स्थान समीम बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में समीम बीए द्वितीय वर्ष, दूसरा स्थान साधना बीए प्रथम वर्ष,तीसरा स्थान कामिनी बी ऐ द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में पहला स्थान प्राची बीए तृतीय वर्ष, दूसरा स्थान सृष्टि बीए द्वितीय वर्ष तथा तीसरा स्थान तनु बीए द्वितीय ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में पहला स्थान टीम बी अनीश ठाकुर तथा शाश्वत (बीए तृतीय वर्ष), दूसरा स्थान टीम ए समीम तथा कामिनी बीए द्वितीय वर्ष और तीसरा स्थान टीम डी सारांश बोध तथा भूपेंद्र ने प्राप्त किया।

# उपायुक्त किरण भड़ाना ने किया त्रिलोकीनाथ मंदिर का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- मंदिर के सौंदर्यीकरण विस्तार एवं निर्माण कार्यों की योजनाओं पर की चर्चा

लाहौल–स्पीति की उपायुक्त एवं विश्वविख्यात त्रिलोकीनाथ मंदिर की आयुक्त किरण भड़ाना (भा.प्र.से) ने शुक्रवार को त्रिलोकीनाथ मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

दौरे के दौरान उपायुक्त किरण भड़ाना ने मंदिर परिसर में प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने उपमंडलाधिकारी (ना.) उदयपुर एवं मंदिर अध्यक्ष अलीशा चौहान, सहायक अभियंता (यांत्रिक) लोक निर्माण विभाग राजेन्द्र, कनिष्ठ अभियंता गिरधारी लाल, मंदिर सहायक जय सिंह ठाकुर समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर मंदिर के सौंदर्यीकरण, विस्तार एवं निर्माण कार्यों की योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की ।उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मंदिर सौंदर्यीकरण हेतु तैयार किए गए प्राक्कलन व ड्राइंग की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप व लौहली भवन शैली में ही किए जाएं, ताकि मंदिर की मूल सांस्कृतिक पहचान बनी रहे।

उपायुक्त ने पोरी मेला मैदान के सुधार कार्यों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय निर्माण को शीघ्र आरंभ करने हेतु सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सुक्खू सरकार ने प्रदेश को बनाया माफिया का अड्डा : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

25 जून को कुल्लू जिले के सैंज में बादल फटने से आई भीषण बाढ़ ने न केवल स्थानीय लोगों को तबाह किया, बल्कि प्रदेश सरकार और वन निगम की कार्यप्रणाली की भी पोल खोल दी। इस घटना में हजारों लकड़ी के स्लीपर ब्यास नदी में बहकर पंडोह बांध तक पहुंचे, जिनके वीडियो और तस्वीरें पूरे प्रदेश में वायरल हुए।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी ने इस संवेदनशील और गंभीर विषय को उठाया और सरकार से जवाब मांगा, तो कांग्रेस नेताओं ने इसे 'तथ्यहीन मुद्दा' बताकर लीपापोती करने की कोशिश की, लेकिन जनता को यह जानकर हैरानी होगी कि कांग्रेस के ही राष्ट्रीय सचिव और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौर ने इस पूरे मामले में वन माफिया की आशंका जताई और मुख्यमंत्री से जांच की मांग की। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि वन निगम की रिपोर्ट में भी यह स्वीकार किया गया है कि करीब 20 हजार हेक्टेयर जंगल का नुकसान हुआ है, जिसमें से 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क का हिस्सा है। सवाल उठता है कि जब यह स्थिति थी, तो पहले वन विभाग ने अवैध कटान न होने की क्लीन चिट कैसे दे दी। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि ब्यास नदी में बहते दिखे बड़े–बड़े स्लीपर आखिर किसकी नाक के नीचे काटे गए।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब सरकार दबाव में आकर कह रही है कि इस घटना की सीबीआई जांच कराई जाएगी, लेकिन जिस सरकार के संरक्षण में शराब माफिया, खनन माफिया, भू–माफिया और अब वन माफिया प्रदेश में फल–फूल रहे हैं, उससे निष्पक्ष जांच की उम्मीद करना जनता के साथ सबसे बड़ा धोखा है। गोविंद सिंह ठाकुर ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सुक्खू की सरकार ने हिमाचल प्रदेश को माफियाओं का अड्डा बना दिया है।

### श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए दूसरे दिन 355 यात्री रवाना

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** पवित्र श्रीखंड महादेव यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह 11.30 बजे तक सिंहगाढ़ बेस कैंप पर कुल 355 यात्रियों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 235 यात्रियों ने ऑनलाइन और 120 ने ऑफलाइन पंजीकरण किया। ये सभी श्रद्धालु श्रीखंड महादेव की ओर रवाना हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 10 जुलाई से लेकर 11 जुलाई सुबह 11.30 बजे तक कुल 1173 यात्री श्रीखंड यात्रा के लिए पंजीकृत होने के बाद यात्रा पर रवाना हो चुके हैं।

प्रशासन और यात्रा प्रबंधन ट्रस्ट द्वारा सुरक्षा व सुविधा के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था यात्रा को और भी विशेष बना रही है।

# पेंशनर्स के डीए व एरियर का शीघ्र हो भुगतान : राम देव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बैठक के दौरान अपनी मांगों को लेकर चर्चा करते हुए पेंशनर्स

पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू की मासिक बैठक रामदेव ठाकुर अध्यक्ष पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू की अध्यक्षता में शीतला माता मंदिर परिसर सरवरी कुल्लू में संपन्न हुई। बैठक में करीब 40 सदस्यों व पदाधिकारी ने भाग लिया।

पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू के अध्यक्ष राम देव ठाकुर ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम हाल ही के दिनों में जिला मंडी के सराज क्षेत्र में व जिला कुल्लू , सैंज के जीवा नाला में बहुत ज्यादा भयंकर बाढ़ व भू–स्खलन हुआ था, उसमें जो लोग अपनी जान खो बैठे हैं, इसके अतिरिक्त गत माह सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक राम सिंह ठाकुर निवासी कराटाह, सैंज के पुज्य माता जी के बिमारी के कारण स्वर्ग सिधार गए थे उन सब के प्रति श्रद्धांजलि के तौर पर 2 मिनट का मौन रखा गया तथा उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई और उस दौरान लोगों के मकान व गोशालाएं मवेशी सहित बह गए थे उनके प्रति भी संवेदना प्रकट की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों व पदाधिकारी ने हिमाचल प्रदेश सरकार से यह आग्रह किया है कि जो लोग बाढ़ पीड़ित हैं या जिनके परिवार के सदस्य बाढ़ में अपनी जान गवां बैठे हैं और जिनके मकान या आशियाने उजड़ गए हैं उनकी सहायता के लिए अधिक से अधिक धनराशि उपलब्ध करवाए ताकि वे अपना जीवन यापन दोबारा से शुरू कर सकें।

पेंशनरों के भी डीए तथा एरियर और 2016 से 2022 तक का रिवीजन ऑफ स्केल का भी शीघ्र बकाया भुगतान करें। जो हमारे कुछ डयूज पड़े हैं उन्हें शीघ्र अतिशीघ्र देने के लिए भी कोशिश करें, क्यों कि कुछ पेंशनर इस दौरान स्वर्ग सिधार चुके हैं लेकिन उनके बकाया भुगतान की अदायगी नहीं हुई है। बैठक में कुल्लू शहर में रह रहे पेंशनर्स ने यह मुद्दा उठाया कि कुल्लू शहर में पानी के बिल कई महीनों के एक साथ विभाग द्वारा जारी किए जा रहे हैं जिससे से उन्हें एक मुश्त में बिल अदा करने में भारी कठिनाई आ रही है, जो पानी के बिल हर महीने जारी किए जाएं ताकि बिल के भुगतान में कोई दिक्कत न आए।

एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया कि जलशक्ति विभाग कुल्लू के अधीक्षण अभियंता व अधिषाशी अभियंता इस बारे उचित कदम उठाने की कृपा करें ताकि गरीब जनता पर एक मुश्त बोझ न पड़े। अंत में शीतला माता प्रबंधक कमेटी का सहयोग देने हेतु धन्यवाद किया गया।

### शैक्षणिक जीवन पर किया जागरूक

**शीला कौल, अनंत ज्ञान, बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार के बहुउद्देशीय हाल में शुक्रवार को प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए एक इंडक्शन और प्रिंसिपल एड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्रवण कुमार ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके सिंह उपस्थित थे इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शैक्षणिक जीवन और महाविद्यालय जीवन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था ।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विषय योजना के बारे में जानकारी दी गई महाविद्यालय के विभिन्न समितियां और मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया छात्रों का परिचय संकाय और स्टाफ सदस्यों से कराया गया ताकि वह अपने शिक्षकों और मार्गदर्शकों को जान सके । इस अवसर पर डॉ दीपक कुमार सिंह ने चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के बारे में विस्तार से समझाया।

**मंदी** | आपदा का मनाली के पर्यटन पर पड़ा असर, मंदी झेल रहे पर्यटन व्यवसायी

# सैलानियों के बिना वीरान पड़ी पर्यटन नगरी मनाली

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** देश विदेश के सैलानियों से हमेशा गुलजार रहने वाली पर्यटन नगरी मनाली में आजकल सैलानियों की चहल पहल न के बराबर रह गई है। गत दिनों बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं का सीधा असर मनाली के पर्यटन पर भी साफ देखने को दिखाई दे रहा है। आलम यह है कि सैलानियों के बिना पर्यटन नगरी मनाली पूरी तरह वीरान पड़ी है।

होटलों की आक्यूपेंसी 80 प्रतिशत से सीधे 15 से 29 प्रतिशत पर पहुंच गई है। हालांकि मनाली में सड़क, बिजली, पानी सभी सुचारू है। ट्रेकिंग के शौकीनों के लिए यहां की वादियां और पहाड़ी ट्रैकिंग रूट्स भी सभी सुरक्षित हैं, लेकिन फिर भी पर्यटक मनाली नहीं आना चाह रहे हैं।

पर्यटकों की आमद कम हो जाने का सीधा असर यहां के पर्यटन व्यवसायियों की आर्थिकी पर पड़ा है। पर्यटन कारोबारी और होटलियर एसोसिशन मनाली के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कि काफी हद तक पर्यटन व्यवसाय को नुकसान पहुंचाने में सोशल मीडिया द्वारा फैलाई जा रही गलत और झूठी सूचनाओं का भी बहुत बड़ा हाथ है। उन्होंने सरकार से यह मांग की है कि इस तरह के लोगों पर अंकुश लगाया जाए।

पर्यटकों के बिना वीरान पड़ा पर्यटन नगरी मनाली का मालरोड ।

"मनाली तो 25 जून के बाद ही खाली हो गया था। टूरिस्ट सीजन तो इस बार जून महीने में भी इतना ज्यादा नहीं चल पाया। अगर बरसात की बात करें तो जुलाई माह से तो टूरिज्म बिल्कुल खत्म हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण सोशल मीडिया पर कुछ पुराने वीडियो वायरल होना भी रहा। जिस कारण सैलानी यहां नहीं आ रहे। हालांकि मनाली में कोई आपदा की घटना नहीं है, मनाली पूरी तरह से सुरक्षित थी और है। मई माह में 20 दिन पहले की भी बुकिंग हमारे पास थी लेकिन युद्ध के शुरू होते ही बुकिंग कैंसल हो गई। सैनानियों के बिना पर्यटन नगरी मनाली सुनसान पड़ी है जिसका सीधा असर पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा है।

**-गगन अवस्थी, प्रबंधक ग्लोबल हॉलिडे मनाली।**

"जून के अंतिम सप्ताह तक तो मनाली में कारोबार लगभग ठीक ही चल रहा था लेकिन जैसे ही मानसून आया एक दम से पर्यटन कारोबार लुढ़क गया, जिसकी वजह से पर्यटन कारोबार को नुकसान पहुंचा। हालांकि मनाली में रास्ते, बिजली, पानी सब कुछ ठीक है लेकिन सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही आपदा की पुरानी वीडियो के माध्यम से जो गलत अफवाहें फैलाई जा रही हैं जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। होटलों की ऑक्यूपेंसी 15 से 20 फीसद रह गई है।

**-नरेंद्र अंगारिया, ट्रेवल एजेंट मनाली।**

"आपदा का असर पर्यटन नगरी मनाली पर पड़ा है जिस कारण पर्यटकों ने मनाली से मुंह मोड़ दिया है। सोशल मीडिया अफवाहें फैला रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जहां दिन में 3000 हजार वाहन मनाली पहुंच रहे थे वहीं, अब नाममात्र वाहन आ रहे हैं। सैलानी गिनी चुनी संख्या में पहुंच रहे हैं जिससे कारोबारियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है।

**–नरेंद्र सूद, पर्यटन व्यवसायी मनाली**

# कॉमर्स सोसायटी आनी कॉलेज में नई कार्यकारिणी की गठित

आनी कॉलेज की कॉमर्स सोसायटी के नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय महाविद्यालय आनी के कॉमर्स डिपार्टमेंट में नए शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए कॉमर्स सोसायटी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस नई टीम में बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर को प्रधान चुना गया, जबकि उप प्रधान का दायित्व बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी ईशा को सौंपा गया। महासचिव के पद पर कुमारी प्रिया खाची (द्वितीय वर्ष) और संयुक्त सचिव के पद पर प्रथम वर्ष के छात्र वरुण को चुना गया।

कोषाध्यक्ष का कार्यभार कुमारी मिताली ठाकुर संभालेंगी। सोसाइटी के सलाहकार के रूप में डॉ. धन प्रकाश और प्रोफेसर राधिका नेगी नियुक्त किए गए हैं, जबकि पेट्रन की भूमिका गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज आनी के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर निभाएंगे। इस अवसर पर आयोजित बैठक में करीब 20 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। बैठक डॉ. धन प्रकाश और प्रोफेसर राधिका नेगी की उपस्थिति में संपन्न हुई। कॉमर्स सोसाइटी वर्षभर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### फुटबॉल पास्ट चैंपियन एथलीट पद के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश खेल परिषद द्वारा खेलो इंडिया केंद्र नाहन में फुटबॉल हेतु पास्ट चैंपियन एथलीट का एक पद अस्थाई आधार पर भरा जाएगा जिसके लिए आवेदन 23 जुलाई, 2025 तक निर्धारित प्रप्त्र पर ईमेल के माध्यम जमा कराने होंगे। यह जानकारी जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रमा शर्मा ने बताया कि फुटबॉल पूर्व चैंपियन एथलीट पद के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष रखी गई है जबकि योग्य मामलों में आयु में छूट दी जा सकती है। आवेदक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राष्ट्रीय सीनियर, एआईयू या खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं में भागीदारी अथवा पदक विजेता होना अनिवार्य है। आवेदन प्रप्त्र एवं नियम व शर्तें विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अतिरिक्त निदेशक युवा सेवा एवं खेल विभाग व जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी मुख्यालय शिमला से 0177-2622032 पर संपर्क कर सकते है।

### ग्राहक पंचायत ने किया सीसे स्कूल देलगी में पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल देलगी में पौधरोपण किया। इसमें स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान व सदस्य के अलावा स्कूल एसएमसी प्रधान एवं स्कूल के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में स्कूल परिसर में 200 पौधे लगाए गए। पौधरोपण कार्यक्रम से पहले स्कूल के प्रिंसिपल राजमन सिंह नेगी ने सभीअतिथियों का स्वागत किया। स्कूल एसएमसी अध्यक्ष चेतन शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में ग्राहक पंचायत के प्रदेश सचिव सुरेश कुमार सिंगटा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की धौला कुआं शाखा द्वारा जन धन से सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पांवटा साहिब विकासखंड की ग्राम पंचायत भनेत हल्द्वानी में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वित्तीय साक्षरता शिविर की अध्यक्षता ग्राम पंचायत भनेत हल्द्वानी के उपप्रधान रमेश चंद ने की। इस दौरान राज्य सहकारी बैंक धौला कुआं के शाखा प्रबंधक रोशन शर्मा ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा जनधन के खाते के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रोशन शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। रोशन शर्मा ने बताया कि यह वित्तीय साक्षरता शिविर रिजर्व बैंक आफ इंडिया और नाबार्ड के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहे हैं।

### लंबित कार्यों को पूरा करने के आदेश

**अनंत ज्ञान, सराहां।** स्वास्थ्य खंड पच्छाद की मासिक समीक्षा बैठक नागरिक अस्पताल सराहां में हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमिताभ जैन ने की। इस दौरान खंड में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू, डायरिया, स्क्रब टायफस और जलजनित रोगों की चपेट में लोग आते हैं इसलिए सभी चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों के भंडारण की व्यवस्था करें। बैठक में अस्पताल और स्वास्थ्य उपकेंद्रों में रिक्त पदों पर भी चर्चा की गई। सराहां अस्पताल में चिकित्सकों के 9 पद रिक्त चल रहे हैं। वहीं 19 स्वास्थ्य उपकेंद्र ऐसे हैं, जहां स्टाफ नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि रिक्त पदों की सूची विभाग के उच्चाधिकारियों को समय-समय पर भेजी जा रही है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के भरे जाएंगे 7 पद

**अनंत ज्ञान, सराहां।** बाल विकास परियोजना पच्छाद के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक पद तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 6 भरे जाएंगे। पात्र महिला उम्मीदवार को 23 जुलाई, 2025 तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद के सराहां कार्यालय में जमा करवाने होंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 4 अगस्त, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी पच्छाद स्थित सराहां के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र राज्यों मलाना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक रिक्त पद भरा जाना हैं, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र कुईना काटली, सनौन, षेखरा बघार, मलहोटी-2, पाड आंजी व दीद घलूत में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 6 पद भरे जाएंगे।

### धर्म परिवर्तन व लव जिहाद को लेकर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रांत के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित उपस्थित रहे। बैठक में बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को परिषद वर्ग में भेजने पर जोर दिया गया। बैठक में अधिकारियों ने हिमाचल में हो रहे धर्म परिवर्तन व लव जिहाद के विषय में भी चर्चा की गई। इस बैठक में प्रांत के अधिकारियों के आदेश के अनुसार राजेंद्र राणा को सोलन जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद की घोषणा की गई। इस बैठक में जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी, विश्व हिंदू परिषद सोलन जिला सह मंत्री मोहन सिंह, जिला संयोजिका मातृशक्त चंपा ठाकुर, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका रजना तथा मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता तारा कुमारी प्रीति चौहान, सुविधा शर्मा, नीलम देवी, कुकी शकुंतला मेहता, अवतार कौर, कृष्ण ठाकुर, सरिता ठाकुर मंजू रघुवंशी और बजरंग दल की तरफ से मोहन सिंह मेहता सहित मातृशक्ति संयोजिका चंपा ठाकुर और दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका रंजना ठाकुर जिला सोलन हिमाचल प्रदेश भी उपस्थित रहे।

### छात्राओं को दिया मनोवैज्ञानिक परामर्श

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में प्रधानाचार्य कांता देवी व यौन उत्पीड़न समिति की सभी महिला अध्यापिकाओं की अध्यक्षता में छठवीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। पूजा साहनी मनोवैज्ञानिक द्वारा अपने चार प्रशिक्षु सहित विद्यालय की सभी छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें छात्राओं को तनाव मुक्त जीवन शैली, गुड टच और बेड टच, अपने तनाव को कम कैसे करें , अपने आप को कैसे स्वस्थ रखें तथा असहज परिस्थिति में किस तरह से अपनी रक्षा करनी है इत्यादि संपूर्ण जानकारी दी गई तथा सभी छात्राओं से उनके मन में चल रहे सभी प्रकार के प्रश्नों का बड़ी सहजता से जवाब दिया जिसमें सभी छात्राओं ने अपनी रुचि दिखाई।

---

### चुनाव आयोग के दखल से चुनाव लड़ने के चाह्वानों की उम्मीदें बरकरार

# सोलन नगर निगम के वार्डों का बनेगा रोस्टर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

- ओपन वार्ड आरक्षित हुए तो निवर्तमान पार्षदों को तलाशनी पड़ेगी नई जमीन
- चुनाव आयोग ने जिलाधीशों को जल्द चुनाव रोस्टर जारी करने के दिए हैं आदेश

**सोलन।** नगर निगम चुनाव रोस्टर को लंबित करने के मामले में चुनाव आयोग के दखल और सख्त रुख के बाद अब 2011 की जनगणना के मुताबिक बनना तय है। ऐसे में सोलन नगर निगम का रोस्टर भी डीसी जल्द जारी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने इसकी समय सीमा बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है।

ज्ञात रहे कि 10 जुलाई को हिमाचल प्रदेश शहरी विभाग के प्रधान सचिव की तरफ से जिलाधीशों को जारी पत्र में नगर निगम के वार्ड रोस्टर जारी न करने का आदेश जारी किए थे।

इस पर चुनाव आयोग ने कड़ा संज्ञान लेकर प्रधान सचिव से अधिसूचना को तुरंत वापस लेने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधीशों को जल्द चुनाव रोस्टर जारी करने के आदेश दिए हैं। अब 15 जुलाई की समय सीमा तक इस संबंधी सारी कार्रवाई करनी होगी।

### चुनाव आयोग ने की है 6 माह में पंचायतीराज चुनाव और नगर निगम के चुनाव करवाने की घोषणा

**नगर** निगम सोलन में कुल 17 वार्ड है। पिछला रोस्टर भी 2011 की जनगणना के आधार पर रोस्टर तय हुआ था, जिसमें 50 फीसदी वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित थे जबकि अन्य वार्ड ओपन और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। रोस्टर में वार्ड -1 अनुसूचित जाति, वार्ड- दो महिला ओपन, वार्ड तीन महिला ओपन, वार्ड चार महिला ओपन, वार्ड 5 ओपन, वार्ड 6 महिला आरक्षित, वार्ड-7 अनुसूचित महिला आरक्षित, वार्ड 8 ओपन, वार्ड 9 ओपन, वार्ड 10 महिला आरक्षित, वार्ड 11 ओपन, वार्ड 12 महिला आरक्षित, वार्ड 13 आरक्षित अनुसूचित जाति, वार्ड 14 ओपन, वार्ड 15 महिला ओपन, वार्ड 16 आरक्षित अनुसूचित जाति महिला और वार्ड 17 ओपन है। चुनाव आयोग ने आगामी 6 महीनों में पंचायती राज चुनाव और नगर निगमों के चुनाव करवाने की घोषणा की है। ऐसे में अब नगर निगम सोलन के वार्डों का रोस्टर बदलना तय है। इससे वार्डों के ओपन या आरक्षित होने की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों को चुनाव में उतरने का अवसर मिलेगा।

### ओपन वार्ड से जीत कर आए पार्षदों की बढ़ी चिंता

**वहीं** नए घटनाक्रम से नए रोस्टर से चुनाव लड़ने की उम्मीद लगाए बैठे दावेदारों को उम्मीद जगी है। वहीं ओपन वार्ड से जीत कर आए पार्षदों की चिंता भी बढ़ गई है। यदि रोस्टर में ओपन वार्ड आरक्षित हुए तो निवर्तमान पार्षदों को चुनाव लड़ने के लिए नई जमीन तलाशनी पड़ेगी। पहले शहरी विभाग के प्रधान सचिव ने जनगणना में देरी से वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी सही आंकड़ा उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया था। मगर अब वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक सोलन नगर निगम का रोस्टर बनेगा। वर्तमान में नगर निगम सोलन के कुल 17 वार्डों में 9 सीट पर कांग्रेस, 7 सीट पर भाजपा और 1 सीट पर निर्दलीय पार्षद काबिज है। अब आगे की स्थिती आने वाले समय में ही साफ होगी।

---

# ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट/ सोलन**

- विधायक संजय अवस्थी ने मांगल में किए 7 करोड़ के शिलान्यास व लोकार्पण

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को मजबूत करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांगल में 6 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले समत्याड़ी से बोई संपर्क मार्ग का शिलान्यास व 15 लाख की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र संपर्क मार्ग का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। अवस्थी ने कहा कि सड़कें विकास की जीवन रेखा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सड़कें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए गेहूं, मक्की व हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। संजय अवस्थी ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को मत्स्य पालन व कोल्ड स्टोर कार्य आरम्भ करने के लिए 80 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि विश्राम गृह के निर्माण कार्य के लिए 2.25 करोड़ रुपए की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। विधायक ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत मांगल के कंधर में मियावाकी पद्धति से पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने महिला मंडल बाघा, कोल, सनहाली, कंधर, समत्याड़ी, ननिहास, बैरल, स्कोर, भलग, करोग को सामान क्रय करने के लिए 11-11 हजार देने की घोषणा की। उन्होंने युवक मंडल कोल को क्रिकेट किट देने की घोषणा भी की।

---

# चिट्टे के दोषियों को एक वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- 10-10 हजार जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को होगा एक माह का कारावास

जिला अदालत सोलन के विशेष न्यायाधीश अरविंद मल्होत्रा की अदालत ने शुक्रवार को 22.21 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े गए दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 1-1 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को एक-एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला वर्ष 2019 में परवाणू थाना के अंतर्गत दर्ज किया गया था।

जिला न्यायवादी संजय पंडित ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 6 जून, 2019 को अल सुबह करीब 3.30 बजे टीटीआर चौक परवाणू के समीप पुलिस ने एक कार नंबर एचपी-64-8607 को चैकिंग के लिए रोका था।

तलाशी के दौरान पुलिस ने कार के भीतर से दो पारदर्शी पैकेट्स में 22.21 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर अदालत में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान 9 गवाहों व अन्य सुबूतों के आधार पर विशेष न्यायाधीश सोलन अरविंद मल्होत्रा की अदालत ने अजय कुमार निवासी गांव शरद, डाकघर भोजनगर, तहसील कसौली जिला सोलन व प्रदीप कुमार निवासी वीपीओ बसंतपुर, तहसील सुन्नी जिला शिमला को दोषी करार देते हुए 1-1 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को एक-एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

---

# वैज्ञानिकों ने बागवानों को सेब रोग प्रबंधन पर दी सलाह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बागवानों को रोग प्रबंधन पर जानकारी देते वैज्ञानिक।

मानसून की शुरुआत के साथ, हिमाचल प्रदेश में सेब के बागीचों में रोगों और कीटों के हमलों के प्रति जागरूकता लाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वैज्ञानिकों ने शिमला जिले के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों का क्षेत्रीय दौरा और जागरूकता अभियान चलाया।

विश्वविद्यालय ने पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, फल विज्ञान और अन्य प्रासंगिक विषयों के विशेषज्ञों वाली पांच विशेषज्ञ टीमों का गठन किया है। ये टीमें विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मशोबरा और सोलन व शिमला के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से ली गई हैं। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर रोग की गंभीरता का आकलन करना और बागवानों को समय पर वैज्ञानिक मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रमुख अवलोकन और सुझाव अपने दौरे के दौरान, वैज्ञानिकों ने कई बागीचों में अल्टरनेरिया लीफ ब्लॉच और ब्लाइट की उपस्थिति देखी, जिसकी गंभीरता स्थान के अनुसार अलग-अलग पाई गई। यह भी पाया गया कि कई बागवान रसायनों का अत्यधिक उपयोग कर रहे है। कई मामलों में, कीटनाशकों, कवकनाशी, सूक्ष्म पोषक तत्वों और वृद्धि नियामकों को मिक्स हुए पाए गए, जो की एक ऐसी प्रथा जिसकी वैज्ञानिकों ने सख्त मनाही की है।

---

### नाबालिग से जबरदस्ती करने वाला युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नाबालिग लड़की के साथ जोर जबरदस्ती करने के मामले में पुलिस ने कसौली निवासी युवक को हिरासत में लिया है।

परवाणु निवासी महिला ने 10 जुलाई को पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 16 वर्षीय बेटी स्कूल जा रही थी, तो रास्ते में सजु नामक लड़के ने इनकी लड़की को मोटरसाइकिल पर बैठाया और कालका हरियाणा ले गया। वहां ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। जिस पर पुलिस थाना परवाणू में मामला दर्ज किया गया। आरोपी 21 वर्षीय संजु पुत्र माघी राम को काबू कर लिया गया है।

# बाढ़ प्रभावितों को समाजसेवियों ने भेजी राहत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बाढ़ प्रभावितों की मदद को राहत सामग्री रवाना करते सोलन के समाजसेवी।

सोलन के समाजसेवी व व्यापारियों ने मंडी जिला में आई आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए 180 पूर्ण बिस्तर सम्मान पूर्वक रवाना किए और आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर समाजसेवी व व्यापार मंडल सोलन के पूर्व प्रधान मुकेश गुप्ता ,सचिव मनोज गुप्ता,वैश्य समाज के अध्यक्ष रमेश बंसल (राजा भाई) ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कुल राकेश पंत, राकेश अग्रवाल, अंजुल अग्रवाल, दिनेश कश्यप, आशीष विशेष रूप से मौजूद रहे। मुकेश गुप्ता ने कहा कि भेजा गया समान इस आपदा की घड़ी में सुदामा के चावल की तरह है पर इस समय फौरी राहत के लिए आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए योगदान करना हर हिमाचल वासी का कर्तव्य हैं। उन्होंने केंद्र सरकार, राज्य सरकार से मांग की है की मंडी में आपदा से प्रभावित इलाकों और परिवारों के ज्यादा से ज्यादा फंड दिया जाए। उन्होंने सरकार से प्रभावितों के पुनर्वास को अधिक से अधिक राहत राशि जारी करने की मांग की।

# व्यापार मंडल ठोडो ग्राउंड को निजी आयोजन के लिए देने पर नाराज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

व्यापार मंडल सोलन ने मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर शहर के एकमात्र खेल का मैदान ठोडो ग्राउंड को निजी आयोजनों और मेलों के लिए उपयोग के लिए दिए जाने पर आपत्ति जताई है। तर्क दिया गया कि इससे बच्चों और खिलाड़ियों की खेल सुविधाओं की पहुंच सीमित हो जाती है।

शिकायतों के बावजूद, कोई कार्रवाई नहीं की गई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुशल जेठी ने कहा कि यह मैदान युवा प्रतिभाओं को खेलों में निखारने के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए इसका दुरुपयोग बच्चों के हितों को नुकसान पहुंचाता है। सोलन में संसाधनों की कमी के कारण कई प्रतिभाशाली बच्चे अन्यत्र वैकल्पिक सुविधा तलाशने या अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व करने को मजबूर हैं। व्यापार मंडल ने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि स्थानीय प्रशासन को निर्देश दें कि इस मैदान का उपयोग खेल गतिविधियों के लिए ही किया जाए। वैकल्पिक रूप से पुलिस ग्राउंड और नवनिर्मित सभागार का उपयोग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किया जा सकता है।

---

# जिले में 30 सितंबर तक 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले के सभी न्यायालयों में 30 सितंबर तक 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान' कार्यान्वित किया जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि 90 दिन तक कार्यान्वित किया जा रहा।

यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया जा रहा है। यह अभियान प्रथम जुलाई, 2025 से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विवाह संबंधित पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान मामले, घरेलू हिंसा मामले, चैक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद, श्रम वसूली के मामले, विभाजन व बेदखली के मुकद्दमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निपटारा करना है। अभियान जनता को विवादों के वैकल्पिक समाधान की दिशा में प्रेरित करने और काफी समय से लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित बनाना की दिशा में कार्य कर रहा है।

# रौनक राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- देहरादून में शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार सफलता की हासिल

राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित रौनक।

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा के प्रतिभाशाली छात्र रौनक गुलिया ने देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन एनआर शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग में 370/400 अंकों के साथ शानदार सफलता अर्जित की है।

इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अब ओपन ऑल इंडिया नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हो गया है।

रौनक गुलिया की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है, जो विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

उन्होंने रौनक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय के प्राचार्य राजीव गुलेरिया और उप-प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने भी रौनक गुलिया को बधाई दी।

### साधुपुल बीनू सड़क पर कार दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** साधुपुल से बीनू जाने वाली सड़क पर जुन्गा सड़क के समीप कार दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 200 फुट गहरी खाई में गिर गई, इससे दो लोग घायल हो गए। जानकारी अनुसार घटना के समय उसमें शिलाई गांव के बाबूराम और उसका बेटा ललित बैठे थे जो दोनों घायल हो गए।

दोनों को घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल कंडाघाट लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। दोनों की हालत ठीक बताई गई हैं।

---

**आफत की बारिश** | लोक निर्माण विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान, 43 सड़कें बंद

# सिरमौर में बारिश से 1.32 करोड़ का नुकसान

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

फाइल फोटो

**नाहन।** सिरमौर जिले में पिछले दस दिनों से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बुधवार रात से गुरुवार शाम तक जिले को 1 करोड़ 32 लाख 97 हजार का बड़ा नुकसान हुआ है, जिसमें सड़कें, कच्चे मकान और एक मंदिर भी शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक क्षति जिला सिरमौर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को लोक निर्माण विभाग को सबसे ज्यादा मार पड़ी। जिले में कुल 43 सड़कें बंद होने से विभाग को 1 करोड़ 31 लाख का नुकसान हुआ है। इन सड़कों में संगड़ाह डिवीजन की 7, शिलाई डिवीजन की 18, नाहन डिवीजन की 10, पांवटा साहिब डिवीजन की 7 और पच्छाद (सराहां) डिवीजन की एक सड़क शामिल है। राहत की बात यह है कि गुरुवार शाम तक 31 सड़कों को बहाल कर दिया गया, जबकि शेष सड़कों को शुक्रवार और शनिवार तक खोलने का प्रयास जारी है।

व्यक्तिगत संपत्तियों और मंदिर को भी नुकसानबारिश ने सिर्फ सड़कों को ही नहीं, बल्कि आम लोगों की संपत्तियों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।

### लोगों का भी हुआ नुकसान

- मैना बाग, श्री रेणुका जी के सोम प्रकाश के कच्चे मकान को 30 हजार का नुकसान।
- धलजा, ददाहु के सुरेंद्र सिंह के कच्चे मकान को 1 लाख का अनुमानित नुकसान।
- रजाना गांव के दीपराम का डंगा क्षतिग्रस्त होने से उन्हें 1 लाख का अनुमानित नुकसान।
- पझोता उपतहसील के पालु देवता मंदिर की रिटेनिंग वॉल क्षतिग्रस्त होने से मंदिर को 20 हजार का नुकसान।

### कर्मचारियों ने जानी सेटेलाइट फोन उपयोग करने की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर के दिशा निर्देश अनुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर द्वारा वर्चुअल माध्यम से सभी उपमंडल कार्यालय, तहसील, उप तहसील, बांध अधिकारियों व पुलिस विभाग के कर्मचारियों को सेटेलाइट फोन उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा जैसी परिस्थितियों में सैटेलाइट फोन का उपयोग करना है। हाल ही में मंडी जिला में बादल फटना, बाढ़ का आना व अत्यधिक बारिश के होने से संचार प्रणाली में कठिनाई देखी गई। जिसके तहत मंडी प्रशासन ने सेटेलाइट फोन के माध्यम से राहत एवं बचाव, प्रभावित क्षेत्र का विवरण, राहत सामग्री व सूचना का आदान-प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में कर्मचारियों ने सेटेलाइट फोन का इस्तेमाल करना व कभी भी आपदा की परिस्थिति के लिए सेटेलाइट फोन का महत्व जाना।

# बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में कर रही बेहतरीन प्रदर्शन : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

- जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना के तहत लक्षित वर्गों के कल्याण एवं पोषण के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं और इन योजनाओं के माध्यम से समय पर सहायता प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है।

मनमोहन शर्मा बाल विकास परियोजना के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना सोलन ज़िला के विभिन्न विकास खंडों में प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित समय से कार्यरत की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्रों एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6,13,173 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

सोलन जिले में वर्तमान में 6 माह से 3 वर्ष तक आयुवर्ग के 17984, 03 वर्ष से 06 वर्ष तक आयुवर्ग के 4168 बच्चों और 6229 गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। बालिका सशक्तिकरण के लिए बालिकाओं की सुरक्षा, उनके सम्मानजनक जीवन-यापन एवं उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। खेलकूद, राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बैठक में अवगत करवाया गया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वर्तमान में पात्र लाभार्थियों को 51 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत 04 लाभार्थियों को 8 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### रेरा की प्रमुख परियोजनाओं पर दर्ज शिकायतों की हुई समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 25 जून को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित प्रगति बैठक के क्रम में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजीव वर्मा, आईएएस, मुख्य सचिव, चंडीगढ़ ने की। उनके साथ आनंद कुमार, अध्यक्ष, रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा), दिल्ली एवं चंडीगढ़ भी उपस्थित रहे।

बैठक में मंदीप सिंह बराड़ गृह सचिव, दीप्तवं लकड़ा वित्त सचिव, उपायुक्त निशांत यादव, सुश्री पल्लिका अरोड़ा, सचिव रेरा, अमित कुमार अतिरिक्त सचिव (समन्वय) तथा चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ एवं क्रेडाई पंजाब सहित प्रमुख हितधारक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान रेरा की प्रमुख परियोजनाओं, पहले तथा सीपीग्राम्स पर दर्ज शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। चर्चा में रेरा की योजनाओं एवं नियामक उपायों के क्रियान्वयन की स्थिति, प्रगति तथा जन जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष ने रेरा तथा इसके लाभों के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों, गृह-खरीदारों एवं अन्य हितधारकों को रेरा की परियोजनाओं, योजनाओं एवं नियामक व्यवस्था के विषय में जानकारी प्रदान करने हेतु व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

### चाकू दिखाकर उत्तराखंड की लॉ स्टूडेंट से रेप

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल में उत्तराखंड की रहने वाली लॉ स्टूडेंट से उसकी ही सहेली के भाई द्वारा रेप करने का मामला सामने आया है। लड़की का आरोप है कि उसे अपनी सहेली को इस बारे में बताया लेकिन वह मजाक कहकर बात टालती रही। लड़की ने आरोप लगाया कि जब सहेली और उसकी मां बाहर गई तो युवक ने चाकू दिखाकर रेप किया। जब मैंने केस दर्ज कराने की बात कही तो उसकी मां ने मुझे बंधक बना लिया। कैंप थाना पुलिस ने लड़की की शिकायत पर युवक और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित लड़की ने शुक्रवार को पुलिस में दर्ज करवाए बयानों में कहा कि वह पलवल की एक कॉलोनी की रहती है और लॉ की पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई के दौरान मेरी उस लड़की से दोस्ती हो गई। पढ़ाई के साथ-साथ हम फरीदाबाद कोर्ट में लॉ प्रैक्टिस कर रहे हैं। यहां हम किराए पर फ्लैट लेकर रहने लगे। लड़की ने आगे बताया कि मैं अक्सर अपनी सहेली के घर आती जाती थी। उसका भाई विशाल मुझ पर बुरी नजर रखता था। जब मैंने विशाल के बारे में अपनी सहेली को बताया तो उसने मुझे कहा कि यह भाई की मजाकिया आदत है। इसके बाद मैंने फिर गौर नहीं किया। उसने कहा कि 30 जून की सुबह पर मैं अपनी सहेली के घर पर ही थी। तभी वह अपनी मां के साथ बाहर चली गई। घर पर मैं और विशाल अकेले थे। विशाल ने मुझे पकड़ लिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। फिर उसने रेप किया। जब मैंने विशाल के खिलाफ केस दर्ज कराने की बात कही तो उसकी मां ने मुझे पहले धमकाया। फिर घर में बंधक बना लिया। कैंप थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि लड़की ने लिखित शिकायत दी थी। हमने युवक और उसकी मां के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### अनैतिक कार्यों के ठिकानों पर पुलिस की रेड, आठ काबू

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** आर्य नगर थाना पुलिस ने शहर में हो रहे अनैतिक कार्य के दो ठिकानों पर रेड की। एक जूस कॉर्नर और एक होटल से पुलिस ने आठ महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी महिलाओं को अदालत में पेश किया। डीएसपी रवि खुंडिया ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त ठिकाने पर अनैतिक कार्य चल रहे हैं इसी के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को एक जूस की दुकान व एक होटल पर छापेमारी कर आठ महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस कार्रवाई के बाद सभी हिरासत में ली गई महिलाओं को अदालत में पेश किया जाएगा, उन्होंने कहा कि पुलिस सतर्क है और शहर में चलाए जा रहे ऐसे ठिकानों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी रवि खुंडिया ने बताया कि जूस कॉर्नर से एक महिला और होटल से सात महिलाओं को हिरासत में लिया गया है।

# विकास परियोजनाओं में अनधिकृत अनुबंध वृद्धि पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीएम सैनी

## दोषी अधिकारी होंगे चार्जशीट और अनिवार्य सेवानिवृत्त

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी की स्पष्ट पूर्वानुमति के बिना किसी भी विकास कार्य में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) की राशि बढ़ाने के लिए, जिम्मेदार व्यक्तियों चाहे वे विभागीय अधिकारी हों या कंसल्टेंट, के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट आदेश देते हुए कहा कि यदि किसी भी कॉन्ट्रैक्ट में गलत एस्टीमेट तैयार करने के कारण वृद्धि होती है, तो ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। दोषी पाए जाने वालों को चार्जशीट के साथ-साथ अनिवार्य सेवानिवृत्ति भी किया जाए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग से संबंधित कैबिनेट उप समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं में प्रक्रियागत चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सैनी ने कहा कि यदि परियोजना में अतिरिक्त कार्य की आवश्यकता हो, तो सक्षम प्राधिकारी से इसका पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए ताकि कॉन्ट्रैक्ट वर्क में अनाधिकृत वृद्धि न हो सके। उन्होंने विभाग को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विकास परियोजनाओं के सभी निविदा दस्तावेजों में संपूर्ण संरचनात्मक डिजाइन शामिल हों। इसके अलावा, अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए गैर-अनुसूचित मदों (नॉन शेड्यूल आइटम्स) को कम से कम शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए विकास परियोजनाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए अधिकारी ऐसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग अनुराग अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग विनीत गर्ग, आयुक्त एवं सचिव परिवहन टीएल सत्यप्रकाश, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव यशपाल यादव आदि उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सीएससी वीएलई पुरस्कार से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईआरडीटी ऑडिटोरियम, सर्वे चौक, देहरादून में सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) दिवस-2025 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सीएससी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सीएससी वीएलई पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी उस परिवर्तन का प्रतीक है, जो देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है। यह आम लोगों के विश्वास का केंद्र होने के साथ-साथ लोगों की आकांक्षाओं को भी पूरा करता है। सीएससी के माध्यम से शहरों की सेवाएं एक क्लिक में गांव तक पहुंच रही हैं तथा देश की ग्राम पंचायतें डिजिटल पंचायतें बन रही हैं। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में सीएससी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएससी संचालक ग्राम स्तर पर लोगों के जीवन को सरल और सुगम बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएससी संचालक गांव के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहे हैं। सीएससी ने डिजिटल सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने के साथ ही समाज में रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। उत्तराखंड राज्य में 13 हजार से अधिक सीएससी संचालित हैं। इनके माध्यम से यूसीसी पंजीकरण, विभिन्न प्रमाण पत्रों और डिजिटल ट्रांजेक्शन जैसे विभिन्न कार्य हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में सीएससी से जुड़ी नॉलेज इकोनॉमी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया के संकल्प को देश के सामने रखा था, जो आज पूरा होता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति सरकार की स्पष्ट नीति और नियत का उदाहरण है। भारत के गांव-गांव में डिजिटल क्रांति पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

# एमसीसी अपनी मंडी और डे-मार्केट समिति ने आवंटन योजना को दी मंजूरी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

नगर निगम चंडीगढ़ की 'अपनी मंडी एवं डे मार्केट समिति' की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें सदस्य मनोज सोनकर, हरजीत सिंह, योगेश ढींगरा, मनावर, नरेश पंचाल और संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

**डे मार्केट साइट्स का लॉटरी के माध्यम से आवंटन:** जोन ए, बी, सी, डी और ई में डे मार्केट साइट्स के आवंटन के लिए आम जनता से आवेदन मंगवाए जाएंगे। यह प्रक्रिया पारदर्शी ड्रा (लॉटरी) प्रणाली से की जाएगी। यह निर्णय 3 जून 2025 को हुई जनरल हाउस की बैठक में तय संशोधित शर्तों और दरों के आधार पर लिया गया।

**सेक्टर 37 डे मार्केट का रद्द किया जाना:** मैदान स्तर की रिपोर्ट व जन प्रतिक्रिया के आधार पर सेक्टर 37 को डे मार्केट साइट को रद्द कर दिया गया है। इसकी प्रमुख वजह उचित पार्किंग का अभाव, छोटी जगह और आसपास के सेक्टरों में पहले से मौजूद संडे मार्केट से टकराव रहीं। समिति ने दोहराया कि नगर निगम चंडीगढ़ डे मार्केट्स के बेहतर प्रबंधन और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देता है।

# स्कूलों में 9वीं और 11वीं कक्षा में 30 तक होंगे दाखिले

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रदेश के राजकीय व निजी स्कूलों में कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिला लेने से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। शिक्षा विभाग ने दाखिला अवधि अब 30 जुलाई तक बढ़ा दी है। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए निर्देश में कहा गया कि कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिला की अवधि को बढ़ाया गया है। सभी राजकीय व निजी स्कूलों में 30 जुलाई तक दोनों कक्षाओं में दाखिले होंगे। शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी स्कूल दाखिला देने में किसी तरह की आनाकानी न करे।

दरअसल, हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (बीएसईएच) से सम्बद्ध विद्यालयों में प्रवेश की तिथि बढ़ाने की मांग की थी। हसला की ओर से शिक्षा निदेशक को 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिला तिथि बढ़ाने को लेकर पत्र लिखा था।

हसला के प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंधु ने कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिला तिथि बढ़ाने पर सेकेंडरी शिक्षा निदेशक का आभार जताया है।

# जलवायु परिवर्तन पर राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी ने की दूसरी बैठक

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्य योजना 2.0 की राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की दूसरी बैठक का आयोजन यूटी सचिवालय में श्री राजीव वर्मा, आईएएस, मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ की अध्यक्षता में किया गया।

यह बैठक एसएपीसीसी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के रोडमैप पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। इस योजना को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्टीयरिंग कमेटी ऑन क्लाइमेट चेंज की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी। जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्य योजना 2.0 का उद्देश्य 2030 तक जलवायु लचीलापन विकसित करना, उत्सर्जन को कम करना और सतत विकास को शासन व्यवस्था में मुख्यधारा में शामिल करना है। यह योजना पर्यावरण विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा तैयार की गई है और भारत की अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं, दीर्घकालिक निम्न-उत्सर्जन विकास रणनीति और मिशन जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप है। विस्तृत जलवायु मॉडलिंग और संवेदनशीलता आकलन के आधार पर योजना में 2050 तक औसत तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि और अत्यधिक वर्षा की घटनाओं की आशंका व्यक्त की गई है, जिससे शहरी क्षेत्रों में हीट स्ट्रेस और बाढ़ जैसी समस्याएं और अधिक गंभीर हो सकती हैं। प्रमुख पहलों में पुनर्स्थापन करना और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाना शामिल है।

### रिश्वत लेते नगर निगम अधिकारी गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** बीड में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी को सड़क कार्यों के बिल को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर छह लाख रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ा। एसीबी के अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और महाराष्ट्र नगर परिषद के मुख्य अधिकारी चंद्रकांत चव्हाण (35) को वीरवार को रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़ लिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि चव्हाण ने क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए का बिल मंजूर करने के लिए 12 लाख रुपए की मांग की थी। आरोपी अधिकारी को रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने उसके घर की भी तलाशी ली, लेकिन परिसर में कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटिश फाइटर जेट अगले हफ्ते जाएगा वापस

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 की मरम्मत करके अगले हफ्ते तक ब्रिटेन भेज दिया जाएगा। हाइड्रोलिक फेल होने की वजह से जेट उड़ान नहीं भर पा रहा था। अगले कुछ दिनों में विमान उड़ान भरने लायक स्थिति में आ जाएगा। एक भारतीय अधिकारी ने एपी को यह जानकारी दी। विमान ठीक करने के लिए 25 इंजीनियरों की टीम 6 जुलाई को ब्रिटेन से भारत पहुंची थी। यह 14 जून की रात जॉइंट समुद्री अभ्यास के तहत अरब सागर के ऊपर नियमित उड़ान पर था। खराब मौसम और कम ईंधन की वजह से केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस फाइटर जेट में से एक माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### राधिका मर्डर केस : आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गुरुग्राम में पिता ने बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका गुरुग्राम के सेक्टर-57 के सुशांतलोक-2 में गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे महिला टेनिस खिलाड़ी को उसके पिता ने तीन गोली मारकर हत्या कर दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि टेनिस खिलाड़ी के अकादमी चलाने पर नाराजगी के चलते पिता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसी पीठ में गोली मार दी। राधिका यादव को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। (अनंत ज्ञान)

# यूपी के इटावा में सड़क पर 6 फुट गहरे पानी में डूबी बस

एजेंसी, इटावा

उत्तर प्रदेश के इटावा में भारी बारिश के कारण रेलवे अंडरपास में पानी भर गया। इसमें सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्टाफ और छात्राओं से भरी बस 6 फुट गहरे पानी में फंस गई। बस में सवार 24 से अधिक लोगों को एक घंटे बाद बचाया गया। उधर, सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश जारी है। इससे सुदूर युकसोम कस्बे में लकड़ी के दो पुल टूट गए हैं। कई इलाकों से संपर्क टूट गया है। मौसम विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश और राजस्थान के पूर्वी इलाके में तेज बारिश होगी। दोनों राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली समेत 22 राज्यों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में लकड़ी के दो पुल धराशायी**

### बिहार में दो स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति

**केंद्रीय** जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार के दैनिक बाढ़ बुलेटिन में कहा कि देशभर में 20 नदी स्थल बाढ़ के खतरे में हैं, जिनमें से असम में एक और बिहार में दो स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति है। गंभीर बाढ़ की स्थिति वाले स्थल असम के गोलाघाट में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे, और मुजफ्फरपुर तथा गोपालगंज में गंगा की सहायक नदियों बागमती और गंडक के किनारे पर बसे हैं। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार आज झारखंड के 6 जिलों में तेज बारिश होगी। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची के भी कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

## देश-विदेश

### टी. राजा का इस्तीफा भाजपा ने स्वीकारा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तेलंगाना के विधायक टी. राजा सिंह का पार्टी से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। भाजपा के विधायक टी राजा ने पिछले महीने 30 जून को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर आलोचना करते हुए राजा सिंह इस्तीफा सौंपा था। राजा सिंह ने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को लिखे एक पत्र में रामचंदर राव को संभावित अध्यक्ष बनाए जाने पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने इस फैसले को 'लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा झटका और गहरी निराशा' बताया था, और अनुरोध किया था कि इसे उनका त्यागपत्र माना जाए। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक में कन्नड़ अनिवार्य करने पर राज्य-केंद्र सरकार को नोटिस

एजेंसी, बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी। कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी सरकार ने मामले में कोई आपत्ति दाखिल नहीं की है। इस पर बेंच ने कहा कि अपनी मशीनरी तैयार करें, वरना हम अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

#### याचिकाकर्ता ने राज्य के कानूनों को दी है चुनौती

**याचिकाकर्ता** ने कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग एक्ट-2015, कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग रूल- 2017 और कर्नाटक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट रूल-2022 को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि ये तीनों कानून स्टूडेंट्स को अपनी पसंद की तीन भाषाएं चुनने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। इससे उनके रिजल्ट और भविष्य में रोजगार के अवसरों पर खराब असर पड़ सकता है। साथ ही अन्य भाषाएं पढ़ाने वाले टीचरों की आजीविका भी खतरा में पड़ सकती है। याचिका में हाईकोर्ट के पिछले आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें ग्रिड्स कोर्सेज में कन्नड़ अनिवार्य करने संबंधी आदेश पर रोक लगाई गई थी। यह भी साफ किया गया है कि याचिकाकर्ता कन्नड़ पढ़ाए जाने का विरोध नहीं करते, बल्कि अनिवार्य करने पर आपत्ति जताते हैं।

# बांग्लादेश में सेना का कट्टरपंथी पार्टियों को समर्थन

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है। इनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं, मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों से जूझ रही है। हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**हसीना की पार्टी चुनाव से गायब, खालिदा की पार्टी भी मुश्किलों में घिरी**

**सलाह** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने राजनीति में आयु को लेकर दिया बयान, बोले-

# नेताओं को 75 की उम्र के बाद ले लेनी चाहिए रिटायरमेंट

एजेंसी, नागपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। भागवत ने कहा, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है तो समझिए कि दूसरों का मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए।' भागवत ने 9 जुलाई को रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में ये बातें कही थीं। मोदी और भागवत, दोनों इस साल सितंबर में 75 साल के हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मोरोपंत पिंगले ने पूरा जीवन देशसेवा में लगाया, लेकिन एक उम्र के बाद सम्मानपूर्वक पीछे हटने में विश्वास रखते थे। भागवत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### 'यह कैसी घर वापसी'

**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही सरसंघचालक ने उन्हें याद दिलाया कि 17 सितंबर, 2025 को वह 75 साल के हो जाएंगे।' जयराम रमेश ने आगे लिखा, 'प्रधानमंत्री भी सरसंघचालक से कह सकते हैं कि वह भी 11 सितंबर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। एक तीर, दो निशाने!' दरअसल, पीएम मोदी 10 जुलाई को 5 देशों की विदेश यात्रा से लौटे हैं। जयराम रमेश ने इसे ही उनकी घर वापसी बताया।

### क्या खुद पर भी नियम लागू करेंगे मोदी?

**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने मीडिया से कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और जसवंत सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को 75 की उम्र के बाद राजनीति से किनारे कर दिया था। अब देखना होगा कि वे खुद पर भी यही नियम लागू करते हैं या नहीं।'

### भाजपा में कई राज्यों में उम्र की सीमाएं

**भाजपा** के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू की गई हैं। उदाहरण के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 साल और जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा निर्धारित की है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था।

# सेंसेक्स 689 और निफ्टी 205 अंक टूटा

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में लाल निशान पर बंद

एजेंसी, मुंबई

भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाजार आईटी, ऑटो और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से प्रभावित हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 689.81 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 748.03 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरकर 82,442.25 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 205.40 अंक या 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 पर बंद हुआ।

वहीं, एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### क्या रहा सेंसेक्स की कंपनियों का हाल?

**टाटा** कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में जून तिमाही की आय की रिपोर्ट के बाद 3.46 प्रतिशत की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक अन्य प्रमुख पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लगातार 5 गेंद में 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने कैंफर

**एजेंसी, लंदन।** आयरलैंड के कर्टिस कैंफर ने क्रिकेट इतिहास में वह कमाल कर दिया है, जो पहले कभी नहीं हुआ था। कर्टिस कैंफर लगातार 5 गेंद में 5 विकेट लेने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने इंटर प्रॉविंसियल टी20 टूर्नामेंट में यह प्रदर्शन किया। यह प्रोफेशनल क्रिकेट में पहला मौका है जब किसी गेंदबाज ने लगातार 5 विकेट झटके हैं। 26 साल के कर्टिस कैंफर आयरलैंड के स्टार क्रिकेटर हैं। वे आयरलैंड के लिए 111 मैच खेल चुके हैं। इंटर प्रॉविंसियल टी20 टूर्नामेंट में वे मुंस्टर रेड्स के कप्तान हैं। उन्होंने नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ रिकॉर्ड प्रदर्शन कर क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। कर्टिस नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ ऐसे खेले जैसे अकेले ही मैच जीतना चाहते हों। उन्होंने पहले बैटिंग करने उतरी अपनी टीम मुंस्टर रेड्स के लिए पहले सबसे अधिक 44 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी में ऐसा तूफान लाया कि विरोधी टीम 14 ओवर भी क्रीज पर नहीं टिक सकी। मुंस्टर रेड्स ने नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स को जीत के लिए 189 रन का लक्ष्य दिया था। नॉर्थ वेस्ट वॉरियर्स ने इसके जवाब में एक समय 11.4 ओवर में 5 विकेट पर 86 रन बनाए थे। इसके बाद कर्टिस ने 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विल्सन और छठी गेंद पर ग्राहम ह्यूम को आउट किया। कर्टिस ने इसके बाद 14वें ओवर की पहली तीनों गेंदों पर विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### सीआईएसएफ ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में देश का बढ़ाया मान

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान पदक के साथ।

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** सीआईएसएफ इकाई बीएसएलपी सुंदरनगर के उप कमांडेंट विशाल बंसल ने बताया कि बर्मिंघम, यूएसए में हुई वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2025 में सीआईएसएफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 64 पदक जीतकर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। इस अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सभी देशों की पुलिस एवं अग्निशमन सेवाओं के कर्मी विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया था। सीआईएसएफ की टीम ने 6 इवेंट्स में हिस्सा लिया और सभी खिलाड़ियों ने अपने श्रेष्ठ कौशल, दृढ़ निश्चय, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन देते हुए। इस शानदार प्रदर्शन के बल पर भारत ने कुल 560 पदकों के साथ कुल पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीआईएसएफ अपने कर्मियों में फिटनेस, अनुशासन और उत्कृष्टता को निरंतर प्रोत्साहित करता है। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में सीआईएसएफ टीम की सफलता ने वैश्विक मंच पर भारतीय सुरक्षा बलों की शक्ति और संकल्प को सिद्ध किया है।

### जडेजा अपनी पत्नी रिवाबा के साथ

**नई दिल्ली।** भारतीट क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा जैसे अपनी घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। ठीक वैसे ही उनकी पत्नी रिवाबा जडेजा एक फेमस पॉलिटिशियन हैं। रिवाबा की लाइफस्टाइल राजशाही है।

## भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट | दूसरा दिन | जो रूट 5 रन जोड़कर 104 पर आउट

# बुमराह ने पहली पारी में झटके 5 विकेट

**एजेंसी, लंदन**

लाड्र्स में हो रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लॉर्ड्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन पर आउट हो गए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। बुमराह ने पारी में 5 विकेट झटके। उन्होंने इस सीरीज में दूसरी और करियर में 15वीं बार पारी में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने जोफा आर्चर, क्रिस वोक्स, जो रूट बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक को आउट किया। भारत ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर पहला विकेट यशस्वी जायसवाल के रूप में गवां दिया। जायसवाल ने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने जायसवाल को स्लिप पर हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। समाचार लिखे जाने तक टीम इंडिया ने 14 ओवरों में एक विकेट के नुक्सान पर 44 रन बना लिए थे। केएल राहुल (13) और करुण नायर (18) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

5वां विकेट लेने पर बुमराह को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

## मैंने अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर दिया सबसे ज्यादा ध्यान: नीतीश

**एजेंसी, लंदन**

लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन भारत की ओर से सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी ने अपनी सधी हुई गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया। नितीश ने इंग्लैंड की पहली पारी में बेन डकेट और जैक क्रॉली को आउट करते हुए कुल दो विकेट झटके और खास बात यह रही कि दोनों विकेट उन्हें उनके पहले ओवर में ही मिल गए।

भारत के चार तेज गेंदबाजों में सबसे धीमी गति से गेंदबाजी करने वाले नितीश ने 14 ओवर डाले, जो अनुभवी मोहम्मद सिराज के बराबर थे। उन्होंने पूरे दिन बेहतरीन लाइन और लेंथ से गेंदबाजी की और इंग्लैंड को खुलकर रन बनाने नहीं दिए।

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी और उसकी निरंतरता में सुधार करना होगा। मैंने इस पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया है। नितीश ने बताया कि आईपीएल में अपने कप्तान पैट कमिंस और टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मॉर्न मोर्कल से भी उन्होंने काफी कुछ सीखा।

उन्होंने कहा कि पैट कमिंस मेरे कप्तान हैं और ऑस्ट्रेलिया में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मैंने उनसे सुझाव लिए कि कैसे ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी की जाती है। वह अनुभव मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा। इस दौरे पर मॉर्न मोर्कल के साथ काम करना भी मेरे लिए बेहतरीन रहा है। वह पिछले कुछ हफ्तों से मेरे साथ काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबाजी में निरंतरता पर ध्यान दे रहे हैं। मुझे गेंद स्विंग कराने की काबिलियत है और मैं उसे सभी क्षेत्रों में स्थिरता के साथ उपयोग करना चाहता हूं।

पहले दिन की शानदार गेंदबाजी के बाद नितीश ने कहा कि वह सिर्फ टीम की जरूरत के मुताबिक गेंदबाजी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ इस पल का लुत्फ उठाना चाहता था और टीम जो चाहती थी, वैसा ही करना चाहता था। मुझे लगता है कि मैं वही कर पाया और आज की गेंदबाजी से काफी खुश हूं। अब बस कल फिर से उतरकर और विकेट लेने की कोशिश करूंगा। (अनंत ज्ञान)

## रिकॉर्ड तोड़ने के लिए ही होते हैं: लारा

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

बोले-मुल्डर को बनाने चाहिए थे 400 रन

पूर्व वेस्टइंडीज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि वियान मुल्डर को उनके टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर (400 रन) का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच में 367 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन उन्होंने लारा के रिकॉर्ड को पार करने का प्रयास नहीं किया। यह मैच दक्षिण अफ्रीका ने 3 दिन के अंदर ही जीत लिया था।

मुल्डर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में लारा से बात की। उन्होंने कहा, अब जब सब शांत हो गया है, तो मेरी थोड़ी-बहुत बात हुई है ब्रायन लारा से। उन्होंने कहा कि मुझे 400 रन के लिए जाना चाहिए था। लारा ने मुल्डर से कहा, रिकॉर्ड तोड़े जाने के लिए ही होते हैं और अगर तुम दोबारा कभी ऐसे मौके में रहो, तो जरूर 400 रन से ज्यादा बनाना। हालांकि, लारा की राय जानने के बावजूद मुल्डर का मानना है कि उन्होंने जो फैसला लिया, वो उनके लिए सही था। उन्होंने कहा, यह उनकी तरफ से दिलचस्प नजरिया था, लेकिन मैं अब भी मानता हूं कि मैंने जो किया वह सही था। मेरे लिए खेल का सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुक्री कॉनराड ने मजाक में कहा, सुनो, बड़े-बड़े स्कोर को दिग्गजों के पास ही रहने दो। (अनंत ज्ञान)

## मशहूर बल्लेबाज पीटर मूर ने 11 साल तक मचाई धूम, अब लिया संन्यास

**एजेंसी, डबलिन/हरारे**

आयरलैंड और जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज पीटर मूर ने गुरुवार को 35 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने अपने करियर में कुल 15 टेस्ट, 49 वनडे और 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

हरारे (जिम्बाब्वे) में जन्मे मूर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत नवंबर 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच से की थी। उन्होंने 2016 में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। जिम्बाब्वे के लिए उन्होंने कुल 8 टेस्ट, और 49 वनडे व 21 टी20 मैच खेले।

मूर के पास आयरिश पासपोर्ट था, क्योंकि उनकी दादी आयरिश थीं। उन्होंने अक्तूबर 2022 में आयरलैंड के लिए खेलने की पात्रता प्राप्त की और मार्च-अप्रैल 2023 में बांग्लादेश और श्रीलंका दौरे के लिए पहली बार आयरलैंड की टेस्ट टीम में चुने गए। उन्होंने आयरलैंड के लिए कुल 7 टेस्ट मैच खेले। हालांकि, मूर ने आयरलैंड के लिए कभी वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला। जिम्बाब्वे के लिए उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 35.53 की औसत से पांच अर्द्धशतक बनाए थे, लेकिन आयरलैंड के लिए यह औसत गिरकर 14.35 रह गई और उन्होंने सिर्फ एक अर्द्धशतक लगाया। उनका यह अर्द्धशतक जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत में आया था।

पीटर मूर उन 17 क्रिकेटरों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने दो अलग-अलग देशों के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला है। उनका करियर दो देशों के बीच विभाजित रहा, लेकिन उनके जुनून और समर्पण ने उन्हें दोनों टीमों में एक खास पहचान दिलाई। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया दौरा: भारत-ए महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनी राधा यादव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इंडिया-ए महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह बहु-प्रारूप दौरा 7 अगस्त से 24 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा, जिसमें तीन टी20, तीन एकदिवसीय मुकाबले और एक चार दिवसीय मैच शामिल होगा। टीम की कप्तान ऑलराउंडर राधा यादव और उपकप्तान मिन्नू मणि को चुना गया है। इस दौरे का उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव देना और भविष्य की भारतीय टीम के लिए मजबूत विकल्प तैयार करना है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारतीय टीम तीन टी20 मुकाबले 7 अगस्त से मैकाय में खेलेगी। इसके बाद टीम 50 ओवर के तीन मैच ब्रिसबेन के नॉर्थ्स ग्राउंड में खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## यूईएफए महिला यूरो-2025 | स्विट्जरलैंड पहली बार क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, जिनेवा**

स्विट्जरलैंड की रियोला झेमाइली ने फिनलैंड के खिलाफ मुकाबले के अंतिम क्षणों में गोल कर टीम को 1-1 की रोमांचक बराबरी दिलाई और इसके साथ ही मेजबान टीम ने पहली बार महिला यूरो 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस ड्रा के चलते फिनलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ग्रुप-ए में नॉर्वे के बाद स्विट्जरलैंड दूसरे स्थान पर रहा। उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उसने नाटकीय अंदाज में हासिल किया। फिनलैंड के लिए नतालिया कुइक्का ने 79वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर बढ़त दिलाई। यह पेनल्टी तब मिली जब वियोला कैलिगारिस ने एम्मा कोइविस्टो को बॉक्स में गिरा दिया। 101वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं सेंटर-बैक कुइक्का ने आत्मविश्वास के साथ गेंद को गोलकीपर लिविया पेंग के विपरीत दिशा में भेजा।

नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराया

हालांकि, घरेलू दर्शकों के जबरदस्त समर्थन से उत्साहित स्विस टीम ने अंतिम पलों में आक्रामक खेल जारी रखा। 92वें मिनट में जेराल्डीन रयूटेलर का शॉट भले ही सही से नहीं लगा, लेकिन झेमाइली मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने गेंद को गोल में डालकर स्टेड डी जिनेवा का माहौल जश्न में बदल दिया। मैच में स्विट्जरलैंड ने कुल 15 शॉट्स लिए, जबकि फिनलैंड सिर्फ 6 पर ही सिमट गया। अब क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड का सामना ग्रुप बी की विजेता से होगा, जो फिलहाल विश्व चैंपियन स्पेन है। एक अन्य मुकाबले में नॉर्वे ने आइसलैंड को 4-3 से हराकर ग्रुप-ए में लगातार तीन जीत के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया। (अनंत ज्ञान)

## फिडे महिला विश्व कप में हम्पी ने खामदमोवा को हराया

**एजेंसी, बतूमी**

भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरु हम्पी ने उज्बेकिस्तान की अफरुजा खामदमोवा के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलते हुए 1.5-0.5 से मिनी-मैच जीतकर फिडे महिला विश्व कप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, भारत की ही डी हरिका ने अपनी साथी खिलाड़ी पीवी नंधिधा को हराकर अंतिम 32 में जगह बना ली। सफेद मोहरों से खेलते हुए हम्पी ने पूरी तरह नियंत्रण में खेल दिखाया और आगामी मुकाबलों के लिए ऊर्जा बचाते हुए ड्रॉ को स्वीकार किया।

वहीं, हरिका ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नंधिधा को हराया, जो कि जीत के लिए सब कुछ दांव पर लगा चुकी थीं। टूर्नामेंट में दो बार कांस्य पदक जीत चुकी हरिका ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए विरोधी के सफेद मोहरों को निष्क्रिय किया और अंततः जीत दर्ज की। नंधिधा, किरण मनीषा मोहंती के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं। (अनंत ज्ञान)

### भारत की अन्य खिलाड़ियों का भी शानदार प्रदर्शन

आर वैशाली ने कनाडा की ओयूलेट मैली-जेड को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, दिव्या देशमुख ने जॉर्जिया की केसारिया मगेलद्जे को 1.5-0.5 से हराकर भारतीय खेमे में और खुशियां जोड़ दीं। के प्रियांका, जिन्होंने पहले दौर में सभी को चौंकाया था, ने पोलैंड की क्लाउडिया कुलोन के खिलाफ लगातार दो ड्रॉ खेलकर टाईब्रेक में जगह बना ली है। वहीं, वंतिका अग्रवाल के लिए यह दिन थोड़ा निराशाजनक रहा। उन्होंने पहले मुकाबले में पूर्व विश्व चैंपियन अन्ना उशेनिना (यूक्रेन) को हराया था, लेकिन दूसरे गेम में हारने के कारण मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंच गया।

## विंबलडन 2025: वर्बीक-सिनियाकोवा ने रचा इतिहास, जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

**एजेंसी, लंदन**

चेक गणराज्य की कैटेरीना सिनियाकोवा और नीदरलैंड्स के सेम वर्बीक ने गुरुवार (स्थानीय समयानुसार)को विंबलडन 2025 का मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने ब्रिटेन के जो सालिसबरी और ब्राज़ील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 7-6(3), 7-6(3) से हराया।

सेंटर कोर्ट पर घरेलू खिलाड़ी सालिसबरी और उनकी जोड़ीदार स्टेफनी के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में चेक-डच जोड़ी ने संयम और आत्मविश्वास का परिचय दिया। दूसरे सेट में स्टेफनी को पैर में परेशानी भी नजर आई, जिसका असर उनकी मूवमेंट पर पड़ा।

जीत का आखिरी बिंदु कैटेरीना सिनियाकोवा के ओवरहेड स्मैश के साथ आया, जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने खिताबी जीत का जश्न मनाया। यह दोनों की एक साथ पहली खिताबी जीत है। जहां सिनियाकोवा का यह पहला मिक्स्ड डबल्स ग्रैंड स्लैम खिताब है, वहीं 31 वर्षीय वर्बीक के करियर का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। खिताब जीतने के बाद 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने कहा कि यह बहुत खास है। इस टूर्नामेंट में खेलकर और जीतकर बहुत मजा आया। यह एक शानदार अनुभव था।

वहीं, जो सालिसबरी ने हार के बाद कहा कि फाइनल हारना हमेशा दुखद होता है, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया। दोनों टाई-ब्रेकर में वे हमसे बेहतर साबित हुए। इस खिताब के साथ सिनियाकोवा और वर्बीक ने न केवल पहली बार मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता, बल्कि विंबलडन इतिहास में अपनी एक खास जगह भी बना ली। (अनंत ज्ञान)

## कयास | एशियाई क्रिकेट परिषद की मीटिंग में बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने न जाने का किया फैसला

# भारत-श्रीलंका के एक फैसले से एशिया कप के रद्द होने की संभावना!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिकेट एशिया कप 2025 का आयोजन सितंबर में होना है, लेकिन अब इस बड़े टूर्नामेंट पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। भारत और श्रीलंका के एक फैसले से एशिया कप के रद्द होने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की मीटिंग होनी है, लेकिन बीसीसीआई और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए इसमें नहीं जाने का फैसला किया है।

टूर्नामेंट को शुरू होने में 2 महीने से भी कम का समय बचा है। इस बीच टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट ने खलबली मचा दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 24 जुलाई को ढाका में होने वाली एसीसी की बैठक में भारत और श्रीलंका ने शामिल होने से मना कर दिया है।

भारत और बांग्लादेश के राजनीतिक रिश्ते अभी बहुत अच्छे नहीं है, टीम इंडिया का बांग्लादेश दौरा भी रद्द हो गया है। हालांकि, अगस्त में तय इस सीरीज को रद्द करने का कारण बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम संबंधी व्यस्तताओं को बताया लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव भी इसकी एक बड़ी वजह हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और श्रीलंका इसमें शामिल नहीं होगा, बावजूद मीटिंग तय तारीख के अनुसार 24 जुलाई को ही होगी।

### क्या वीडियो कॉल के जरिए मीटिंग में शामिल होंगे भारत और श्रीलंका?

**एक** शीर्ष अधिकारी ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट से बात करते हुए कहा कि हमने सभी सदस्य देशों को अपनी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। अगर कोई सदस्य व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होना चाहता है, तो वह ऑनलाइन तरीके से शामिल हो सकते हैं, बैठक ढाका में होगी।

### कहां होगा एशिया कप 2025 का आयोजन?

**एशिया** कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, इसका मेजबान भारत है, लेकिन यह हाइब्रिड मॉडल में होना है, क्योंकि पाकिस्तान अपने मैच भारत से बाहर खेलेगा, यह दुबई हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसीसी आने बीसीसीआई से औपचारिक रूप से लेटर लिखकर पूछा है कि क्या अब भी बीसीसीआई इसकी मेजबानी करना चाहता है। दरअसल यह भी खबर आई थी कि पूरा टूर्नामेंट ही यूएई में शिफ्ट हो सकता है।